

नई दिल्ली
बुधवार, 1 अक्टूबर 2025
अश्विन मास शुक्ल पक्ष, नवमी वर्ष : 29, अंक : 168
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 32
न्यून. 25

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस आज



haribhoomi.com



भारतीय उच्चायोग बोला, ये सिर्फ तोड़फोड़ नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस से ठीक पहले अहिंसा के विचार और महात्मा गांधी की विरासत पर किया गया एक हिंसक हमला है

# गांधी जयंती से ठीक पहले लंदन में तोड़ी गई महात्मा गांधी की प्रतिमा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कल यानी गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती है। जिसे संयुक्त राष्ट्र (यूएन) द्वारा घोषित अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में भारत ही नहीं बल्कि दुनियाभर के देशों में मनाया जाता है।

इस दिन अहिंसा के सबसे बड़े प्रतीक माने जाने वाले गांधी जी को बेहद सम्मान के साथ याद किया जाता है। लेकिन इससे ठीक तीन दिन पहले ब्रिटेन से एक आहत करने वाली खबर सामने आई है।



जिसमें यह जानकारी मिली है कि लंदन के टैविस्टॉक स्क्वायर पर महात्मा गांधी की प्रतिमा के साथ तोड़फोड़ की गई है। साथ ही मूर्ति के चबूतरे पर कुछ आपत्तिजनक शब्द भी लिखे गए हैं। ब्रिटेन में भारतीय उच्चायोग ने बीते सोमवार को घटना पर दुख जताते हुए इसकी कड़े शब्दों में निंदा की है। साथ ही एक्स पर एक पोस्ट करते हुए कहा कि टैविस्टॉक स्क्वायर पर गांधी जी की प्रतिमा के साथ की गई तोड़फोड़ से उच्चायोग बेहद दुखी है। यह सिर्फ तोड़फोड़ नहीं है। बल्कि अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस से ठीक तीन दिन पहले अहिंसा के विचार और महात्मा गांधी की विरासत ▶▶ शेष पेज 5 पर

### पुलिस ने शुरू की कार्रवाई

वहीं, ब्रिटेन की मेट्रोपोलिटन पुलिस ने मंगलवार को कहा कि वो मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई है। जिसमें इसे एक नस्लवादी अपराध के तौर पर देखा जा रहा है। पिछले रविवार शाम इस संबंध में हमें सूचना मिली थी कि पार्क में प्रतिमा को तोड़ा गया है और उसके चबूतरे पर कुछ आपत्तिजनक शब्द भी लिखे गए हैं। जिसके बाद हमने अपनी जांच शुरू कर दी है। हालांकि अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। लेकिन घटना के दौरान मौजूद लोगों (गवाहों) को पुलिस ने सामने आकर मामले के संबंध में जरूरी जानकारी देने की अपील की है।

### कांसे की थी यह आइकॉनिक प्रतिमा

इंडिया लीग की मदद से बनाई गई यह महात्मा गांधी की यह एक आइकॉनिक कांसे की प्रतिमा थी। जिसका उद्घाटन वर्ष 1968 में किया गया था। जो बापू के यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन में बतौर कानून के छात्र के रूप में बिताए गए दिनों का प्रमाण प्रस्तुत करती थी। प्रतिमा में महात्मा गांधी गहन ध्यान की मुद्रा में बैठे हुए नजर आते हैं। हर साल 2 अक्टूबर को यहां पर समारोह के दौरान राष्ट्रपिता को पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ ही उनके पसंदीदा भजन गाए जाते हैं। चबूतरे पर शिलालेख में लिखा हुआ है 'महात्मा गांधी- 1869-1948'। समय बीतने पर टैविस्टॉक स्क्वायर एक शांति पार्क के रूप में जाना जाने लगा। जिसके चारों ओर चेरी के पेड़ लगे हुए हैं। ये हिरोशिमा में परमाणु बम हमले में मारे गए पीड़ितों की याद में समर्पित किए गए थे। यह पार्क लंदन के उन दो पार्कों में से एक है। जहां पर गांधी जयंती के समारोह आयोजित किए जाते हैं। महात्मा गांधी की दूसरी और नई कांसे की प्रतिमा वेस्टमिनिस्टर में पार्लियामेंट स्क्वायर पर लगाई गई है।

प्रधानमंत्री विशेष रूप से डिजाइन किए गए स्मारक डाक टिकट और सिक्का जारी करेंगे

# प्रधानमंत्री मोदी आज आरएसएस शताब्दी समारोह में भाग लेंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज बुधवार को सुबह 10:30 बजे नई दिल्ली स्थित डॉ. अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। इस अवसर पर, प्रधानमंत्री राष्ट्र के प्रति आरएसएस के योगदान को दर्शाने वाला एक विशेष रूप से डिज़ाइन किये गये स्मारक डाक टिकट और सिक्के को जारी करेंगे तथा उपस्थित जनसमूह को संबोधित भी करेंगे। डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा 1925 में नागपुर, महाराष्ट्र में स्थापित, आरएसएस की स्थापना एक स्वयंसेवक-आधारित संगठन के रूप में की गई थी, जिसका लक्ष्य नागरिकों में सांस्कृतिक जागरूकता, अनुशासन, सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी को बढ़ावा देना था।

प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राष्ट्रीय पुनर्निर्माण के लिए एक अनूठा जन-पोषित आंदोलन है। इसके उदय को सदियों के विदेशी शासन के प्रति प्रतिक्रिया के रूप में देखा गया है, और इसके निरंतर विकास का श्रेय धर्म में निहित भारत के राष्ट्रीय गौरव के इसके दृष्टिकोण की भावनात्मक प्रतिध्वनि को दिया जाता है। संघ का मुख्य उद्देश्य देशभक्ति और राष्ट्रीय चरित्र निर्माण है। यह मातृभूमि के प्रति समर्पण, अनुशासन, संयम, साहस और वीरता का संचार करता है। संघ का अंतिम लक्ष्य भारत का सर्वांगीण उन्नति है, जिसके लिए प्रत्येक स्वयंसेवक स्वयं को समर्पित करता है।

### आपदा में सेवा

पिछली शताब्दी में, आरएसएस ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक कल्याण और आपदा राहत क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आरएसएस के स्वयंसेवकों ने बाढ़, भूकंप और चक्रवात जैसी प्राकृतिक आपदाओं के दौरान राहत और पुनर्वास कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लिया है। इसके अलावा, आरएसएस के विभिन्न सहयोगी संगठनों ने युवाओं, महिलाओं और किसानों को सशक्त बनाने, जनभागीदारी को बढ़ावा देने और स्थानीय समुदायों को मजबूत बनाने में योगदान दिया है। शताब्दी समारोह न केवल आरएसएस की ऐतिहासिक उपलब्धियों का सम्मान करता है, बल्कि भारत की सांस्कृतिक यात्रा में इसके स्थायी योगदान और राष्ट्रीय एकता के संदेश को भी प्रकट करता है।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


### नवमी-मां सिद्धिदात्री



सिद्ध गन्धर्व यक्षाद्यैरसुरैरमरैरपि।
सेव्यमाना सदा भूयात सिद्धिदा सिद्धिदायिनी।

पश्चिम-एशिया में लौटेगी शांति!

# गाजा में संघर्ष समाप्ति की ट्रंप की योजना का प्रधानमंत्री मोदी ने किया स्वागत

*एक्स पोस्ट में बोले पीएम, यह योजना फिलिस्तीनी और इजरायली लोगों के साथ ही व्यापक पश्चिम-एशियाई क्षेत्र के लिए दीर्घकालिक, स्थायी शांति, सुरक्षा और विकास का व्यवहार्य मार्ग प्रदान करती है*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बीते करीब दो साल से गाजा में भीषण युद्ध में उलझे इजरायल और हमास के बीच आखिरकार शांति स्थापित होने की उम्मीद बनती हुई नजर आ रही है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 29 सितंबर को व्हाइट हाउस में इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की मौजूदगी में एक व्यापक '20 सूत्रीय शांति योजना' की घोषणा की है। इजरायल और फिलिस्तीन ने इसे स्वीकार कर लिया है।

लेकिन हमास की तरफ से इस संबंध में अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। जिसके बाद ये स्पष्ट नहीं है कि हमास योजना में शामिल की गई तमाम शर्तों को स्वीकार करेगा या नहीं। इन सबके बीच ट्रंप ने हमास को चेतावनी दी है कि अगर उसने शांति की यह योजना अस्वीकार की तो उसे खत्म किए जाने को लेकर इजरायल की मुहिम को अमेरिका का पूर्ण समर्थन मिलेगा। ▶▶ शेष पेज 5 पर

» ***शांति योजना को इजरायल-फिलिस्तीन ने किया स्वीकार, हमास ने नहीं दी कोई प्रतिक्रिया***

» ***8 अरब और कुछ अन्य मुस्लिम देशों ने संयुक्त बयान जारी कर दिया अमेरिकी राष्ट्रपति की घोषणा को अपना समर्थन***



### भारत को उम्मीद, शांति के लिए होगी एकजुटता

अमेरिका के राष्ट्रपति की घोषणा के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को अपनी एक एक्स पोस्ट में लिखा, 'हम गाजा में दोनों पक्षों के बीच विस्तृत रूप से शांति स्थापित करने की राष्ट्रपति ट्रंप की योजना की घोषणा का स्वागत करते हैं। ये योजना फिलिस्तीन और इजरायल के लोगों के साथ-साथ व्यापक पश्चिम-एशियाई क्षेत्र के लिए दीर्घकालिक और स्थायी शांति, सुरक्षा व विकास का एक व्यवहार्य मार्ग प्रदान करती है। पीएम मोदी ने अपनी पोस्ट में यह आशा भी व्यक्त की है कि सभी संबंधित पक्ष राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पहल के पीछे एकजुट होंगे और संघर्ष को समाप्त करने तथा शांति सुनिश्चित करने के इस प्रयास का समर्थन करेंगे।

**बोले रूवेन अजार, राष्ट्रपति ट्रंप की गाजा में शांति योजना से भारत जैसे देशों को क्षेत्र की पुनर्निर्माण गतिविधियों में भागीदारी करने में मदद मिलेगी**

## अमेरिकी शांति योजना पर पीएम मोदी के रुख का इजरायल के राजदूत ने किया स्वागत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की शांति योजना को लेकर भारत के रुख का नई दिल्ली में इजरायल के राजदूत रूवेन अजार ने स्वागत किया है। उन्होंने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप की गाजा में शांति योजना से भारत जैसे देशों को क्षेत्र की पुनर्निर्माण गतिविधियों में भागीदारी करने में मदद मिलेगी। यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है। क्योंकि भारत मध्य-पूर्व में शांति स्थापना के लिए सकारात्मक भूमिका निभाता रहा है। उन्होंने पीएम मोदी द्वारा राष्ट्रपति ट्रंप की 20 सूत्रीय शांति योजना को लेकर दिए गए समर्थन का स्वागत किया और कहा कि भारत क्षेत्र में सराहनीय रूप से अपना योगदान ▶▶ शेष पेज 5 पर

### विश्व का नया निर्माता भारत

इजरायली राजदूत ने भारत को दुनिया का एक नया निर्माता बताते हुए कहा कि जैसे आप भारत को बना रहे हैं। वैसे हम चाहते हैं कि हमारे क्षेत्र का भी निर्माण भारत करे। आप ऐसा करने में सक्षम हैं। सऊदी अरब द्वारा हाल ही में पाकिस्तान के साथ किए गए शांति समझौते को लेकर अजार ने कहा कि किसी खाड़ी देश का यह एक संप्रभु निर्णय है। जिसके तहत वो ये तय कर रहे हैं कि वो अपने देश को कैसे सुरक्षित करेंगे? इजरायल की तरफ से किसी खतरे की कोई आशंका नहीं है।

इसकी कीमत करीब 4.15 लाख रु. होगी

यह वाहन एक बैटरी से संचालित होता है

## दुनिया का पहला बिना ड्राइवर वाला तिपहिया भारत में लॉन्च

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ओमेगा सेकी मोबिलिटी (ओएसएम) ने भारतीय बाजार में स्वयंगति लॉन्च किया है, जो दुनिया का पहला प्रोडक्शन-रेडी ऑटोनॉमस इलेक्ट्रिक तीन-पहिया वाहन है। इसका वाणिज्यिक रोलआउट तुरंत शुरू हो गया है और बुकिंग भी चालू है। पैसेंजर वैरिएंट की कीमत करीब 4 लाख रु. है। जबकि जल्दी ही लॉजिस्टिक/कार्गो वर्जन लॉन्च किया जाएगा जिसकी कीमत करीब 4.15 लाख रु. होगी। यह वाहन एक बैटरी से संचालित होता है, जो एक चार्ज पर 120 किलोमीटर ▶▶ शेष पेज 5 पर

### खबर संक्षेप

### पवन सिंह भाजपा में लौटे उपेंद्र कुशवाहा से सुलह

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से पहले भोजपुरी स्टार पवन सिंह की भाजपा में वापसी हो गई है। पवन ने मंगलवार को राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा से उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान भाजपा के बिहार प्रभारी विनोद तावड़े भी मौजूद रहे। तावड़े ने कहा कि पवन सिंह भाजपा कार्यकर्ता के रूप में काम करेंगे।



### आज से पर्यटकों के लिए फिर खुलेगा कूनो पार्क

**श्योपुर।** करीब तीन माह से बंद कूनो नेशनल पार्क के दरवाजे अब बुधवार से पर्यटकों के लिए खुल जाएंगे। इसके बाद चीतों का दीदार करने के लिए पर्यटकों की आवाजाही कूनो पार्क में एक बार फिर से शुरू हो जाएगी। पार्क के अधिकारी उम्मीद जता रहे हैं कि नए सीजन में पर्यटकों की संख्या पिछले सालों की तुलना में और बढ़ेगी। वर्तमान में कूनो नेशनल पार्क के खुले जंगल में 15 के करीब चीते विचरण कर रहे हैं।



मुंबई हमले पर चिदंबरम का बड़ा कुबूलनामा

## अमेरिका ने हमें 'जवाबी कार्रवाई' से रोक दिया था



भाजपा बोली-बहुत देर कर दी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय गृहमंत्री पी चिदंबरम ने बड़ा खुलासा किया है कि तत्कालीन यूपीए सरकार ने 2008 के मुंबई आतंकी हमलों के बाद भारी अंतरराष्ट्रीय दबाव और विदेश मंत्रालय के रुख की वजह से पाकिस्तान पर जवाबी कार्रवाई न करने का फैसला किया था। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने स्वीकार किया कि मेरे मन में बदला लेने का विचार आया था, लेकिन सरकार ने सैन्य कार्रवाई न करने का फैसला किया। उनके बयान की भाजपा नेताओं ने तीखी आलोचना की है और कहा कि यह कुबूलनामा बहुत कम और ▶▶ शेष पेज 5 पर

## देश का दूसरा एलिवेटेड रेलवे ट्रैक जल्द हरियाणा वासियों को करेंगे समर्पितः नायब

मुख्यमंत्री ने रेलवे अधिकारियों से ली एलिवेटेड रेलवे ट्रैक की जानकारी



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि देश का दूसरा एलिवेटेड रेलवे ट्रैक शीघ्र ही हरियाणा की जनता को समर्पित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का पहला एलिवेटेड रेलवे ट्रैक भी हरियाणा में ही निर्मित किया गया था और अब दूसरे ट्रैक का काम पूरा हो गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि थानेसर रेलवे प्लेटफॉर्म का निर्माण कार्य प्रगति पर ▶▶ शेष पेज 5 पर

वे 94 साल के थे, एम्स में ली अंतिम सांस

## वरिष्ठ नेता मल्होत्रा का निधन, पीएम मोदी श्रद्धांजलि देने उनके 'घर' पहुंचे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम ने कहा
मल्होत्रा का जीवन सादगी एवं जनसेवा को समर्पण की मिसाल रहा





भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रोफेसर विजय कुमार मल्होत्रा का मंगलवार को दिल्ली के एम्स अस्पताल में निधन हो गया। वे 94 साल के थे। उनका जन्म 3 दिसंबर 1931 को लाहौर शहर में हुआ था।

वीके मल्होत्रा दिल्ली के पूर्व मुख्य कार्यकारी पार्षद और सांसद रह चुके हैं। कुछ दिनों से वह एम्स में भर्ती थे। जहां उनका इलाज चल रहा था और मंगलवार सुबह लगभग 6 बजे उन्होंने दुनिया को अलविदा कह दिया। पीएम नरेंद्र मोदी ने उनके घर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि प्रो. विजय मल्होत्रा का जीवन सादगी एवं जनसेवा को समर्पण की मिसाल रहा, उन्होने दिल्ली में संघ की विचारधारा के विस्तार के लिए जनसंघ काल से बहुत काम किया। उनका जीवन हम सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को सदैव प्रेरणा देता रहा है और देता रहेगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर पोस्ट लिखा कि जनसंघ और भाजपा के ▶▶ शेष पेज 5 पर

दिल्ली एयरपोर्ट पर इमरजेंसी घोषित

फ्लाइट में करीब 200 यात्री सवार थे

## मुंबई से दिल्ली आ रही इंडिगो में बम की धमकी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




इंडिगो की मुंबई से दिल्ली आ रही एक फ्लाइट को मंगलवार सुबह बम की धमकी दी गई, जिसके बाद हड़कंप मच गया। दिल्ली एयरपोर्ट पर सुरक्षा कारणों से पूर्ण आपातकाल घोषित कर दिया गया।

जानकारी के मुताबिक इंडिगो की फ्लाइट 6ई 762 में करीब 200 यात्री सवार थे। सुरक्षा एजेंसियों ने जांच के बाद इस धमकी को गैर-विशिष्ट बताया। यह विमान एयरबस ए321 नियो था और सुबह करीब 7:53 बजे सुरक्षित रूप से दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरा। इंडिगो की तरफ से इस घटना पर बयान भी जारी किया गया। इसमें कहा गया कि फ्लाइट के दौरान एक सुरक्षा खतरे का पता चला था। इसके बाद स्थापित प्रोटोकॉल के तहत संबंधित अधिकारियों को जानकारी दी गई और उनके साथ उचित सहयोग किया गया। जरूरी सुरक्षा जांच के बाद विमान को आगे संचालन की अनुमति मिल गई।

भारतीय व्रत में करते हैं दूध और उसके उत्पाद का उपयोग

अमेरिका द्वारा शुल्क दबाव के बीच भारत का कड़ा रुख

## कड़ा फैसलाः 'नॉन-वेज' दूध की भारत में नो-इंट्री, राष्ट्रपति ट्रंप को लग सकता है बड़ा झटका

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत और अमेरिका के बीच चल रही व्यापार वार्ताओं के बीच भारत ने फैसला किया है कि वह नॉन-वेज दूध आयात को स्वीकार नहीं करेगा। इस फैसले को अमेरिका की ओर से लगने वाले व्यापार दबावों और शुल्क मांगों के बीच लिया गया है। केंद्र सरकार ने दो टूक फैसला दूध की सात्विकता, उससे जुड़े भावनात्मक संबंध जैसे पूजन में उपयोग , व्रतों के फलाहार में उपयोग और देश के दुग्ध किसानो के हितों को ध्यान में रख कर किया है । सत्ता प्रतिष्ठान से जुड़े एक वरिष्ठ नौकरशाह ने बताया, "नॉन-वेज दूध" से तात्पर्य उन डेयरी उत्पादों से है जो गायों को पशु-आधारित आहार (मांस, रक्त, पशु उपोत्पाद आदि) खिलाए जाने पर प्राप्त होते हैं। भारत इस तरह के दूध को सांस्कृतिक, धार्मिक और सार्वजनिक स्वास्थ्य संवेदनशीलता के कारण स्वीकार नहीं करना चाहता। अमेरिका अपनी डेयरी कंपनियों के लिए भारत के बाजार तक पहुंच चाहता है और दबाव बना रहा है कि भारत अधिक खुलापन दिखाए। भारत का रुख है कि आयात दूध केवल उस स्थिति में स्वीकार किया जाएगा यदि यह प्रमाणित हो कि वह गायें 100 फ़ीसदी शाकाहारी आहार पर पाली गई हों। यदि भारत इस तरह की शर्त न लगाए, तो यह मान्यता होगी कि अमेरिका की अधिकांश डेयरी कंपनियाँ शाकाहारी नियमों का पालन नहीं करतीं और आयात को रोकने का यह राष्ट्रीय आर्थिक और सांस्कृतिक निर्णय माना गया।

भारत और अमेरिका के बीच चर्चा की गई व्यापार समझौता की प्रक्रिया में कृषि व डेयरी उत्पादों को शामिल करना चुनौतीपूर्ण हो गया है। अमेरिका ने भारत पर दबाव डाला है कि वह आयात शुल्क में कटौती करे और डेयरी उत्पादों को अधिक खुला बाज़ार दे। लेकिन भारत ने स्पष्ट किया है कि कृषि, डेयरी और जीन-परिवर्तित (जीएम) खाद्य पदार्थ किसी भी व्यापार सौदे में निहायत संवेदनशील क्षेत्र होंगे, और उन पर समझौता नहीं हो सकता। अमेरिका ने भारत को गैर-शुल्क व्यापार अवरोधों वाला देश करार दिया है, जिसमें भारत के डेयरी शर्तें शामिल हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि भारत डेयरी आयात की शर्तों में नरमी लाए, तो सस्ते अमेरिकी डेयरी उत्पादों के कारण भारत की घरेलू डेयरी उद्योग को कठिनाई हो सकती है, विशेषकर छोटे किसानों को। भारत ने ▶▶ शेष पेज 5 पर

## जाम और जलभराव से जूझे लोग

# बरसे बादल, लोगों को मिली उमस भरी गर्मी से राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



राहत मिली। लेकिन बारिश के कारण हुए जलभराव और जाम से लोग परेशान भी हुए। बारिश के बाद यातायात बाधित हो गया, अंडरपास में पानी भर गया और प्रमुख मार्गों पर हजारों यात्री फंस गए। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दिल्ली के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है जिसके तहत मध्यम से भारी बारिश होने, बिजली चमकने और 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की चेतावनी दी गई है। दक्षिण-पश्चिम मानसून अपने सामान्य समय से एक दिन पहले ही 24 सितंबर को दिल्ली से आधिकारिक रूप से विदा हो गया था और इसकी विदाई के एक सप्ताह के अंदर फिर से बारिश हो गई। दिल्ली में 2002 के बाद से इस बार सबसे जल्दी मानसून लौटा है। उस साल 20 सितंबर को मानसून विदा हो गया था।

गुरुग्राम की ओर एनएच-48 पर रेडिसन होटल फ्लाईओवर पर 25 मिनट तक यातायात बाधित रहा जबकि जामिया मिलिया इस्लामिया के पास तिकोना पार्क के समीप वाहन बहुत धीरे-धीरे आगे बढ़े। पीतमपुरा में नेताजी सुभाष प्लेस, महात्मा गांधी रोड, लाजपत नगर में कैप्टन गौड़ मार्ग और आउटर रिंग रोड के कुछ हिस्सों से भी यातायात बाधित होने की खबरें आईं। अधिकारियों ने बताया कि लोक निर्माण विभाग के बाढ़ नियंत्रण कक्ष को जलभराव के संबंध में मंगलवार को लगभग 20 सूचनाएं प्राप्त हुईं। इनमें राजा गार्डन चौक, शाहदरा, वज़ीराबाद पुल, ए-ब्लॉक हरि नगर आदि इलाके शामिल हैं। मथुरा रोड, ओल्ड रोहतक रोड, आईटीओ के कुछ हिस्सों और महात्मा गांधी रोड से जीटी करनाल रोड तक यातायात बाधित रहा। मूसलाधार बारिश के कारण कई प्रमुख सड़कें भी जलमग्न हो गईं और एक वीडियो में देखा गया कि महरौली-बदरपुर रोड में जलमग्न सड़कों पर घुटनों तक पानी के बीच वाहन चल रहे हैं। उत्तर-पश्चिम दिल्ली में जखीरा अंडरपास और यमुना विहार के ब्लॉक सी9 में भी जलभराव की खबर है।

दिल्ली यातायात पुलिस ने एक परामर्श में कहा है कि शास्त्री नगर और केडी चौक से आने वाले वाहनों का मार्ग परिवर्तित कर उन्हें चौधरी नाहर सिंह मार्ग की ओर मोड़ दिया गया जबकि चौधरी नाहर सिंह मार्ग से आने वाले वाहनों को केडी चौक की ओर मोड़ दिया गया। इंद्रलोक चौक के पास भी मार्ग परिवर्तन किया गया है। दिल्ली में सोमवार को अधिकतम तापमान 37.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था जबकि रविवार को यह 38.1 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। रविवार पिछले दो वर्ष में सितंबर का सबसे गर्म दिन था। इससे पहले पांच सितंबर 2023 को पारा 38.6 डिग्री तक पहुंच गया था।

### 3 अक्टूबर तक आंशिक बादल छाए रहने की संभावना

मौसम विभाग ने मंगलवार को बारिश का पूर्वानुमान लगाया था। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक दिल्ली और आसपास के आसमान काले घनघोर बादलों से घिर गया। चारों ओर अंधेरा छा गया और झमाझम बारिश शुरू हो गई। मौसम विभाग के अनुसार, अरब सागर में एक कम दबाव का क्षेत्र बनने से हवाओं में बदलाव की संभावना से प्रदेश में मौसम आमतौर पर 3 अक्टूबर तक परिवर्तनशील रहने और बीच-बीच में आंशिक बादल रहने की संभावना है।





## मानसून ने जाते-जाते सरकार की खोल दी पोल : सौरभ



**नई दिल्ली।** दिल्ली में मंगलवार को हुई भारी बारिश के कारण हुए जलभराव को लेकर आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मानसून ने जाते-जाते भी सरकार की पोल खोल कर रख दी। मंगलवार को दिल्ली में हर तरफ दुर्गाष्टमी की धूम थी और दशहरे में रावण दहन की तैयारियां जोरों पर थी, इस बीच जाते-जाते मानसून ने करवट ली और दिल्ली पानी-पानी हो गई। उन्होंने सोशल मीडिया पर राजौरी गार्डन स्थित रामलीला मैदान में हुए जलभराव में टूट कर जमीन पर पड़े रावण के पुतले वाली वीडियो साझा कर तंज कहा। सौरभ भारद्वाज ने एक और वीडियो पोस्ट कर कहा कि विधानसभा शालीमार बाग में रामलीला मैदान जरा सी बारिश में पानी-पानी हो गया। नालों की डीसिल्टिंग के नाम पर करोड़ों रुपए के ठेके दिए गए। फिर भी बारिश में दिल्ली का बुरा हाल हुआ। हाई कोर्ट के आदेश के बावजूद डीसिल्टिंग की थर्ड पार्टी ऑडिट से सरकार भाग रही है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि मंगलवार को थोड़ी देर की बारिश में ही राजौरी गार्डन में रामलीला के आयोजन स्थल पर जलभराव हो गया। पूरे मैदान में पानी भर गया। इस दौरान रावण का लगा ऊंचा पुतला जमीन पर टूटकर गिर गया। यह भाजपा सरकार के कुप्रबंधन का ही नतीजा है कि रावण भी बहने लगा। उन्होंने कहा कि शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र में भी रामलीला मैदान में पानी भर गया। दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता इसी शालीमार बाग से निर्वाचित हुई हैं। इसके बाद भी जल निकासी का सही प्रबंधन नहीं होने से रामलीला के आयोजन में खलल पड़ गया है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि इस साल हर बारिश में दिल्ली में जगह-जगह भारी जलभराव हुआ। क्योंकि भाजपा सरकार ने दिल्ली के नालों की डीसिल्टिंग नहीं कराई। भाजपा सरकार ने डिसिल्टिंग के नाम पर केवल करोड़ों रुपए का भ्रष्टाचार किया, जिसकी भरपाई आज दिल्ली की जनता कर रही है।

## 10 लाख रुपये की फर्जी लूट का नाटक रचने के आरोप में एक गिरफ्तार



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

उत्तरी दिल्ली के केशवपुरम में 54 वर्षीय व्यक्ति को लूट की झूठी कहानी गढ़कर अपनी बेटी की शादी के लिए अपने नियोक्ता के 10 लाख रुपये हड़पने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि तिलक मार्ग निवासी गुरदेव सिंह ने दावा किया कि सोमवार को प्रेमबाड़ी पुल की ओर जाने वाले रेलवे ओवरब्रिज के पास मोटरसाइकिल सवार दो लोगों ने उसकी स्कूटी रोकी, हमला किया और 10 लाख रुपये नकद तथा सोने की चेन लूटकर फरार हो गए। आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसने अपनी कंपनी की ओर से करोल बाग में एक ग्राहक से पैसे लिए थे और जब वह उन्हें अपने कार्यालय में देने जा रहा था तभी यह कथित वारदात हुई। पुलिस उपायुक्त (उत्तर पश्चिम) भीष्म सिंह ने कहा कि घटनास्थल के निरीक्षण के दौरान सड़क या बाड़ पर कोई फिसलन या टक्कर के निशान नहीं मिले। क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज में भी ऐसी कोई घटना नजर नहीं आई। कड़ी पूछताछ में सिंह ने कबूल किया कि ऐसी कोई लूट नहीं हुई थी। अधिकारी ने बताया कि उसने यह घटना की साजिश इसलिए रची क्योंकि उस पर अपनी बेटी की शादी के लिए पैसों का इंतजाम करने का दबाव था। पुलिस ने सिंह के घर से पूरी 10 लाख रुपये की नकदी बरामद की।


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **राहुल** पुत्र मुन्ना लाल, निवासी-वेगबोन्ड यमुना बाज़ार, कश्मीरी गेट, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 135/2020 धारा 25/27 शस्त्र अधिनियम, थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राहुल** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **राहुल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **राहुल, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 135/2020 धारा 25/27 शस्त्र अधिनियम, थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.11.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**श्री वैभव गर्ग**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-11
केंद्रीय, कक्ष संख्या 138
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

**DP/12459/N/2025**

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82 (2) (ii) Cr.P.C. देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दीपक कुमार पुत्र राम कुमार शर्मा निवासी सी-159, ऋषि गार्डन, नजफगढ़ रोड, नांगलोई, दिल्ली** ने एफआईआर नं. **63/2013, दिनांक 01.03.2013 अन्तर्गत धारा 279/337 आईपीसी, थाना भारत नगर, ज़िला उत्तर-पश्चिम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दीपक कुमार** मिल नहीं रहा(रही) है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दीपक कुमार** फरार हो गया(गई) है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा(रही) है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि एफआईआर नं. **63/2013, दिनांक 01.03.2013 अन्तर्गत धारा 279/337 आईपीसी, थाना भारत नगर, ज़िला उत्तर-पश्चिम, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **दीपक कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.11.2025** को **प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**श्री विवेक बेनीवाल**
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी
कमरा नं. 101, प्रथम तल,
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

**DP/13043/NW/2025**
**(Court Matter)**

### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राजेश गुप्ता पुत्र मंगनी गुप्ता निवासी मकान नंबर 48, अधचीनी, अरबिंदो मार्ग, मालवीय नगर, नई दिल्ली** ने **FIR No. 565/2020, U/S 332/461 DMC Act, अन्तर्गत थाना महरौली, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजेश गुप्ता** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजेश गुप्ता** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 565/2020, U/S 332/461 DMC Act, अन्तर्गत थाना महरौली, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **राजेश गुप्ता** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**श्री आशीष कुमार मीणा**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–01 (दक्षिण)**
**कक्ष संख्या 214**
साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

**DP/13169/SD/2025(Court Matter)**


## अपराध के मामले में देश भर में दिल्ली टॉप पर : आप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की कानून व्यवस्था को लेकर आम आदमी पार्टी ने मंगलवार को कहा कि अपराध के मामले दिल्ली देश भर में टॉप पर पहुंच गई है। आम आदमी पार्टी से विधायक कुलदीप कुमार ने मंगलवार का प्रेसवार्ता में कहा कि एनसीआरबी की 2023 की रिपोर्ट से साफ है कि दिल्ली में सिर्फ अपराध का विकास हो रहा है। इसलिए अपराध के मामले दिल्ली देश भर में टॉप पर पहुंच गई है। कुलदीप कुमार ने भाजपा सरकार से अपील की कि दिल्ली की माताओं-बहनों को सुरक्षित माहौल दो। केंद्रीय गृह मंत्रीअमित शाह दिल्ली पर ध्यान दें और पुलिस को जनता की हिफाजत में लगाएं। उन्होंने कहा कि एनसीआरबी रिपोर्ट बता रही है कि 2023 में दिल्ली में एक फीसद बढ़ा अपराध है और साल भर में कुल 3.23 लाख केस दर्ज हुए है। अपराध ऐसे ही बढ़ता रहा तो, 2025 में सारे रिकॉर्ड टूटने के आसार हैं। वहीं, दिल्ली पुलिस न सिर्फ अपराध रोकने में फेल है, बल्कि चार्जशीट दाखिल करने में भी देशभर में फिसड्डी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में बहन-बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। सुबह पार्क में टहलने वाले बुजुर्ग डरते हैं। लाखों बच्चे स्कूल जाते हैं, लेकिन माता-पिता को बम धमकी की खबर मिलती है। जब बच्चा स्कूल में हो और बम से स्कूल उड़ाने की धमकी आए तो एक पेरेंट्स पर क्या गुजरती होगी? बड़े प्राइवेट स्कूलों को बार-बार बम धमकियां मिल रही हैं, लेकिन केंद्र सरकार का खुफिया तंत्र स्रोत नहीं बता पा रहा। कुलदीप कुमार ने हालिया घटनाओं का जिक्र किया और कहा कि दिल्ली हाईकोर्ट तक को ईमेल से बम से उड़ाने की धमकी मिली है, जिसके बाद पूरा परिसर खाली कराया गया।

## दिल्ली में महिलाओं के साथ अपराध सबसे ज्यादा 2023 में 13,366 मामले दर्ज: एनसीआरबी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में महिलाओं के खिलाफ 2023 में सबसे अधिक अपराध दर्ज किए गए, जहां कुल 13,000 से अधिक मामले सामने आए। एनसीआरबी की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली ने 19 मेट्रो शहरों में दहेज हत्या और बलात्कार के सबसे ज्यादा मामले दर्ज किए। रिपोर्ट में कहा गया है कि दिल्ली में प्रति लाख आबादी के प्ररिप्रेक्ष्य में अपराध दर 14.4 प्रतिशत रही, जो इंदौर और जयपुर से कम है। वर्ष 2023 में शहर में 1,088 बलात्कार के मामले दर्ज किए गए। जयपुर में 573 और मुंबई में 196 मामले सामने आए। रिपोर्ट में बताया गया है कि कुल मिलाकर, 2023 में दिल्ली में महिलाओं के खिलाफ अपराध में 5.59 प्रतिशत की कमी आई, जबकि 2022 में 14,158 मामले थे और 2021 में 13,982 मामले दर्ज किए गए थे। वर्ष 2023 में अपहरण के 3,952 मामले दर्ज हुए। यह दर 52.2 प्रतिशत रही, जो पटना (71.3 प्रतिशत) के बाद दूसरी सबसे अधिक अपहरण दर है।रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली में एसिड अटैक के छह मामले दर्ज किए गए। दिल्ली में दहेज हत्या के 114 मामले दर्ज किए गए, हालांकि यह दर (1.5 प्रतिशत) जयपुर, कानपुर और गाजियाबाद जैसे छह शहरों से कम थी। पति द्वारा महिलाओं के साथ क्रूरता के मामले दिल्ली में सबसे अधिक 4,219 रहे। रिपोर्ट के अनुसार, यौन मामलों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत दिल्ली में बच्चियों के साथ बलात्कार के सबसे ज्यादा मामले 1,048 दर्ज हुए। इसके विपरीत, महिलाओं के खिलाफ साइबर अपराध अपेक्षाकृत कम रहे, वर्ष 2023 में केवल 36 मामले दर्ज किए गए। बेंगलुरु (127), हैदराबाद (53) और लखनऊ (41) में अधिक मामले सामने आए। इनमें यौन सामग्री प्रकाशित करना या भेजना, ब्लैकमेल, मानहानि, फर्जी प्रोफाइल बनाना जैसे अपराध शामिल थे।

## युवा कांग्रेस ने राहुल को धमकी मामले में शिकायत दर्ज कराई



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय युवा कांग्रेस ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के एक पूर्व नेता द्वारा राहुल गांधी को जान से मारने की धमकी दिए जाने को लेकर मंगलवार को दिल्ली पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई। युवा कांग्रेस की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, एबीवीपी के पूर्व नेता प्रिंटू महादेव के खिलाफ दिल्ली पुलिस के समक्ष ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई गई और उचित कानूनी कार्रवाई का आग्रह किया गया। युवा कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावरू ने कहा कि यह केवल राहुल गांधी जी को दी गयी धमकी नहीं है, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की आत्मा के खिलाफ भी है। यह दिखाता है कि राहुल जी की सत्य, न्याय और संविधान के लिए निडर लड़ाई से भाजपा कितनी विचलित हो गई है। इस तरह की भाषा उनके राजनीतिक दिवालियापन को उजागर करती है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब ने कहा कि भाजपा को स्पष्ट करना चाहिए कि क्या वह इस तरह की धमकी का समर्थन करती है। युवा कांग्रेस के विधि विभाग के प्रमुख रुपेश सिंह भदौरिया ने कहा कि भाजपा और इसके सहयोगियों द्वारा प्रचारित नफरत और धमकाने की राजनीति न केवल अपराध है, बल्कि भारत के लोकतांत्रिक ताने-बाने पर प्रत्यक्ष हमला है। हम इस जहरीली विचारधारा से हर स्तर पर लड़ेंगे।

### बेटियों की पढ़ाई, कोचिंग, स्किल डेवलपमेंट, स्व-रोजगार और खेलों में सरकार करेगी सहयोग

# गरीब और वंचित वर्ग की बेटियों के सपने दिल्ली सरकार करेगी पूरा : रविंद्र इंद्राज

हरिभूमि न्यूज, नई दिल्ली।



गरीब और वंचित वर्ग की बेटियों के सपने दिल्ली सरकार पूरा करेगी, बेटियाँ आगे बढ़ें उनकी पढ़ाई, कोचिंग, स्किल डेवलपमेंट, स्व-रोजगार और खेलों में सरकार पूरा सहयोग करेगी। यह बात समाज कल्याण विभाग मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने मंगलवार को दुर्गा अष्टमी के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कही। नवरात्रि के पावन अवसर पर मंत्री इंद्राज ने बवाना की जेजे कॉलोनी में 101 कन्याओं का पूजन कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। मंत्री इंद्राज ने कहा कि यह मेरे लिए सौभाग्य का क्षण है। इन नन्हीं देवियों की निश्छल मुस्कान और आशीष में मां दुर्गा का साक्षात स्वरूप और शक्ति का अनुभव हो रहा है। उन्होंने कहा कि बेटियां जन्म से ही सुंदर और शक्तिशाली होती हैं। उनका पूजन हमारी संस्कृति और सनातन धर्म की अद्भुत विशेषता है। इस अवसर पर मंत्री इंद्राज ने दिल्ली सरकार द्वारा महिलाओं और बेटियों के सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बेटियों की शिक्षा के लिए चल रही योजनाओं का लाभ एससी, एसटी, ओबीसी और गरीब परिवारों की बच्चियों को मिल रहा है। मुख्यमंत्री विद्यार्थी प्रतिभा योजना, डॉ. बी. आर. आंबेडकर स्टेट टॉपर अवॉर्ड, प्री-मैट्रिक एवं पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति तथा कॉलेज और विश्वविद्यालय स्तर की मेरिट स्कॉलरशिप जैसी योजनाएं बेटियों की अच्छी शिक्षा में सहायक हैं। प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को लैपटॉप और खेलों में करियर बनाने के लिए बेहतर खेल सुविधाएं भी सरकार की योजनाओं में हैं।

### मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बेटियों की शिक्षा और आत्मनिर्भरता के लिए कई पहल की

इंद्राज ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बेटियों की शिक्षा और आत्मनिर्भरता के लिए कई पहल की हैं। इनमें पॉलिटेक्निक, आईटीआई और स्किल डेवलपमेंट कोर्स करने वाले एससी छात्र-छात्राओं को प्रति माह एक हजार रुपये वित्तीय सहयोग देने की योजना है। तिमारपुर में अटल दृष्टि हॉस्टल के माध्यम से 96 दृष्टिबाधित कॉलेज जाने वाली छात्राओं के लिए विशेष छात्रावास की सुविधा विकसित की गई है। दिव्यांग बेटियों और महिलाओं को उच्च गुणवत्ता वाले सहायक उपकरण दिए जा रहे हैं। इंद्राज ने कहा कि महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा, शिक्षा और सशक्तिकरण के लिए महिला श्रमिकों के बच्चों के लिए पालना केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। 75 वर्ल्ड क्लास सीएम श्री स्कूल खोलने की योजना हैं। महिलाओं को 2500 रुपये प्रतिमाह सहायता देने के साथ ही दो सखी निवास छात्रावास तैयार करने जैसी योजनाएं सरकार की संवेदनशीलता दिखाती हैं। इंद्राज ने कहा कि हमारी सरकार का प्रयास है कि दिल्ली की हर बेटी सुरक्षित, शिक्षित और आत्मनिर्भर बने। नवरात्रि का यह पर्व हमें यह संकल्प लेने की प्रेरणा देता है कि हम अपनी बेटियों के अधिकारों, अवसरों और सम्मान की रक्षा करें।


### उत्तर रेलवे

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियन्ता/निर्माण, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद निम्नलिखित कार्य के लिए **(एकल पैकेट प्रणाली)** के अन्तर्गत खुली ई–निविदा आमंत्रित करते हैं:–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ई–निविदा एनआईटी सं. | 17–विद्युत/नि./टी.आर.डी./एम.बी./140 |
| 2 | कार्य का नाम व स्थान | मुरादाबाद मण्डल के रोजा–सीतापुर सिटी खण्ड में रोजा में क्रास ओवर शिफ्टिंग, सीतापुर के कि.मी. 78/130.201 पर गेट सं. 51 स्पेशल के बदले आरओबी, रोजा–सीतापुर सिटी खण्ड में डाउन मैन लाईन के कि.मी. 14/305.923 पर ब्रिज सं. 13 एवं सेक्शनिंग पोस्ट सीतापुर सिटी के विद्युतिकरण हेतु 25 हजार वोल्ट सिंगल फेज ओ.एच.ई. की डिजाइन, सप्लाई, इरेक्शन, टेस्टिंग व कमीशनिंग का कार्य। |
| 3 | कार्य पूरा करने की अवधि | 12 (बारह) माह |
| 4 | कार्य की अनुमानित लागत | रुपए 1,82,17,550.11 |
| 5 | बयाना राशि जो जमा की जानी है (निविदा दस्तावेज के खण्ड 3.0 के अनुसार) | रुपए 2,41,100/– |
| 6 | ई–निविदा जमा करने एवं ई–निविदा खुलने की तिथि व समय | निविदा दिनांक 24.10.2025 समय 11:30 बजे तक आईआरईपीएस की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड कर सकते हैं। निविदाकर्ता ई–निविदा में भाग ले सकते हैं। निविदा दिनांक 24.10.2025 समय 11:30 बजे खोली जाएगी। |
| 7 | निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्र की जानकारी | विस्तृत ई–निविदा एवं निविदा प्रपत्र आईआरईपीएस की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा प्रपत्र आईआरईपीएस की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर दिनांक 10.10.2025 से दिनांक 24.10.2025 तक जमा करने के लिए उपलब्ध रहेगा। निविदाकर्ता जो ई–निविदा में भाग लेने को इच्छुक है उनको सलाह दी जाती है कि उपरोक्त वेबसाइट पर अपना ई–पंजीकरण करा ले जिसके लिए उन्हें क्लास III डिजीटल प्रमाणपत्र की आवश्यकता होगी (यदि पहले से उपलब्ध नहीं है), जो आई टी नियम–2000 के अन्तर्गत सीसीए द्वारा जारी की जाएगी। उपरोक्त निविदा के अन्य सभी नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में दिये गये हैं। केवल ई–निविदाएं ही स्वीकार की जाएंगी तथा किसी अन्य रूप में प्रस्तुत निविदाएं तुरन्त अस्वीकार कर दी जाएंगी। |

सं.: 17–विद्युत/नि./टी.आर.डी./एम.बी./140 दिनांक: 30.09.2025 3021/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ




## ‘देवी माता के आशीर्वाद से सबका कल्याण हो’

# प्रधानमंत्री मोदी ने सीआर पार्क के पूजा पंडाल में की मां दुर्गा की पूजा अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को महा अष्टमी के अवसर पर दक्षिणी दिल्ली के सीआर पार्क में दुर्गा पूजा पंडाल का दौरा किया और मंत्रोच्चार के बीच देवी दुर्गा मां की आराधना की। प्रधानमंत्री ने क्षेत्र के प्रतिष्ठित काली बाड़ी मंदिर में आरती भी की और पारंपरिक बंगाली संस्कृति के अनुसार आयोजित समारोह में हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री मोदी के दौरे के मद्देनजर दक्षिण दिल्ली के इलाकों में भारी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी और कई मांगों को लेकर यातायात परामर्श जारी किये गए थे। नवरात्रि के पावन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देवी मां की पूजा-अर्चना की तथा सभी लोगों के कल्याण और उत्थान के लिए उनके दिव्य आशीर्वाद की कामना की। इस दौरान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी मौजूद रहीं। प्रधानमंत्री ने ‘एक्स’ पर एक पोस्ट में लिखा कि देवी मां के चरणों में नमन और वंदन! उनसे कामना है कि सभी के दुखों को दूर कर उनके जीवन में नए तेज का संचार करें। देवी माता के आशीर्वाद से सबका कल्याण हो। इससे पहले सुबह प्रधानमंत्री ने महाअष्टमी पर सभी को शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री न एक्स पर लिखा कि यह पावन अवसर सभी के जीवन में सुख, शांति और उत्तम स्वास्थ्य लेकर आए। पीएम मोदी ने देवी का स्तुति पाठ भी साझा किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि सभी देशवासियों को नवरात्रि की महा अष्टमी की ढेरों शुभकामनाएं। मेरी कामना है कि यह पावन अवसर हर किसी के जीवन में सुख, शांति और उत्तम स्वास्थ्य लेकर आए।



### सीएम रेखा ने 'दुर्गा अष्टमी' के पावन पर्व की दी शुभकामनाएं

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने समस्त देशवासियों को मंगलवार को 'दुर्गा अष्टमी' के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने एक्स पर लिखा कि यह महापर्व केवल भक्ति का प्रतीक नहीं, अपितु शक्ति, साहस, धैर्य और सद्भावना का प्रतीक है। नवरात्रि के इस मंगल अवसर पर मां दुर्गा की आराधना से प्राप्त दिव्य ऊर्जा हमें सत्य, धर्म और कर्तव्यनिष्ठा के पथ पर निरंतर अग्रसर रहने की प्रेरणा देती है और समाज तथा राष्ट्र की सेवा में समर्पित रहने का संकल्प और दृढ़ करती है। मां दुर्गा की अनंत कृपा से हमारे जीवन में सुख, शांति, स्वास्थ्य और समृद्धि का अनवरत प्रवाह बना रहे, ऐसी मंगल कामना है। जय माता दी।

## केदारनाथ साहनी-मदन लाल खुराना-वीके मल्होत्रा' युग का हुआ अंत

# दिल्ली भाजपा के वरिष्ठ नेता मल्होत्रा का निधन, पीएम मोदी ने बताया बड़ी क्षति

- अमित शाह, जेपी नड्डा, रेखा गुप्ता और सचदेवा ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली प्रदेश भाजपा के प्रथम अध्यक्ष प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा का मंगलवार को 94 की उम्र में निधन हो गया। दिल्ली के एम्स अस्पताल में वे लंबे समय से भर्ती थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने दिवंगत मल्होत्रा के निधन पर शोक जताते हुए इसे पार्टी के लिए बड़ी क्षति बताया। प्रधानमंत्री मोदी ने विजय कुमार मल्होत्रा के निवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी।

### दिल्ली में भाजपा को खड़ा करने में मल्होत्रा की रही बड़ी भूमिका

दिल्ली की राजनीति के कद्दावर नेता एवं जनसंघ के दौर के अंतिम नेताओं में शामिल विजय कुमार मल्होत्रा खेल और पत्रकारिता के अलावा भी कई पेशेवर क्षेत्रों में रुचि रखते थे। सुबह छह बजे उनके निधन की घोषणा होते ही राष्ट्रीय राजधानी स्थित उनके आवास के बाहर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। पार्टी के एक नेता ने कहा कि उनके निधन के साथ ही दिल्ली में 'केदारनाथ साहनी-मदन लाल खुराना-वीके मल्होत्रा' युग का अंत हो गया। उस दौर में जब भाजपा का दिल्ली में बहुत कम प्रभाव था, तब इन तीनों नेताओं ने पार्टी को मजबूती से टिकाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और मजबूत कांग्रेस के खिलाफ पार्टी को बचाए रखने में योगदान दिया। मल्होत्रा का जन्म तीन दिसंबर, 1931 को पाकिस्तान के लाहौर में हुआ था। विभाजन के बाद उनका परिवार दिल्ली में बस गया। वह दिल्ली भाजपा के शुरुआती नेताओं में से एक थे, जो विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रहे और 2008 के चुनाव में उन्हें पार्टी के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में पेश किया गया। हालांकि इस चुनाव में कांग्रेस की जीत हुई और शीला दीक्षित मुख्यमंत्री बनी रहीं। मल्होत्रा 2004 के लोकसभा चुनाव में दिल्ली से भाजपा के एकमात्र विजेता थे। इस चुनाव में अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाले भाजपा-नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की हार हुई थी। वह 1972 से 1975 तक दिल्ली में भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष रहे और 1980 में भाजपा की स्थापना के बाद पार्टी की दिल्ली प्रदेश इकाई के पहले प्रमुख भी बने। मल्होत्रा ने हिंदी साहित्य में ‘डॉक्टरेट' की उपाधि हासिल की थी और (वह) दिल्ली में शतरंज एवं तीरंदाजी क्लबों का संचालन करते थे। दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने मल्होत्रा को श्रद्धांजलि देते हुए उन्होंने मल्होत्रा को दिल्ली का पहला विकास पुरुष बताया। वर्ष 1967 से 1971 के दौरान मल्होत्रा के महानगर परिषद का अध्यक्ष रहते हुए पटेल नगर को मोती नगर से जोड़ने वाले शहर के पहले फ्लाईओवर का निर्माण हुआ था। मल्होत्रा भारतीय ओलंपिक संघ, भारतीय तीरंदाजी संघ और अखिल भारतीय खेल परिषद के अध्यक्ष भी रहे।



# नवरात्रि पर जीडीए का तोहफाः मधुबन बापूधाम योजना के 160 परिवारों को मिला आशियाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने मंगलवार को नवरात्रि पर मधुबन बापूधाम योजना के 160 परिवारों को आशियाना दिया। आज आवंटियों को नंबरिंग ड्रा किया गया। जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने बताया कि जीडीए ने जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए नवरात्रि के शुभ अवसर पर मधुबन बापूधाम योजना के कुल 160 आवंटियों के लिए भूखण्डों को अन्यत्र स्थान पर शिफ्ट किये जाने के पश्चात नए भूखण्डों का नम्बरिंग ड्रॉ हिंदी भवन, लोहिया नगर में किया गया। जिसमें पारदर्शिता का पूरा ध्यान रखा गया।



## नए भूखण्डों का नम्बरिंग ड्रॉ , लंबे समय से इंतज़ार कर रहे थे आवंटी



आवंटियों का संतोष ही हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। हमें प्रसन्नता है कि हम नवरात्रि जैसे शुभ अवसर पर परिवारों को राहत दे पा रहे हैं।

-अतुल वत्स उपाध्यक्ष जीडीए

उन्होंने बताया कि मधुबन बापूधाम के पॉकेट-ई में वर्ष 2010 से 2012 के मध्य शमशान घाट के समीप आवंटित भूखण्डों जिनमें 115 वर्ग मी0 के 50 भूखण्डों, 60 वर्ग मी0 के 89 भूखण्डों, 40 वर्ग मी0 के 21 भूखण्डों के आवंटियों के द्वारा पिछले कई सालों से प्रभावित आवंटियप्राधिकरण से लगातार अनुरोध किया जा रहा था कि उन्हें वैकल्पिक स्थान प्रदान किया जाए। इस विषय को गंभीरता से लेते हुए प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने उन्होंने व्यक्तिगत रूप से स्थिति की समीक्षा की और शीघ्र समाधान हेतु ठोस कदम उठाए। उनके निर्देश पर नई योजना के तहत लेआउट को दोबारा तैयार किया गया, जिसे प्राधिकरण बोर्ड से विधिवत अनुमोदन भी प्राप्त किया। उन्होंने कहां कि प्राधिकरण का लक्ष्य है कि हर आवंटी को ऐसा घर मिले जहा उनका परिवार सुरक्षित, स्वस्थ और गरिमापूर्ण जीवन व्यतीत कर सके।

## खबर संक्षेप

### फरीदाबाद पांच पुलिसकर्मी हुए सेवानिवृत



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस परिवार के 5 सदस्यों का विदाई समारोह का आयोजन कार्यालय पुलिस आयुक्त सेक्टर 21 सी में किया गया। पुलिस उपायुक्त मुख्यालय अभिषेक जोरवाल, भलाई निरीक्षक व अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे। पुलिस विभाग में सेवा देने वाले इंस्पेक्टर दुलीचंद, सुभाष चंद, नरेंद्र सिंह, झम्मन सिंह व इंस्पेक्टर लालचंद की सेवानिवृति पर विदाई पार्टी आयोजित की गई।

### जालसाज ने पड़ोसी बनकर 51 हजार ठगे




**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम मानेसर एरिया में जालसाज ने पड़ोसी बनकर इंडियन ऑयल कंपनी कर्मी से 51 हजार रुपए ट्रांसफर करा लिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। मानेसर के वार्ड नंबर 11 में रहने वाले श्री भगवान ने बताया कि वह इंडियन ऑइल कंपनी गुरुग्राम में नौकरी करते है। 30 अगस्त को रात करीब 9:30 बजे उनके मोबाइल पर अनजान नंबर से कॉल आई।

### अभियोगों में बरामद नशीले पदार्थ किए गए नष्ट



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस द्वारा नशा तस्करों पर प्रहार करके मादक पदार्थों को जब्त किया जा रहा है और समय-समय पर इन मादक पदार्थों को नष्ट भी किया जाता है। पुलिस द्वारा विभिन्न मुकदमों में बरामद किए गए पदार्थों को आयुक्त सतेंद्र गुप्ता की अध्यक्षता वाली ड्रग्स डिस्पोजल कमेटी ने आग के हवाले कर नष्ट किया है।

## राष्ट्रीय महिला आयोग की चेयरपर्सन ने किया निगम मुख्यालय का दौरा

# महापौर प्रवीण बत्रा जोशी से मिलकर दी रिकार्ड जीत की बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

राष्ट्रीय महिला आयोग की चेयरपर्सन तथा पूर्व में राष्ट्रीय बाल आयोग की अध्यक्ष व भाजपा की राष्ट्रीय सचिव रहीं विजय राहटकर ने निगम मुख्यालय पहुंच कर फरीदाबाद की प्रथम सीधी चुनी महापौर श्रीमती प्रवीण बत्रा जोशी से मुलाकात की तथा उनको देश में सर्वाधिक मतों से जीत कर रिकार्ड बनाने पर बधाई दीं। श्रीमती राहटकर ने कहा कि वह भी मेयर रहीं हैं, पर श्रीमती जोशी इस कारण अन्य मेयरों से अलग हैं। उन्होंने पहली बार ही सीधे मतदान में देश में सर्वाधिक अंतर से जीतने का रिकार्ड बना कर महिला शक्ति को श्रेष्ठ उदाहरण पेश किया है।

इस मौके पर प्रवीण बत्रा जोशी ने पूर्व में राजस्थान भाजपा की प्रभारी रहीं विजय राहटकर का फरीदाबाद पहुंचने पर जोरदार स्वागत करते हुए कहा कि वह उनकी बड़ी बहन है तथा उनके अनुभव का पहले उन्होंने हरियाणा बाल सुधार आयोग की चेयरपर्सन रहते हुए काफी फायदा लिया था तथा अब क्योंकि उनको महापौर पद का भी अनुभव है तो उन्होने इस संदर्भ में भी उनसे विस्तार से चर्चा की है तथा दिए सुझावों को फरीदाबाद नगर निगम में लागू किया जाएगा।

## प्रदेश की महिलाओं को राजनीति के क्षेत्र में आगे आना चाहिएः जोशी



उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महिला आयोग की चेयरपर्सन ने कहा कि प्रवीण बतरा जोशी जिस प्रकार की सोच रखती हैं उसका निश्चित तौर पर फरीदाबाद को फायदा होगा, उन्होंने कहा कि श्रीमती जोशी ने भाजपा संगठन विशेषकर महिला मोर्चा को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई है, वह उससे आज भी सीख लेतीं हैं और उनका मानना था कि फरीदाबाद नगर निगम में ढांचागत सुधार की जो पहल महापौर प्रवीण बत्रा जोशी ने शुरु की है वह पूरे देश के लिए मिशाल बनेगी।

श्रीमती विजय राहटकर ने कहा कि आने वाला युग महिलाओं का है और वह फरीदाबाद की जनता को बधाई देना चाहतीं हैं कि उन्होंने भविष्य को पहचानते हुए एक ऐसी महिला को फरीदाबाद के प्रथम नागरिक के पद पर आसीन किया है जो कि महिला शक्ति का जीता जागता उदाहरण है। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद की महिलाओं को ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश की महिलाओं को श्रीमती जोशी से सीख लेकर अपने आप को समाज व राजनीति के क्षेत्र में आगे लाना चाहिए।

### शहर की जनता ने अपनी बौद्धिक क्षमता का परिचय दिया हैं

उन्होने कहा कि प्रवीण बत्रा जोशी को मेयर चुन कर इस शहर की जनता ने अपनी बौद्धिक क्षमता का परिचय दिया हैं। उन्होंने कहा कि यूं तो हरियाणा राज्य महिला आयोग पूरी तरह से सक्रिय है, लेकिन उसके बावजूद यदि कभी भी उनकी किसी भी प्रकार की सहायता की जरुर इस शहर की महिलाओं को होगी, वह उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी हैं।

# द्वितीय दिवाली उत्सव मेला 2 अक्टूबर से सूरजकुंड में आयोजित होगा, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

700 के करीब पुलिस कर्मचारी किए जाएंगे तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

पर्यटन विभाग, हरियाणा सरकार द्वारा द्वितीय दिवाली उत्सव मेला का सूरजकुंड में आयोजन किया जा रहा है। यह मेला 2 से 7 अक्टूबर तक चलेगा। मेला ड्यूटी के लिए फरीदाबाद पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम कर लिये गये हैं। पुलिस उपायुक्त एनआईटी मकसूद अहमद मेला ड्यूटी के नोडल अधिकारी होंगे, जिनकी देखरेख में करीब 700 पुलिस कर्मचारियों को ड्यूटी पर नियुक्त किया गया है।

पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने बताया कि पर्यटन विभाग द्वारा 2 से 7 अक्टूबर तक सूरजकुंड में द्वितीय दिवाली उत्सव मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसके मद्देनजर फरीदाबाद पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। सुरक्षा की दृष्टि से मेला परिसर को ड्यूटी के लिए 5 जॉन में बांटा गया है। प्रत्येक जोन में निरीक्षक स्तर के अधिकारी को प्रभारी नियुक्त किया गया है। मेला के आसपास पांच स्थानों पर नाकाबंदी लगाई गई है, मेला ड्यूटी के लिए कमांडो, स्वैट टीम भी नियुक्त किया गया है। 3 स्थानों पर सामान्य पार्किंग की व्यवस्था की गई है, होटल फिंच के सामने व दिल्ली गेट के पास महा स्टेज मैदान पर सामान्य पार्किंग की व्यवस्था है, जहां पर पर्याप्त संख्या में ट्रैफिक पुलिस बल लगाया गया है। मेला के दौरान मकसूद अहमद, पुलिस उपायुक्त एनआईटी के नेतृत्व में करीब 700 पुलिस कर्मचारी ड्यूटी पर नियुक्त किए गए हैं। फरीदाबाद पुलिस की आमजन से अपील है कि शांतिपूर्ण तरीके से मेला का आनंद लें, मेला के दौरान अराजकता व अशांति ना फैलाएं।

# दशहरा पर शहर में नहीं लगेगा जाम, पुलिस ने किया रुट डायवर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

विजय दशमी के मद्देनजर गाजियाबाद पुलिस कमिशनरेट ने यातायात वर्जन किया है। वाहनों की पार्किंग के लिए अलग से स्थानों का चिन्हीकरण किया है। यह व्यवस्था दो अक्टूबर को दोपहर एक बजे शुरू होकर कार्यक्रम समाप्ति तक प्रभावी रहेगी। पुलिस द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार रामलीला मैदान घंटाघर साजन मोड़ से घंटाघर एवं मेरठ तिराहा से रामलीला मैदान/चौधरी मोड़ के मध्य नो एंट्री के प्रतिबंध रात्रि 03:00 बजे तक प्रभावी रहेंगे। सभी प्रकार के वाणिज्यिक (हल्के/मध्यम/भारी) वाहनों एवं बसों का परिचालन पुराना जी0टी0 रोड पर हापुड़ तिराहा से चौधरी मोड़ के मध्य तक पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। लाल कुआं की ओर जाने वाले उपरोक्त सभी वाहन हापुड़ तिराहा से पुराना बस अड्डा होते हुए अम्बेडकर रोड़ से चौधरी मोड़ होकर आवागमन करेंगे। पटेलनगर पुल चढाव से चौधरी मोड के मध्य सभी प्रकार के वाणिज्यिक (हल्के/ मध्यम/ भारी) वाहनों एंव बसों का परिचालन प्रतिबन्धित रहेगा। गऊशाला फाटक से आने वाले सभी प्रकार के वाणिज्यिक वाहन जस्सीपुरा से घण्टाघर की ओर नहीं आ सकेंगे, अपितु ये वाहन हापुड़ तिराहा होकर अपने गंतव्य को जा सकेंगे।

### हत्या के मामले में 2 आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा डीएलएफ की टीम ने सराय ख्वाजा थाना क्षेत्र के अंतर्गत नवल की हत्या के मामले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

सराय निवासी एक महिला ने दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि 28 सितंबर को दोपहर के समय उसका पति नवल, योगेन्द्र यादव के साथ घर से निकला था, जो रात को घर वापस नही लौटाए जब सुबह अपने पति को तलाश किया तो योगेंद्र यादव के किराये के मकान में उसका पति वहां घायल अवस्था में मिला, जिसको इलाज के लिए अस्पताल लाया गया, जहां पर डॉक्टर ने उसको मृत बताया।

शिकायत पर थाना सराय ख्वाजा में हत्या से संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। अभिजीत कुमार झा व योगेन्द्र निवासी सराय ख्वाजा फरीदाबाद को जैतपुर मोड़ बदरपुर बॉर्डर से गिरफ्तार किया है।


**ऊर्जा दक्षता ब्यूरो**

(विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक सांविधिक निकाय)
चौथा तल, सेवा भवन, आर.के. पुरम. नई दिल्ली-110066
वेबसाइट : www.beeindia.gov.in. दूरभाष: 011-26766700

**परामर्शदाता (विधि) के पद के लिए रिक्ति परिपत्र**

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो, नई दिल्ली में परामर्शदाता (विधि) के एक (1) पद के लिए अनुबंध के आधार पर नियुक्ति हेतु भारतीय नागरिकों और उपयुक्त उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं, जिनकी आयु रिक्ति विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि तक 45 वर्ष से अधिक न हो। इस रिक्ति पर नियुक्ति पूर्णतः तदर्थ होगी और आवेदक नियमितीकरण का पात्र नहीं होगा।

2. शैक्षिक योग्यता, आयु, अनुभव, कार्य अपेक्षाएं और आवेदन प्रारूप आदि के बारे में विवरण के लिए कृपया www.beeindia.gov.in देखें।

3. योग्य उम्मीदवार, जिसमें प्रतिष्ठित विधिक फर्मों में कार्यरत कार्मिक शामिल हैं, आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक उम्मीदवारों को निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन अंतिम तिथि तक या उससे पहले प्रस्तुत करना होगा। आवेदन रोजगार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर प्रस्तुत करना होगा। आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में शैक्षिक योग्यता, अनुभव प्रमाण-पत्र की स्व प्रमाणित प्रतियों और एक पासपोर्ट आकार की फोटो के साथ सचिव, ऊर्जा दक्षता ब्यूरो, चौथा तल, सेवा भवन, रामकृष्णपुरम, नई दिल्ली-110066 के पते पर भेजना आवश्यक है।

सचिव

एसी @ 24 पहले से अधिक बचत करें

CBC 34106/12/0014/2526


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 84 बीएनएसएस देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दिनेश पुत्र श्री नन्द किशोर निवासी बी-124, डीडीए फ्लैट्स, शिवाजी एन्क्लेव, ख्याला, दिल्ली** अन्य पताः **डी-61, झुग्गी जे.जे. कॉलोनी, बुद्ध नगर, इंद्रपुरी, दिल्ली** और स्थायी पताः **ग्राम गवालदम, जिला चमोली, डाकघर चमोली, उ.प्र.** ने एफआईआर सं. **725/2021, अंतर्गत धारा 354/354बी/457/34 आईपीसी एवं 10 पॉक्सो एक्ट, थाना ख्याला, जिला पश्चिम, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दिनेश** मिल नहीं रहा/रही है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दिनेश** फरार हो गया/गई है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा/रही है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि एफआईआर सं. **725/2021, अंतर्गत धारा 354/354बी/457/34 आईपीसी एवं 10 पॉक्सो एक्ट, थाना ख्याला, जिला पश्चिम, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **दिनेश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.11.2025** को **प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**सुश्री सलोनी सिंह**
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (पश्चिम)
पॉक्सो (एफटीएससी)
रूम नं. 21, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

**DP/13058/WD/2025**
**(Court Matter)**

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अरुण कुमार शाह, पुत्रः** श्री राम नरेश शाह, **पताः** वार्ड नं. 8, ग्राम मसाहा, डाकघर – सिरौना ढाका, पूर्वी चंपारण, बिहार; दूसरा पताः राकेश का मकान, गली नं. 5, झड़ौदा गाँव, वजीराबाद, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 425/2022 U/s 283 IPC, थानाः वजीराबाद, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अरुण कुमार शाह** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अरुण कुमार शाह** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 425/2022 U/s 283 IPC, थानाः वजीराबाद, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अरुण कुमार शाह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**सुश्री भारती बेनीवाल**
न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी–12 (केंद्रीय)
कमरा नं. 264, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

**DP/12873/N/2025**
**(Court Matter)**

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **देवेन्द्र पुत्रः** श्री जग्गी प्रसाद **पताः** 41, गली नंबर 1, मुकंदपुर दिल्ली बाहरी उत्तर, भारत, ने **FIR No. 257/2019, U/s 482 IPC थानाः वजीराबाद, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **देवेन्द्र,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **देवेन्द्र,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 257/2019, U/s 482 IPC थानाः वजीराबाद, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **देवेन्द्र,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **13.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री भारती बेनीवाल
जेएमएफसी–12, कमरा नंबर 264
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

**DP/13127/N/2025**
**(Court Matter)**

**BEFORE THE DESIGNATED COURT UNDER THE MPID ACT, MUMBAI**

SESSIONS COURT MUMBAI
Miscellaneous Application No. 1238 of 2024
In
Miscellaneous Application No. 1237 of 2024
In
MPID Special Case No. 1 of 2014
IN
EOW C.R. NO. 89/13

Competent Authority appointed under
**The MPID Act,1999** ....**APPLICANT**
**Vs**

1. **M/s. Aastha Minment Pvt. Ltd.**
Address- No. W-204. 2nd, Floor, Sunrise Chambers, Ulsoor Road, Banglore, Karnataka-560042.
2. **M/s. Juggernaut Projects Limited.,**
1116, Raheja Chamber, Nariman Point, Mumbai.
3. **Mohit Singhal (Agarwal)**
R/o. 50/51, 2nd Main 2nd Cross RHB Layout white Field Road Mahadevpura, Banglore North Bangalore, Karnataka-560048.
4. **Director B.P. Naidu, M/s. Swagruh Construction P. Ltd.,**
R/o 8-3-318/6/3/11. 1st floor behind saradhi studios. Ameerpet, Hyderabad.
5. **Director B.P. Naidu, M/s. Swagruh Agro Industries Pvt. Ltd.**
House No. 6-2-30/B, flat no-202, first floor, opp. Empress court, Lakdikapul, Khairatabad. Hyderabad.
6. **Director B.P.Naidu., M/s. Swagruh Estates and Construction P. Ltd,** 414, 4th floor, Pushpanjali complex, opp. Osmania Medical College, Koti, Hyderabad-500001.
7. **Director B.P.Naidu., M/s BSPN INFRATEL Pvt. Ltd.**
6-2-30/B, flat no-202, 2nd floor, Empress court, lakdikapul, Hyderabad-500004.
8. **M/s BSPN Industries Pvt. Ltd**
R/o. H. No. 6-2-30/B, Flat No. 202, 2nd Floor, Empress Court Lakdikapul. Hyderabad.
9. **M/s. Swagruha Agro Industries P. Ltd. & Sreegruha Ventures Pvt Ltd.**
1) flat no.202, Empress court, Khairatabad, Hyderabad
2) flat no.203, Empress court, Hyderabad.
10. **Shri Bethm Cherla Purshottam Naidu.**
1) o/o-6-2-30/B 3rd Floor, Empress Court, Above Mercedes Benz Showroom, Khairatabad , Hydrabad-500004.
2) **S/o. Latesri B.venkateswarulu**
R/o. D.No. 8-3-998, plot No-78, flat no-402, Srinagar colony, Hyderabad.
11. **Smt.Sai Nikitha**
12. **M/s. MSR Food Focessing.,**
Address- Survey No. 332/A, Hasanparthy, Dist.-Warngal, Andhrapradesh-506371.
13. **Mesineni Sampath Rao Director, MSR Food**
Add. Survey No. 332/A, Hasanparthy, Dist.Warangal, Andhra Pradesh -506371.
14. **Dhakshitha Solvent Extractions Private Limited (Previously known as Mega Solvent Extractions Limited)**
Add-reg office at sy No.462/B/3 kakkiralapally village Warangal Rural Dist pin No 506313
15. **NCS Sugars.,** Address- 405 & Minar Apartments, Deccan Towers, Bashirbaug, Hydrabad-1.
16. **NCS Storage System Pvt. Ltd.**
Add-1. office at-405 Minor Apartment. Decane Towers, Bashirbaug Hyderabad.
2. S-3Abhiray Avenue, Venkataranapuram Behind Municipal Office Kakinada 533001
17. **Narayanam Hima Bindu W/o N. Murli.**
Add-resident of Door no 68-06-15 backside of gokulam Ashok Nagar Kakinda, Kakinada Uban Mandal, East Godavari District.
18. **Smt.N.Padmavathi w/o. N. Nageshwar Rao.**
Add- R/o 4.No 8-2-293/82/NG9, plot No 9Huda enclave, Road No-69nandagiri hills jubilee hill, Hyderabad-33
19. **Mr. Narayanam Nischal s/o Mr. Nageswar Rao. Director, Nischals smart Learning Solution Pvt. Ltd.**
H.No1-10-177 & 177A 5th Floor varun Tower -1 Bequmpet Hyderabad-500016
20. **M/s. Restile Ceramic Ltd., and Shri Narayan Nikhil** s/o N. Nageshwar Rao
Add-R/o No. 4/234 B 7th Street MGR salai Palavakkam Thiruvanmiyar Kancheepuram, Chennai-600041 Tamilnadu.
21. **Mohan India Pvt. Ltd.,** Address- AF-211, Lane W-5/20, Western Avenu, Sainik Farm, Mehrali, New Delhi, South Delhi-110062.
22. **M/s. Tirupati Infra-projects Pvt. Ltd.**
Add-Plot No-D District Center Paschim Vihar, Delhi-110063.
23. **Divine Infracon Private Limited**
Address- Plot No. 4, Sector-13, Dwarka City Centre, Dwarka, New Delhi-1 1 0 0 7 8.
24. **Mr. Satish Kumar Pawa**
Add-Plot No.4, Sector -13, Dwarka City Centre, Dwarka, New Delhi-110078.
25. **Mrs. Sudha Pawa**
Add-Plot No.4, Sector -13, Dwarka City Centre, Dwarka, New Delhi-110078.
26. **Ms. Swati Pawa**
Add-Plot No.4, Sector -13, Dwarka City Centre, Dwarka, New Delhi-110078.
27. **Mr. Sant Lal Aggarwal**
Add-E-9/25, 2nd Floor, Vasant Vihar – 1, Sauth West Delhi, Delhi-110057.
28. **Mrs. Rajni Aggarwal**
Add-E-9/25, 2nd Floor, Vasant Vihar - 1Sauth West Delhi, Delhi-110057.
29. **Mr. Gaurav Aggarwal**
Add-E-9/25, 2nd Floor, Vasant Vihar - 1Sauth West Delhi, Delhi-110057.
30. **Mr. Saurav Aggarwal**
Add-E-9/25, 2nd Floor, Vasant Vihar - 1Sauth West Delhi, Delhi-110057.
31. **Jagat Overseas (Through its Partners Sant Lal Aggarwal, Satish Kumar Pawa, Sudha Satish Kumar Pawa and Rajni Aggarwal)**
Add-Plot No.4, Sector -13, Dwarka City Centre, Dwarka, New Delhi-110078.
32. **Vidhya Shankar Investments Pvt. Ltd.**
Add-G-54, Vardhman Premium Mall-Outer ring road Deepali Chowk Opp. Kalimata Mandir Pitampura, Delhi -110034.
33. **Index Securities & Research Pvt Ltd**
Add. Office No-4 Basement -1, Radisson Blue Hotel Plot No-4, N-Sector, Dwarka, New Delhi, South West Delhi-110075.
34. **MB Infrabuild Private Limited**
Address- Off. House No 24, 2nd Floor, Deepali Enclave, Pitampura, Delhi-110034.
35. **Sachin Bhamba HUF**
Add-42E, DB-Block, LIG Flat Hari Nagar Sectore-9, Rohini, Delhi-(85) 110064.
36. **Sahil Garg.** Add-H.No-81.Vaishali Pitampura Delhi-110088.
37. **Victory Portfolio Limited,**
Address- 304 & 304 A, Gupta Tower, Azadpur Commercial Complex, New Delhi-110033
38. **Mr. Ankita Goel ,** Add- BN-33, Shalimar Bagh East Delhi, Delhi-110018.
39. **Mr. Ashish Goel,** Add- BN-33, Shalimar Bagh East Delhi, Delhi-110018.
40. **Ms. Kanta Goel,** Add- BN-33, Shalimar Bagh East Delhi, Delhi-110018.
41. **Ms. Aakriti Goel ,** Add- BN-33, Shalimar Bagh East Delhi, Delhi-110018.
42. **Mr. Pramod Goel,** Add- BN-33, Shalimar Bagh East Delhi, Delhi-110018.
43. **Pramod Goel (HUF),** Add- BN-33, Shalimar Bagh East Delhi, Delhi-110018.
44. **Ms. Savita Goel,** Add- BN-33, Shalimar Bagh East Delhi, Delhi-110018.
45. **Divine Vision Infraesate Private Limited**
Address- C-165, Pushpanjali Enclave, Pitampura, Delhi-110034.
46. **Harish Kumar**
Add-C-165, Pushpanjali Enclave, Pitampura, Delhi-110034
47. **Monika Luthra**
Add-C-165, Pushpanjali Enclave, Pitampura, Delhi-110034
48. **M/s. Anand Rathi Commodities Limited**
Add-Express Zone, A-Wing 10th Floor, Western Express Highway Goregaon East, Mumbai-400063
49. **M/s. Geofin Comtrade Ltd. (MIS. GEOJIT COMTRADE LTD)**
Add-9th Floor, Chakolas Heights Seaport Airport road Emakulam, Kerala-682037.

**...RESPONDENTS**

Whereas, the above-named Applicant has filed an application being Miscellaneous Application No. 1238 of 2024 for condonation of delay of five (05) days in filing the application and affidavit under Section 5(3) of The Maharashtra Protection of Interest of Depositors (In Financial Establishments) Act, 1999 in Miscellaneous Application No. 1237 of 2024, along with Government of Maharashtra Notification dated 01st August 2024.

And whereas, notices as to be served through post to the above Respondents at their last known addresses. However, the notices issued to Respondent Nos. 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11,13, 20, 21, 24, 25, 26, 27, 28, 29, 30, 31, 32, 33, 37, 38, 39, 40, 41, 42, 43 and 44 were returned unserved.

Therefore, public notice is hereby given to the above Respondents to take notice that the said application will be heard by the Hon'ble Designated Court under the MPID Act on : 08th October, 2025.

Given under seal of this court on 26/08/2025.

COURT SEAL

By Order of the Court,
For Registrar
City Civil & Sessions Court,
Gr. Mumbai

## खबर संक्षेप

### पैर में गोली लगते ही जमीन पर गिरा बदमाश

**बरेली।** बरेली बवाल में बारादरी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। 26 सितंबर को श्यामगंज पुल के



पास पुलिस टीम पर फायरिंग करने वाले बदमाश को पुलिस ने एनकाउंटर में गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार को हुई पुलिस कार्रवाई के दौरान बदमाश के पैर में गोली लगी। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि आरोपी हारुन नगला पुल के पास बिना नंबर की काली अपाचे बाइक से खड़ा है।

### जमशेदपुर में युवक की नृशंस हत्या

**रांची।** जमशेदपुर के गोलमुरी थाना क्षेत्र के गाढ़ाबासा बस्ती में मंगलवार देर रात 22 वर्षीय युवक




अजय बासा की नृशंस हत्या कर दी गई। घटना ने पूरे इलाके को दहला दिया है। अजय का शव उसके घर के पास गली में पड़ा मिला, जिसका सिर धड़ से अलग था। वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमजीएम अस्पताल भेज दिया।

### मॉर्निंग वॉक पर गई महिला गंगा नदी में डूबी

**पटना।** बिहार के वैशाली जिले में सुबह-सुबह एक बड़ा हादसा हुआ जब मॉर्निंग वॉक पर गई एक



महिला गंगा नदी में डूब गई। महिला के शव की तलाश में जब स्थानीय लोग नाव में सवार होकर बीच गंगा नदी गए, तो आधा दर्जन लोग भी तेज धारा में फंस गए। मौके पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। हालांकि, नदी में डूबी महिला का शव अभी तक बरामद नहीं हो सका है। नदी का बहाव बहुत तेज है और आशंका जताई जा रही है।

# श्रद्धालुओं के जयकारों से गूंज उठा बेगूसराय, मुजफ्फरपुर में महागौरी देवी की पूजा के लिए उमड़ी भीड़

एजेंसी ▶▶ बेगूसराय/मुजफ्फरपुर

बिहार के बेगूसराय में माता दुर्गा का पट खुलते ही जय माता दी, जय मां दुर्गे और अन्य भक्ति नारों के जयकारों से पूरा जिला गूंज उठा। माता दुर्गा के जागरण के साथ ही शहर का माहौल श्रद्धा और भक्ति से सराबोर हो गया। पंडाल में श्रद्धालुओं और भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। मध्यरात्रि में माता का पट खुलते ही हर ओर जयकारों की गूंज फैल गई।

माता के पट खुलने के साथ ही महिला श्रद्धालुओं का खोईचा भरने की पारंपरिक रस्म भी आरंभ हो गई। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से मां कालरात्रि की पूजा-अर्चना की, जिससे हर ओर अद्भुत आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। जिले के बखरी, तेघरा, बलिया, भगवानपुर, बेगूसराय शहर, बिशनपुर सहित हर ओर भक्ति का माहौल देखने को मिला। माता दुर्गा के आकर्षक पंडाल श्रद्धालुओं के मन मोह रहे हैं। बेगूसराय जिला प्रशासन भी अलर्ट मोड पर है।

चौक-चौराहों पर पुलिस की गश्त बढ़ा दी गई है। जगह-जगह ट्रैफिक पुलिस को तैनात किया गया है। इस प्रकार बेगूसराय नवरात्र का महाउत्सव भव्य तरीके से मनाया जा रहा है।

**जय मां दुर्गे और अन्य भक्त नारों के जयकारों से गूंजा जिला**





### बच्चो और बुजुर्ग का उत्साह चरम पर दिखाई दिया

जिले के बखरी, शहर के बीएनपी 8, बिशनपुर, लाखो, तेघरा, मंझौल, खोदाबंदपुर, नावकोठी, साहेबपुरकमाल सहित अन्य जगहों पर सज-धज कर तैयार पंडाल और रोशनी से जगमगाते मार्ग भक्तिमय वातावरण में श्रद्धालुओं को रमने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। मेले में लगे आकर्षक झूले और मीना बाजार भी श्रद्धालुओं को खूब आकर्षित कर रहे हैं। बच्चे और बुजुर्ग का उत्साह चरम पर दिखाई दे रहा है।

### सुबह से ही भक्तों की कतारें लगी रही

मुजफ्फरपुर में शारदीय नवरात्र पर्व के आठवें दिन यानी अष्टमी तिथि पर मां दुर्गा के आठवें स्वरूप महागौरी देवी के पूजन और दर्शन का विधान है। जिले के मंदिरों में शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के भक्तों की बड़ी भीड़ उमड़ी। नवरात्र के अष्टमी तिथि होने के कारण अन्य दिनों की तुलना में मंदिरों में अधिक भीड़ देखने को मिली।
शहर के माता संतोषी मंदिर में श्रद्धालु दर्शन और पूजन के लिए बड़ी संख्या में पहुंचे। महिला श्रद्धालुओं की संख्या भी काफी रही, जिन्होंने माता से अपनी मन्नतें मांगी। मंदिरों में भक्तों के जय-जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। महागौरी देवी के गीतों से शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिर गुलजार रहे। आज सुबह से ही भक्तों की कतारें लगी रही, और सभी माता का दर्शन-पूजन कर रहे हैं। कल शाम को ही जिले के सभी दुर्गा मंदिरों के कपाट खुलते ही श्रद्धालुओं ने दर्शन प्रारंभ कर दिए थे।

## उत्तरप्रदेश के किसानों को मिलेगी बड़ी राहत

# यूपी में आज से शुरू होगी धान खरीदी सीएम योगी ने अफसरों को दिए निर्देश

**खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत पहली अक्टूबर से पश्चिमी उत्तर प्रदेश और लखनऊ संभाग के हरदोई, लखीमपुर खीरी, सीतापुर जनपद में धान खरीद प्रारंभ होगी।**

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी के किसानों को लेकर बड़ी राहत है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत 1 अक्टूबर से पश्चिमी उत्तर प्रदेश और लखनऊ संभाग के हरदोई, लखीमपुर खीरी, सीतापुर जनपद में धान खरीद प्रारंभ होगी। पहली नवंबर से पूर्वी उत्तर प्रदेश और लखनऊ संभाग के लखनऊ, रायबरेली व उन्नाव में खरीद होगी। मंगलवार (30 सितंबर) सुबह 11 बजे तक साढ़े 23 हजार से अधिक किसानों ने पंजीकरण करा लिया है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 31 जनवरी और पूर्वी उत्तर प्रदेश में 28 फरवरी 2026 तक धान खरीद होगी। सरकार ने इस वर्ष धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि भी की है। धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य (कॉमन)-2369 और (ग्रेड ए) का 2389 रुपए प्रति कुंतल तय किया गया है।

योगी सरकार ने 48 घंटे के भीतर किसानों को भुगतान का निर्देश जारी कर दिए हैं। क्रय केंद्र सुबह 9 से शाम पांच बजे तक खुले रहेंगे। धान ब्रिकी के लिए किसानों का पंजीकृत होना अनिवार्य है। किसानों को खाद्य व रसद विभाग की वेबसाइट एफसीएस.यूपी.जीओवी.इन या मोबाइल ऐप यूपी किसान मित्र पर पंजीकरण कराना होगा। खरीद पंजीकृत किसानों से ही होगी। खाद्य व रसद विभाग के मुताबिक किसान किसी भी सहायता या जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 18001800150 नंबर पर कॉल या अपने जनपद के जिला खाद्य विपणन अधिकारी, तहसील के क्षेत्रीय विपणन अधिकारी व ब्लॉक के विपणन निरीक्षक से भी संपर्क साध सकते हैं।






### 31 जनवरी तक चलेगी खरीदी

पश्चिम उत्तर प्रदेश के संभागों में पहली अक्टूबर से धान खरीद शुरू होगी, जो 31 जनवरी तक चलेगी। यह खरीद पश्चिम उत्तर प्रदेश के मेरठ, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली,आगरा, अलीगढ़, झांसी संभाग में होगी। वहीं लखनऊ संभाग के हरदोई, लखीमपुर खीरी, सीतापुर जनपद में भी धान खरीद इसी अवधि में होगी। पूर्वी उत्तर प्रदेश के संभागों में पहली नवंबर से धान खरीद शुरू होगी। यह खरीद पूर्वी उत्तर प्रदेश के चित्रकूट, कानपुर, अयोध्या, गोरखपुर, देवीपाटन, बस्ती, आजमगढ़, वाराणसी, मीरजापुर व प्रयागराज संभाग में होगी। इसके साथ ही लखनऊ संभाग के लखनऊ, रायबरेली व उन्नाव में भी पहली नवंबर से खरीद होगी, जो 28 फरवरी 2026 तक चलेगी।

### सरकार ने किसानों के लिए टोल-फ्री नंबर जारी किया

इसके अलावा सरकार की ओर से बताया गया कि 20 सितंबर तक करीब 10 हजार किसानों ने धान विक्रय के लिए पोर्टल पर पंजीकरण करा लिया है। विभाग के अनुसार, पंजीकृत किसानों से ही धान की खरीद होगी। साथ ही खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए क्रय केंद्रों पर ई-पॉप (इलेक्ट्रॉनिक पॉइंट ऑफ परचेज) मशीनों के जरिए किसानों का बायोमीट्रिक सत्यापन किया जाएगा। इससे बिचौलियों की भूमिका पूरी तरह समाप्त हो जाएगी। सरकार ने किसानों की सुविधा के लिए टोल-फ्री नंबर 18001800150 जारी किया है। इसके अलावा किसान अपने क्षेत्रीय अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।

### सीधे खाते में ट्रांसफर होंगे रुपए

*इतना ही नहीं, योगी सरकार ने धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य भी इस साल बढ़ा दिया है। धान (कॉमन) का मूल्य 2369 रुपये प्रति क्विंटल और धान (ग्रेड-ए) का मूल्य 2389 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है। सरकार का कहना है कि किसानों को पारदर्शी व्यवस्था के तहत समय से भुगतान मिलेगा और पैसा सीधे उनके आधार-लिंक्ड बैंक खाते में ट्रांसफर किया जाएगा। वहीं, धान बेचने के इच्छुक किसानों के लिए पंजीकरण अनिवार्य है। इसके लिए खाद्य एवं रसद विभाग की मोबाइल ऐप "यूपी किसान मित्रा ' पर पंजीकरण की सुविधा दी गई है। किसानों को ओटीपी आधारित सिंगल पंजीकरण सिस्टम उपलब्ध कराया गया है। पंजीकरण प्रक्रिया 1 सितंबर से शुरू हो चुकी है।*

## अब विधानसभा चुनाव की तारीख का इंतजार

# बिहार में चुनाव आयोग ने की एसआईआर के बाद फाइनल वोटर लिस्ट जारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारत निर्वाचन आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के मद्देनजर फाइनल वोटर लिस्ट जारी कर दी है। हाल ही में कराए गए वोटर लिस्ट के विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद यह अंतिम मतदाता सूची तैयार की गई है। फाइनल वोटर लिस्ट को आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित कर दिया गया है। इसी के आधार पर बिहार में विधानसभा चुनाव होंगे। आयोग 6 अक्टूबर के बाद कभी भी बिहार चुनाव की तारीखों का ऐलान कर सकता है।

बताया जा रहा है कि प्रकाशित मतदाता सूची में बिहार के 7.24 करोड़ से अधिक मतदाता हैं। इतने मतदाताओं की ओर से अपना गणना फॉर्म भरकर जमा किया गया था। वहीं, दावा-आपत्ति के दौरान 16 लाख 58 हजार 886 पात्र नागरिकों ने फॉर्म-6 भरकर जमा कराया। चुनाव आयोग के अनुसार 36,475 मतदाताओं ने नाम जोड़ने के लिए दावा पेश किया जबकि 2,17,049 मतदाताओं ने नाम हटाने के लिए आवेदन किए। हालांकि, फाइनल वोटर लिस्ट में मतदाताओं की कुल संख्या की जानकारी अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है। वहीं, राज्य के करीब तीन लाख मतदाताओं को आवश्यक दस्तावेज जमा नहीं किए जाने को लेकर नोटिस भेजकर जवाब मांगा गया। अंतिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूची में एसआईआर के दौरान मृतक, स्थानांतरित एवं दोहरी प्रवृष्टि वाले मतदाताओं के नाम शामिल नहीं किए गए हैं।

### बिहार चुनाव का ऐलान अगले सप्ताह

फाइनल वोटर लिस्ट जारी होने के बाद अब चुनाव आयोग बिहार में तैयारियों का जायजा लेने के लिए 4 और 5 अक्टूबर को पटना का दौरा करेगा। इसके बाद चुनाव की तारीखों का ऐलान किया जाएगा। अगले सप्ताह बिहार विधानसभा चुनाव का कार्यक्रम घोषित होने की संभावना है। संभावना है कि पहले चरण का मतदान दिवाली और छठ महापर्व के बाद अक्टूबर महीने के अंत में या फिर नवंबर के पहले सप्ताह में होगा। 243 सीटों वाली बिहार विधानसभा का कार्यकाल 22 नवंबर को खत्म हो रहा है। इससे पहले चुनाव की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

## पेज एक का शेष

### गांधी जयंती से ....

पर एक हिंसक हमला है। मामले पर तत्काल कार्रवाई करने के लिए उच्चायोग ने इस मुद्दे को स्थानीय अधिकारियों के सामने जोरदार अंदाज में उठाया है। हमारी टीम पहले से ही मौके पर है। जिसमें प्रतिमा को उसकी मूल गरिमा में बहाल करने के लिए अधिकारियों के साथ समन्वय कर रही है।

### गाजा में संघर्ष...

भारत समेत दुनियाभर के देशों के शीर्ष नेताओं ने अमेरिकी राष्ट्रपति की गाजा में संघर्ष समाप्ति से जुड़ी इस शांति योजना का स्वागत किया है। अरब वर्ल्ड के 8 और कुछ अन्य मुस्लिम देशों के राष्ट्राध्यक्ष भी शांति योजना के पक्ष में खड़े हैं।

ट्रंप ने बताया अविश्वसनीय क्षण: अमेरिका के राष्ट्रपति ने शांति योजना को लेकर अपना पक्ष रखते हुए इसे एक अविश्वसनीय क्षण बताया। उन्होंने कहा, जो चीजें सैकड़ों, हजारों वर्षों से चली आ रही हैं। अब हम उन्हें बदलने जा रहे हैं। मुझे लगता है कि हम बहुत करीब हैं और मैं इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को इसमें शामिल होने और काम करने के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। बतौर ट्रंप, मैं शांति के लिए अपने सिद्धांतों को जारी कर रहा हूं। शांति प्रस्ताव को तैयार करने में सभी संबंधित पक्षों की अहम भूमिका है। जिसके लिए मैं कई अरब देशों, मुस्लिम नेताओं और अपने कई यूरोपीय सहयोगियों के प्रति धन्यवाद देना चाहता हूं।

**20 सूत्रीय योजना की खास बातें**

7 अक्टूबर 2023 को शुरू हुई इस लड़ाई में अब तक कुल करीब 66 हजार से ज्यादा फिलिस्तीनी लोग मारे जा चुके हैं। गाजा पट्टी के इलाके में रहने वाले लोगों के लिए एक बहुत बड़ा मानवीय संकट खड़ा हो गया है। व्हाइट हाउस द्वारा 20 सूत्रीय शांति योजना को लेकर जारी की गई विज्ञप्ति के यह मुख्य बिंदु हैं।

-इजरायल और फिलिस्तीन के बीच सहमति बनने पर युद्ध तुरंत समाप्त हो जाएगा। इजरायली सेना हमास द्वारा बंधक बनाए गए अंतिम लोगों के समय पर वापस लौटेगी। जिसके साथ दोनों पक्षों के बीच युद्धविराम लागू हो जाएगा।

-गाजा एक उग्र सुधारवादी आतंकवाद मुक्त जोन होगा। जो अपने पड़ोसियों के लिए कोई खतरा उत्पन्न नहीं करेगा।

-गाजा के लोगों के लिए फायदे के लिए इसका पुनर्विकास किया जाएगा। यह वो लोग होंगे जो युद्ध के दौरान सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं।

-इजरायल द्वारा शांति योजना को सार्वजनिक रूप से स्वीकार करने के 72 घंटे के अंदर हमास को सभी इजरायली बंधकों (जीवित और मृत) की वापसी करनी होगी। जिसके बदले में हमास को गाजा छोड़ने की स्वतंत्रता दी जाएगी।

- अगर दोनों पक्ष इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लेते हैं तो तुरंत ये युद्ध समाप्त हो जाएगा। इजरायल की सेनाएं बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए निर्धारित लाइन तक लौट आएंगी। इस दौरान सभी सैन्य अभियानों पर पूरी तरह से रोक लगी रहेगी। जिसमें हवाई, तोप और टैंक से जारी हमले शामिल हैं।

-एक बार सभी बंधकों की रिहाई होने पर इजरायल आजीवन कारावास वाले 250 फिलिस्तीनी कैदियों के साथ ही गाजा के 1700 लोगों (महिलाएं, बच्चे शामिल) को रिहा करेगा। ये वो लोग हैं जिन्हें 7 अक्टूबर 2023 के बाद हिरासत में लिया गया था।

- अस्थायी अंतरराष्ट्रीय स्थिरीकरण बल की तैनाती और ट्रंप के नेतृत्व में एक ट्रांजिशनल अथॉरिटी का गठन किया जाएगा।

-योजना के तहत हमास के लड़ाकों को पूरी तरह से निशस्त्र होना पड़ेगा। भविष्य में सरकार की किसी भी योजना से उन्हें दूर यानी बाहर रखा जाएगा। हालांकि जो लोग शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के लिए सहमत होंगे। उन्हें क्षमादान प्रदान किया जाएगा।

**इन देशों ने बयान जारी कर दिया समर्थन** : ऊदी अरब, कतर, मिस्र, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), तुर्की, पाकिस्तान, इंडोनेशिया और जॉर्डन जैसे 8 अरब और कुछ मुस्लिम देशों ने एक संयुक्त बयान जारी कर अमेरिका के राष्ट्रपति के शांति प्रस्ताव का स्वागत किया है। बयान के मुताबिक, हम गाजा में युद्ध समाप्त करने के लिए राष्ट्रपति ट्रंप के नेतृत्व और उनके ईमानदार प्रयासों का स्वागत करते हैं और शांति को खोजने की उनकी क्षमता में अपना विश्वास व्यक्त करते हैं। युद्ध समाप्ति से लेकर गाजा के पुनर्निर्माण, फिलिस्तीनी लोगों के विस्थापन पर रोक लगाने के साथ ही व्यापक शांति और पश्चिमी तट पर कब्जा न करने की अमेरिकी राष्ट्रपति की घोषणा स्वागत योग्य है। शीर्ष नेताओं ने शांति स्थापना से जुड़े समझौते को अंतिम रूप देने और उसके क्रियान्वयन की प्रक्रिया में सकारात्मकता और रचनात्मकता के साथ अमेरिका व अन्य संबंधित पक्षों से जुड़ने की बात कही है। जिसके तहत क्षेत्र के लोगों के बीच शांति, सुरक्षा और स्थिरता कायम करने में मदद मिलेगी। सभी देशों ने अमेरिका के साथ गाजा में एक व्यापक योजना के जरिए युद्ध समाप्ति को लेकर एकजुटता से प्रतिबद्धता जताई है। जिसके तहत क्षेत्र में बेरोकटोक मानवीय सहायता भेजी जा सकेगी, फिलिस्तीनी लोगों को बाहर नहीं किया जाएगा, बंधकों की रिहाई होगी। इसके अलावा सभी संबंधित पक्षों की सुरक्षा को पुख्ता बनाने के लिए एक सुरक्षा तंत्र की गारंटी प्रदान की जाएगी। द्वि-राष्ट्र समाधान के आधार पर गाजा में शांति का मार्ग प्रशस्त किया जाएगा।

### अमेरिकी शांति योजना...

दे सकता है। यहां बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट के जरिए अमेरिका के इस शांति प्रस्ताव का स्वागत किया है।

**गाजा में आर्थिक परियोजनाओं से जुड़े भारत:** शांति योजना को अंतिम रूप देने से पहले भारत को जानकारी देने से जुड़े एक प्रश्न के जवाब में अजार ने कहा कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। लेकिन कुछ देशों को अनौपचारिक रूप से इस कदम के बारे में अवगत कराया गया था। लेकिन हम भारत के प्रधानमंत्री के बयान का स्वागत करते हैं। भारत की क्षेत्र में सकारात्मक भूमिका है और इजरायल उसका स्वागत करता है। हमारा मानना है कि भारत गाजा क्षेत्र में आर्थिक परियोजनाओं को लेकर अपना योगदान दे सकता है और इजरायल भी वहां पर निर्माण गतिविधियों में शामिल होने का इच्छुक है। हम भारत सरकार के भी बहुत आभारी हैं। जिसके पीछे की वजह क्षेत्र में नई दिल्ली द्वारा शांति स्थापित करने में निभाई जाने वाली सकारात्मक भूमिका के साथ दिया जाने वाला सहयोग है। अजार के मुताबिक, आर्थिक गतिविधियों के मामले में क्षेत्र में भारत बहुत कुछ कर सकता है।

### दुनिया का पहला...

तक की रेंज देता है। इसमें ओएसएम का इलेक्ट्रिक प्लेटफॉर्म और एआई-आधारित ऑटोनॉमी सिस्टम शामिल है। कंपनी के फाउंडर और चेयरमैन उदय नारंग ने कहा कि स्वयंगति सिर्फ एक प्रोडक्ट लॉन्च नहीं है, यह भारतीय ट्रांसपोर्ट के भविष्य में एक बड़ा कदम है। ऑटोनॉमस वाहन अब भविष्य की कल्पना नहीं, बल्कि वर्तमान आवश्यकता हैं। हमने दिखाया है कि भारत ग्लोबल ट्रेंड्स को फॉलो करने की बजाए उन्हें लीड कर सकता है।

### अमेरिका ने हमें...

बहुत देर से आया है। उन्होंने स्वीकार किया कि कोंडोलीजा राइस, जो उस समय अमेरिकी विदेश मंत्री थीं, मेरे कार्यभार संभालने के दो-तीन दिन बाद मुझसे और प्रधानमंत्री से मिलने आईं। और कहा कि कृपया प्रतिक्रिया न दें। मैंने कहा कि यह एक ऐसा फैसला है जो सरकार लेगी। बिना कोई आधिकारिक राज़ बताए, मेरे मन में यह विचार आया कि हमें बदले की कार्रवाई करनी चाहिए। चिदंबरम ने आगे कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री और अन्य अहम लोगों के साथ संभावित जवाबी कार्रवाई पर चर्चा की।

### देश का दूसरा...

है। इस परियोजना के पूर्ण होने के बाद कुरुक्षेत्र शहर की पाँच क्रॉसिंग पर लगने वाले जाम से नागरिकों को स्थायी राहत मिलेगी। मुख्यमंत्री मंगलवार को थानेसर रेलवे स्टेशन पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इससे पूर्व उन्होंने रेलवे अधिकारियों से एलिवेटेड रेलवे ट्रैक की प्रगति संबंधी विस्तृत जानकारी प्राप्त की और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस अवसर पर हरियाणा रेल इंफ्रास्ट्रक्चर के मैनेजिंग डायरेक्टर नरेंद्र चुम्बर ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि सभी पाँच रेलवे क्रॉसिंग पर निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और शीघ्र ही शेष प्लेटफॉर्म का कार्य भी पूर्ण कर लिया जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री के आशीर्वाद से कुरुक्षेत्र में ऐतिहासिक एलिवेटेड रेलवे लाइन का निर्माण संभव हो पाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कुरुक्षेत्रवासियों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए इस परियोजना को यहाँ मूर्त रूप दिलाया। उन्होंने कहा कि एलिवेटेड रेलवे ट्रैक के निर्माण से जहाँ कुरुक्षेत्र के विकास को नई गति और मजबूती मिलेगी, वहीं यह परियोजना प्रदेश की प्रगति में भी महत्वपूर्ण योगदान देगी।

**नेता प्रतिपक्ष बनने पर भूपेंद्र सिंह हुड्डा को दी बधाई:** मुख्यमंत्री ने पत्रकारों के एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि कांग्रेस द्वारा नेता प्रतिपक्ष घोषित किए जाने पर वे भूपेंद्र सिंह हुड्डा को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हैं। इस मौके पर मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा, मीडिया कोऑर्डिनेटर तुषार सैनी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### वरिष्ठ नेता मल्होत्रा ...

इतिहास में प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा जैसे दिग्गजों का विशेष स्थान है। उन्होंने दिल्ली में हमारी पार्टी को मजबूत करने के लिए अथक परिश्रम किया।

### कड़ा फैसला ...

ये संकेत दिए हैं कि अमेरिकी द्वारा लगाए गए 25 फ़ीसदी शुल्क से उनका प्रभाव सीमित रहेगा, क्योंकि भारत कृषि, डेयरी और जीएम खाद्य उत्पादों पर किसी तरह का नरम रुख नहीं दिखाएगा। भारतीय सरकार का दृष्टिकोण है कि राष्ट्रीय हित, घरेलू खाद्य सुरक्षा, सांस्कृतिक-संवेदनशीलता और किसानों की सुरक्षा प्रमुख प्राथमिकताएं हैं, जिन्हें व्यापार दबावों के सामने खतरे में नहीं डाला जा सकता। सूत्रों में बताया कि खाद्य पदार्थों के मामले में भारत संभवत: और कठोर प्रमाणन मानदंड लगाएगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जो आयात हो, वह भारतीय मानकों के अनुरूप हो।

## पुलिस मामले की जांच में जुटी

# झारखंड पुलिस को मिली बड़ी सफलता, 89 लाख की धोखाधड़ी

एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड के जामताड़ा जिले में एक सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारी को मकान बेचने के नाम पर 89 लाख रुपए की ठगी का शिकार बनाया गया। इस मामले में पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता ने बताया कि देवघर जिले के चित्रा निवासी मुकेश रावणी जामताड़ा में घर खरीदना चाहते थे। उन्हें रेलवे स्टेशन के पास एक मकान की जानकारी मिली। यह मकान कोलकाता निवासी समीर सरकार का है, लेकिन कुछ ठगों ने खुद को मालिक बताकर रावणी से संपर्क किया।

रावणी ने ठगों के खाते में 89 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए। पैसे लेने के बाद आरोपी मकान की रजिस्ट्री कराने में टालमटोल करने लगे। इसके बाद संदेह होने पर रावणी ने पुलिस में शिकायत दर्ज



कराई। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान घनश्याम महतो, विक्रम महतो, पंचानंद दास, टुम्पा सरकार, परिमल बौरी और जिसु सरकार के रूप में हुई है। पुलिस जांच में सामने आया कि घनश्याम और विक्रम ने पूरे धोखाधड़ी की साजिश रची थी। पंचानंद दास को मकान मालिक बताया गया, परिमल बौरी और टुम्पा सरकार ने उसके बेटे और बहू की भूमिका निभाई। रावणी ने 84 लाख रुपए टुम्पा के खाते में और 5 लाख रुपए जिसु के खाते में भेजे। इसमें पंचानंद दास को 15.75 लाख रुपए, घनश्याम महतो को 27.76 लाख रुपए, विक्रम महतो को 5.85 लाख रुपए और परिमल बौरी को 5.60 लाख रुपए मिले।

## यूपी राज्य कर विभाग की बड़ी कार्रवाई

# 21 करोड़ के आईटीसी घोटाले में तीन सहायक आयुक्त सस्पेंड




एजेंसी ▶▶ लखनऊ

फर्जीवाड़े के जरिए आईटीसी का गलत लाभ उठाया गया। इस घोटाले की गंभीरता को देखते हुए विभाग ने तत्काल प्रभाव से निलंबन की कार्रवाई की है। राज्य कर विभाग ने 21 करोड़ रुपए के आईटीसी घोटाले में बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन सहायक आयुक्तों को निलंबित कर दिया है। विभागीय जांच में सामने आया कि हापुड़ में तैनात दो सहायक आयुक्तों की लापरवाही से करीब 19.5 करोड़ रुपए की बोगस फर्म संचालित होती रही थी। फर्जीवाड़े के जरिए आईटीसी का गलत लाभ उठाया गया। इस घोटाले की गंभीरता को देखते हुए विभाग ने तत्काल प्रभाव से निलंबन की कार्रवाई की है। अधिकारियों पर मिलीभगत और निगरानी में ढिलाई के आरोप भी लगे हैं। मामला अब उच्च स्तरीय जांच के अधीन है।

## फूड सेफ्टी विभाग की जांच में हुआ खुलासा

# हनुमानगढ़ी मंदिर के प्रसाद में पाई गई मिलावट

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

रामनगरी अयोध्या से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर के प्रसाद में मिलावट पाई गई है। फूड सेफ्टी विभाग की जांच में यह खुलासा हुआ कि मंदिर में बजरंगबली को चढ़ाए जाने वाले बेसन के लड्डू और देसी घी शुद्ध नहीं हैं।

विभाग की ओर से लिए गए तीन नमूनों में से दो फेल हो गए। बता दें कि अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं में से लगभग 99 प्रतिशत लोग हनुमानगढ़ी और रामलला के दर्शन जरूर करते हैं। राम जन्मभूमि परिसर में प्रसाद ले जाने पर रोक है, लेकिन कनक भवन और हनुमानगढ़ी में भक्त अपनी श्रद्धा के अनुसार भोग चढ़ाते हैं।

### मिलावट खोरों पर सख्त कार्रवाई की मांग







यहां पर परंपरागत रूप से बजरंगबली को बेसन के लड्डू अर्पित किए जाते हैं। पूर्व में महंत संजय दास महाराज ने पहले ही प्रसाद विक्रेताओं को चेताया था कि लड्डू केवल उच्च क्वालिटी के बेसन और देसी घी से तैयार किए जाएं। यहां तक कि लड्डू का रेट भी 450 से 500 रुपए प्रति किलो तय किया गया था। इसके बावजूद जांच में मिलावट सामने आना चिंताजनक है। गौरतलब है कि अयोध्या धाम की एक दुकान से लिया गया पनीर का नमूना भी जांच में फेल हुआ है। अब सवाल यह उठता है कि जब आस्था और स्वास्थ्य दोनों जुड़े हों, तो क्या प्रशासन और मंदिर प्रबंधन मिलावटखोरों पर सख्त कार्रवाई करेगा? इस मामले में खाद्य उपायुक्त मानिक चंद्र सिंह का बयान सामने आया है।


# महाकाली से सामने आया अक्षय का फर्स्ट लुक



**मुंबई।** हनुमान फिल्म के निर्देशक प्रशांत वर्मा एक बार फिर पौराणिक कथाओं पर आधारित एक नई फिल्म लेकर आ रहे हैं। फिल्म का नाम है महाकाली। अब फिल्म महाकाली से अभिनेता अक्षय खन्ना का फर्स्ट लुक सामने आया है। शुक्राचार्य के लुक में अक्षय खन्ना काफी खतरनाक अंदाज में नजर आ रहे हैं। पोस्टर में उनके चारों ओर अंधेरा है। शुक्राचार्य के लुक में अक्षय सफेद रंग के बड़े बालों और बड़ी दाढ़ी में नजर आ रहे हैं। उनके सिर पर ऋषियों की तरह जूड़ा भी बंधा हुआ है। उनकी एक आंख पूरी तरह से सफेद नजर आ रही है। शुक्राचार्य के लुक में अक्षय को पहचानना पूरी तरह से मुश्किल लग रहा है।

## लाइफ Style

# हुमा अरेंज मैरिज और प्यार के बीच फंसी



एजेंसी ⏭ मुंबई

हुमा कुरैशी, श्रेयस तलपड़े और सनी सिंह की कॉमेडी-ड्रामा फिल्म सिंगल सलमा का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया है। शादी को केंद्र में रखते हुए सिंगल सलमा एक ट्रैंगल कॉमेडी-ड्रामा फिल्म है। ट्रेलर में भरपूर कॉमेडी और ड्रामा देखने को मिल रहा है।

2 मिनट 16 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत एक वॉइस ओवर और लखनऊ के रूमी दरवाजा के साथ होती है। इस वॉइस ओवर में कहा जाता है, 'हिंदुस्तान में कॅरियर और सक्सेस चाहे जितना कमा लीजिए, असली प्रमोशन सिर्फ एक चीज में है अब शादी कर लो।' इसके बाद ट्रेलर में एंट्री होती है कुंवारी सलमा यानी हुमा कुरैशी की। फिर शुरू होता है सलमा की शादी कराने का प्रयास। एक-एक करके किरदार और कैंडिडेट आते जाते हैं। इसी दौरान ट्रेलर में कॉमेडी होती रहती है। इसके बाद ट्रेलर में एंट्री होती है श्रेयस तलपड़े की, जो एक सीधे-सादे सलमा की ही उम्र के व्यक्ति बने हैं। जबकि दूसरी ओर हैं सनी सिंह, जो आजकल के जमाने के क्लब जाने वाले व्यक्ति हैं। इसके बाद सलमा, सिकंदर (श्रेयस तलपड़े) से अरेंज मैरिज करना चाहती है। लेकिन तभी उसका दिल मीत (सनी सिंह) के लिए भी धड़कने लगता है। बस यहीं से शुरु होता है सलमा की जिंदगी में कन्फ्यूजन। अब वो लखनऊ के रहने वाले सिकंदर से शादी करेगी या लंदन के रहने वाले मीत से, यह फिल्म देखने के बाद ही पता चलेगा। ट्रेलर में लखनऊ की झलक देखने को मिली है, जिससे पता चलता है कि फिल्म में भी लखनऊ भरपूर देखने को मिलेगा। ट्रेलर में कई जगह डबल मीनिंग जोक भी हैं।

## हॉलीवुड मसाला

# टूट गई निकोल की दूसरी शादी




**लॉस एंजिल्स।** टॉम क्रूज की एक्स वाइफ निकोल किडमैन पर्सनल लाइफ के कारण चर्चा में हैं। उन्होंने साल 2006 में कीथ अर्बन से शादी की थी। इनके दो बच्चे हैं। पर शादी के 19 साल बाद इनका रिश्ता टूट गया है। दोनों सेपरेट हो गए हैं। निकोल इस शादी को बचाना चाहती थीं। पर लाख चाहने के बावजूद ये रिश्ता टूट गया। ऑस्कर विनर एक्ट्रेस निकोल और कंट्री म्यूजिक स्टार कीथ ने महीनों की अटकलों के बाद अलग होने का फैसला किया है।

# बेटी के साथ दुर्गा पंडाल में हुईं शामिल



**मुंबई।** दुर्गा अष्टमी के दिन अभिनेत्री बिपाशा बसु ने दुर्गा पूजा पंडाल में अपनी बेटी देवी और पति करण सिंह ग्रोवर के साथ जाकर मां दुर्गा का आशीर्वाद लिया। उनका यह वीडियो सोशल मीडिया पर फैंस के बीच जमकर वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया हैंडल पर दुर्गा पांडाल के कई वीडियो सामने आ रहे हैं, जिनमें से एक एक वीडियो बिपाशा बसु और उनकी बेटी देवी का है। नॉर्थ बॉम्बे सर्बोजनीन दुर्गा पूजा पंडाल में बिपाशा अपने पति करण सिंह ग्रोवर और बेटी देवी के साथ दिखीं। इस दौरान बिपाशा ने पैपराजी को जमकर पोज दिए। इसके साथ ही बिपाशा ने वहां पर मौजूद सभी लोगों को शुभो अष्टमी की शुभकामनाएं दीं और सभी का शुक्रिया अदा किया। दुर्गा अष्टमी के दिन बिपाशा ने नारंगी और लाल रंगी की साड़ी, लंबे झुमके, स्लीक बन और लाल लिपस्टिक में खूबसूरत लुक अपनाया।

# काजोल-ट्विंकल के शो में पहुंची आलिया




**मुंबई।** काजोल और ट्विंकल खन्ना द्वारा होस्ट किए जाने वाले शो 'टू मच' की शुरुआत हो चुकी है। इसमें कई सितारे मेहमान बनकर पहुंच रहे हैं। अब शो में वरुण धवन और आलिया भट्ट पहुंचने वाले हैं। इस दौरान अभिनेता ने कुछ मजेदार बातें की है। काजोल और ट्विंकल के आगामी एपिसोड में वरुण धवन और आलिया भट्ट नजर आएंगे, जिसका एक प्रोमो वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया है। वीडियो की शुरुआत में वरुण धवन ने अपनी फिल्म 'मैं तेरा हीरो' का डायलॉग बोला। उन्होंने कहा, 'मैं दिखता हूं स्वीट एंड इनोसेंश स्वामी टाइप का, लेकिन मैं हूं बड़ा अजीब टाइप का।'इसके आगे आलिया को किसी बात पर जोर से हंसते हुए देखा जाता है। आगे प्रोमो में वो कहते हैं, एक फिल्म है, जिसे मैंने जब देखा तो पसंद नहीं आई थी।



# ब्रिजर्टन 4 का पहला पोस्टर हुआ जारी

**लॉस एंजिल्स।** स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स के इंस्टाग्राम हैंडल पर 'ब्रिजर्टन 4' का पहला पोस्टर शेयर किया गया है। साथ ही यह सीरीज कब दर्शकों को देखने को मिलेगी, इस बात से भी पर्दा उठ गया है। जानिए, 'ब्रिजर्टन 4' से जुड़ा यह नया अपडेट। नेटफ्लिक्स के इंस्टाग्राम हैंडल पर 'ब्रिजर्टन 4' का पोस्टर शेयर किया गया है। जिसमें एक लड़की मास्क हाथ में लिए खड़ी है। उसका चेहरा पूरा नजर नहीं आया है। इस पोस्टर के साथ कैप्शन लिखा गया है, 'तैयार हो जाइए, क्योंकि कुछ भी हो सकता है। 'ब्रिजर्टन सीजन 4' 2026 में शुरू होगा। 'ब्रिजर्टन वेब सीरीज राइटर जूलिया क्विन की बुक्स पर बेस्ड है। इसके अब तक तीन सीजन आ चुके हैं। एक सीजन में एक्ट्रेस सिमोन एश्ले भी नजर आईं। यह सीरीज एक ब्रिटिश राज परिवार के बारे में है।

## टीवी मसाला



# राइज एंड फॉल' में मनीषा रानी की वाइल्डकार्ड एंट्री

**नई दिल्ली।** ओटीटी पर अशनीर ग्रोवर के शो 'राइज एंड फॉल'इन दिनों फिर से चर्चा मे है, क्योंकि मनीषा रानी ने वाइल्डकार्ड एंट्री की है। उनकी मजेदार वन-लाइनर्स, 'धनपवन साड़ी सेंटर'वाला किस्सा और फॉरेन इंग्लिश का मजाक सबको खूब भाया। ओटीटी पर अशनीर ग्रोवर का रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल' लगाता सुर्खियों में बना हुआ है। एक ओर जहां धनश्री वर्मा के खुलासों की लगातार चर्चा हो रही है, वहीं एक सच्चाई यह भी है कि भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह के जाने के बाद से शो की व्यूअरशिप कम हो रही है। अब इस शो में सबकी धड़कनें बढ़ाने वाइल्डकार्ड एंट्री हुई है मनीषा रानी की। 'बिग बॉस ओटीटी 2' में अपनी बातों, अदाओं और तेज दिमाग से धूम मचाने वाली मनीषा के आने से 'राइज एंड फॉल' में सनसनी मचने वाली है। मनीषा रानी ने शो में धमाकेदार एंट्री करते ही 6 लाख रुपए जीतने का मौका पाया और अपने आपको बेसमेंट फॉल से बचाया है। यही नहीं, उन्हें शो में एक कंटेस्टेंट को एलिमेशन के लिए नॉमिनेट करने और एक को एलिवेट करने का भी मौका मिला। मनीषा ने जहां बाली को शो से एविक्ट करने के लिए नॉमिनेट किया है, वहीं आरुष भोला एलिवेट करने का काम किया। इसके साथ ही धनश्री वर्मा को फॉल फेस करने के लिए भेजा। इसमें कोई दोराय नहीं है कि मनीषा के आने से गेम का रोमांच बढ़ गया है।

## तान्या ने बीच में छोड़ी पढ़ाई

**नई दिल्ली।** रिएलिटी शो 'बिग बॉस' का 19वां सीजन लगातार बज में बना हुआ है। इसके कंटेस्टेंट्स आए दिन सुर्खियां बटोर रहे हैं। ग्वालियर के विद्या पब्लिक स्कूल से ग्रेजुएशन करने के बाद तान्या आर्किटेक्चर की पढ़ाई करने के लिए चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी गईं। लेकिन, अपने बिजनेस गोल्स पर फोकस करने के लिए उन्होंने पढ़ाई छोड़ दी थी। 26 साल की तान्या के इंस्टाग्राम पर 2.5 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। डब्बू मलिक और ज्योति मलिक के बेटे अमाल मलिक कम उम्र से ही म्यूजिक की दुनिया में हैं। सफलता पाने के बाद भी उन्होंने पढ़ाई पूरी की। उन्होंने 'द कपिल शर्मा शो' में बताया था कि उनकी मां टीचर हैं और उन्होंने साफ कहा था कि कॅरियर के साथ-साथ पढ़ाई भी करनी है, क्योंकि वो बहुत जरूरी है। उन्होंने जमनाबाई नरसी स्कूल से पढ़ाई की और मुंबई के एनएम कॉलेज से कॉमर्स में बैचलर डिग्री हासिल की। कानपुर में जन्में गौरव खन्ना ने एक्टिंग की दुनिया में आने से पहले करीब एक साल तक आईटी फर्म में मार्केटिंग मैनेजर के तौर पर काम किया था।




# सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी से कम किए गए किसिंग सीन...

*फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' इन दिनों चर्चा में है। जल्द ही यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। वरुण धवन, जान्हवी कपूर, सान्या मल्होत्रा और रोहित सराफ अभिनीत रोमांटिक कॉमेडी फिल्म को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) से यू/ए 13+ सर्टिफिकेट मिला है।*

**मुंबई।** बोर्ड की तरफ से फिल्म में मामूली संपादन की सिफारिश के बाद इसे रिलीज की इजाजत मिली है। सेंसर बोर्ड को फिल्म को मंजूरी देने से पहले दो बड़े बदलावों की जरूरत थी। पहला, 'गार्ड' शब्द को म्यूट करना, जिसका इस्तेमाल उस सीन में किया गया है जहां वरुण धवन का किरदार एक गाली को छिपाने की कोशिश करता है। दूसरा, किसिंग सीन को लगभग 60 प्रतिशत कम करना था। इन संपादनों के बाद, फिल्म को आखिरी मंजूरी मिल गई। सेंसर सर्टिफिकेट में फिल्म की अवधि 135 मिनट 45 सेकंड या 2 घंटे 15 मिनट 45 सेकंड बताई गई है। शशांक खेतान द्वारा निर्देशित इस फिल्म में वरुण धवन के साथ जान्हवी कपूर, सान्या मल्होत्रा, रोहित सराफ, मनीष पॉल, अक्षय ओबेरॉय और अभिनव शर्मा हैं। फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू हो गई है। यह फिल्म धर्मा प्रोडक्शंस और मेंटर डिसाइपल एंटरटेनमेंट द्वारा बनाई गई है। शशांक खेतान के निर्देशन में बनी यह फिल्म 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। सिनेमाघरों में यह फिल्म ऋषभ शेट्टी की 'कंतारा चैप्टर 1' से टकराएगी। वरुण धवन और जान्हवी कपूर इस फिल्म का खूब प्रचार कर रहे हैं। हाल ही में उन्होंने भोजपुरी स्टार खेसारी लाल यादव के साथ डांस करते हुए फिल्म का प्रमोशन किया था। आपको बता दें कि वरुण धवन जल्द ही फिल्म 'बॉर्डर 2' में नजर आने वाले हैं।



# ऐश्वर्या संग पोज देकर खुशी से झूमीं सिमोन



**पेरिस।** सोमवार को ब्रिटिश सीरीज ब्रिजर्टन की एक्ट्रेस सिमोन एश्ले ने अपने इंस्टाग्राम पर ऐश्वर्या राय के साथ एक फोटो शेयर कीं। सिमोन और ऐश्वर्या के कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हैं। ऐश्वर्या बहुत प्यार से सिमोन के साथ गपशप कर रही हैं। अपना मेकअप छोड़कर ऐश्वर्या ने सिमोन के साथ सेल्फी ली। सिमोन एश्ले ने ऐश्वर्या राय के साथ क्लिक की गई सेल्फी को अपने इंस्टाग्राम के स्टोरी सेक्शन में पोस्ट किया है। साथ ही इस फोटो को ऐश्वर्या राय को भी टैग किया है। साथ ही फोटो पर एक हार्ट इमोजी भी बनाया है। यह फोटो सोशल मीडिया पर भी काफी वायरल है।

## आईएमडीबी ने जारी की सबसे अधिक पॉप्युलर फिल्मों की लिस्ट

# बीते 25 साल में इन 25 फिल्मों ने जीता दर्शकों का दिल

**नई दिल्ली।** आईएमबीडी ने वैसी फिल्मों की लिस्ट जारी ही है जो पिछले 25 सालों की सबसे अधिक पॉप्युलर रहीं। इस डेटासेट में जहां शाहरुख की 20 फिल्में हैं, उसके बाद आमिर खान और ऋतिक रोशन की 11-11 फिल्में। द इंटरनेट मूवी डेटाबेस ने पिछले 25 साल की सबसे अधिक पॉप्युलर फिल्मों की लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट में साल 2000 के बाद से रिलीज हुई कई शानदार फिल्मों के नाम शामिल हैं। आईएमबीडी की लिस्ट में 2000 से 2025 के बीच में सबसे ज्यादा सर्च की गईं फिल्में और सितारों के नाम भी शामिल हैं और इन्हें ऑल टाइम पेज व्यूज के आधार पर रैंक किया गया है। ये रिपोर्ट 130 फिल्मों पर बेस्ड है। रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2000 से 2025 के बीच अब तक की सबसे ज्यादा पॉप्युलर फिल्मों की लिस्ट जारी की गई है। वहीं, इस लिस्ट में हालिया रिलीज फिल्म 2025 की 'सैयारा' पहले नंबर पर मौजूद है। सैयारा ने विक्की कौशल की छावा को भी पीछे छोड़ दिया है जो दूसरे नंबर पर है। 2025 की लिस्ट में तीसरे नंबर पर महावतार नरसिम्हा, चौथे नंबर पर ड्रैगन और पांचवें नंबर पर कुली है।





### इस डेटासेट में हर साल की 5 फिल्में

आईएमबीडी की 130 फिल्मों पर बेस्ड इस इस डेटासेट में हर साल की 5 फिल्में हैं। साल 2000 से 2005 तक की सभी टॉप फिल्मों में शाहरुख खान लीड रोल में थे, एसएस राजामौली की दो 'बाहुबली' फिल्मों के बाद के वर्षों में हिंदी स्पीकिंग रीजन से बाहर के टाइटल में काफी तेजी देखी गई।

### शाहरुख की कमबैक को रणबीर ने दी मात

ये तो साफ है कि शाहरुख खान लंबे समय से दर्शकों के पसंदीदा हीरो रहे हैं। पिछले 25 वर्षों के आधार पर बनी इस लिस्ट में टॉप पर रहने वाली सात फिल्में हैं। दिलचस्प बात ये है कि उनकी 2023 की सभी कमबैक हिट फिल्मों को रणबीर कपूर की 'एनिमल' ने पछाड़ दिया।

### आमिर खान और ऋतिक रोशन की 11-11 फिल्में

वहीं, पूरे 130 फिल्मों के डेटासेट में, शाहरुख की 20 फिल्में हैं, उसके बाद आमिर खान और ऋतिक रोशन की 11-11 फिल्में। दीपिका पादुकोण 130 फिल्मों के डेटासेट में 10 फिल्मों के साथ सबसे लोकप्रिय फीमेल स्टार रहीं। 25 साल की के दौरान आखिरी सालों में दुनिया भर में अच्छा प्रदर्शन करने वाली फिल्मों में तेजी नजर आई।

### एनालिसिस के आधार पर ये फिल्में सबसे अधिक पॉप्युलर

| | |
|---|---|
| 2000 - मोहब्बतें | 2013 - द लंचबॉक्स |
| 2001 - कभी खुशी कभी गम | 2014 - पीके |
| 2002 - देवदास | 2015 - बाहुबली: द बिगिनिंग |
| 2003 - कल हो ना हो | 2016 - दंगल |
| 2004 - वीर-जारा | 2017 - बाहुबली 2: द कन्क्लूजन |
| 2005 - ब्लैक | 2018 - केजीएफ: चैप्टर 1 |
| 2006 - धूम 2 | 2019 - उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक |
| 2007 - तारे जमीन पर | 2020 - दिल बेचारा |
| 2008 - रब ने बना दी जोड़ी | 2021 - पुष्पा: द राइज |
| 2009 - 3 इडियट्स | 2022 – केजीएफ: चैप्टर 2 |
| 2010 - माई नेम इज खान | 2023 – एनिमल |
| 2011 - जिंदगी ना मिलेगी दोबारा | 2024 – पुष्पा 2: द रूल |
| 2012 - गैंग्स ऑफ वासेपुर | 2025 – सैयारा |

### वो फिल्में जो लंबे समय तक ऑडियंस से कनेक्ट रही

आईएमडीबी ने उन भारतीय फिल्मों की भी लिस्ट तैयार की है जो लंबे समय तक ऑडियंस से कनेक्ट रही है। इनमें वो फिल्में हैं जिनमें रिलीज के कई सालों बाद भी दर्शकों की दिलचस्पी में इजाफा देखने को मिली। इन फिल्मों में विरुमंदी (2004), बैंगलोर डेज (2014), मसान (2015), प्रेमम (2015), बरेली की बर्फी (2017) और रत्सासन (2018) शामिल हैं।

हवाई हमलों को रोकने के लिए तैयार की गई डिवाइस

### एक किमी की दायरे में उड़ रहे ड्रोन को ध्वस्त कर देगा कवच जैमर

# बार्डर पर आसमान में नजरः दुश्मन के ड्रोन भारतीय सीमा में नहीं घुस पाएंगे, कोशिश करने पर हो जाएंगे 'ध्वस्त'



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दुश्मन देशों के ड्रोन अब रत्ती भर भी नुकसान नहीं पहुंचा पाएंगे। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में मेरठ के दो बीटेक के छात्रों ने खास प्रकार का एंटी ड्रोन सिस्टम 'कवच' पेश किया है, जो दुश्मन देश के ड्रोन को भारत की सीमा पर ही गिरा देगा।

इस एंट्री ड्रोन सिस्टम को कही भी ले जाया जा सकता है। छात्रों ने बताया कि अभी इसकी रेंज लगभग एक तरफ 600 मीटर यानी एक पूरे क्षेत्र में 1200 मीटर है। फिलहाल रेंज को दो से ढाई किमी तक बढ़ाने की तैयारी है। जमीन से लगभग 1500 फुट ऊपर उड़ रहा ड्रोन इस जैमर से नहीं बचेगा। जैमर उसके सिग्नल को रोक कर नीचे ले आएगा। एमआईईटी के छात्र मनोहर कुशवाहा और दीक्षांत कुमार ने बताया कि एक हैकाथॉन प्रतियोगिता में उन्होंने ड्रोन के लिए जैमर बनाने के लिए प्रोजेक्ट बनाया था।

### कवज के चलते दुश्मन का ड्रोन खो देगा सारे सिग्नल

#### जैमर की पहली यूनिट सेना को समर्पित

मनोहर कुशवाहा ने बताया कि महाराष्ट्र के आर्म्ड रेजिमेंट 90 के कैप्टन ने अवैध ड्रोन को रोकने के लिए तकनीकी पर काम करने के लिए कहा था। जिसके बाद दोनों ने काफी मेहनत की। मेहनत रंग लाई और जैमर की पहली यूनिट जनवरी 2025 में सफलतापूर्वक सेना को हैंडओवर किया। इसके बाद दूसरी यूनिट पंजाब के पटियाला रेजिमेंट 77 को भी दी गई है।

### 1 किमी व्यास का वर्चुअल डोम

तब उनका आइडिया काफी पसंद किया गया था। जिसके बाद उन्होंने मेहनत की और 'कवच' के रूप में एंटी ड्रोन सिस्टम तैयार किया। उन्होंने बताया कि एंटी ड्रोन जैमर के दायरे में आते ही कोई भी ड्रोन सिग्नल खो देगा। दीक्षांत ने बताया कि उनके पहले पोर्टेबल जैमर (एंटी ड्रोन सिस्टम) को सेना ने पसंद किया है। यह प्रणाली हवाई ड्रोन हमलों से सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से बनाई गई है। एंटी ड्रोन सिस्टम लगभग एक किमी व्यास का एक वर्चुअल डोम (गोल क्षेत्र) तैयार करता है, जिसके भीतर कोई भी ड्रोन प्रवेश करता है तो वह जैम (ब्लॉक) हो जाता है।


### ड्रोन 2.4 जीएचजेड फ्रीक्वेंसी का बनाया

*मनोहर के पिता मनोज कुमार सेना की इंजीनियरिंग कोर में हैं। जबकि दीक्षांत के पिता विक्रम सिंह किसान हैं। दीक्षांत ने बताया कि उन्हें एंटी ड्रोन बनाने का आइडिया सीईओ आफ एमआइईटी इंक्यूवेशन फोरम रिहान अहमद से मिला।*

## खबर संक्षेप

### गांधी प्रतिमा पर लिखे भारत विरोधी नारे

**लंदन।** टैविस्टॉक स्क्वायर में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर आपत्तिजनक नारे लिखे जाने की



घटना सामने आई। उपद्रवियों ने प्रतिमा पर पेंट से गांधी, मोदी और हिंदुस्तानियों को आतंकी लिखा। भारतीय उच्चायोग ने इस घटना पर नाराजगी जताई है। उच्चायोग ने कहा है कि यह सिर्फ प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ नहीं, बल्कि महात्मा गांधी के अहिंसा और शांतिपूर्ण विचारों पर भी हमला है। स्थानीय पुलिस घटना की जांच कर रही है। उच्चायोग ने बयान में कहा,यह शर्मनाक घटना अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस से तीन दिन पहले हुई है और इसे गंभीरता से लिया जा रहा है।

### नेतन्याहू ने दोहा हमले के लिए कतर से माफी मांगी

**वॉशिंगटन।** इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने दोहा हमले के लिए कतर से माफी मांगी है। उन्होंने



कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल-थानी को फोन किया। खबरों के मुताबिक नेतन्याहू ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के कहने पर व्हाइट हाउस से अल-थानी को फोन किया। इजराइली पीएम ट्रंप से मिलने अमेरिका पहुंचे हैं, यह इस साल उनकी चौथी अमेरिका यात्रा है। इजराइली सेना ने 9 सितंबर यानी 20 दिन पहले दोहा में हमास चीफ खलील अल-हय्या को निशाना बनाकर हमला किया था, हमले में अल-हय्या बच गया था।

### परमाणु हथियारों के उपयोग की संभावना कम फिर भी...

# हम परमाणु और जैविक हमलों से बचाव की तैयारी कर रहेः सीडीएस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने कहा है कि हमें भविष्य में परमाणु और जैविक खतरों के खिलाफ तैयार रहना होगा। नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में सैन्य नर्सिंग सेवा के 100वें स्थापना दिवस के अवसर पर दिए अपने संबोधन में सीडीएस चौहान ने कहा कि आज के डेटा-केंद्रित युद्ध के युग में, जहां सूचना तक पहुंच, दुश्मन को हम पर बढ़त दिला सकती है, वहां चिकित्सा डेटा की भूमिका भी बेहद अहम है। उन्होंने कहा भारतीय डीएनए बेहद खास है।

हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली अलग-अलग वातावरण या संक्रमणों के प्रति अलग-अलग प्रतिक्रिया करती है। ऐसे में व्यक्तिगत चिकित्सा डेटा की सुरक्षा भी उतनी ही महत्वपूर्ण है और इसमें केस हिस्ट्री, रिपोर्ट और चिकित्सा स्वास्थ्य रिकॉर्ड आदि शामिल हैं। परिचालन डेटा, स्वास्थ्य पैटर्न से संबंधित तैनाती, निकासी योजनाओं को भी लीक से सुरक्षित रखने की जरूरत है। हालांकि डेटा सुरक्षा और डेटा संरक्षण सीधे तौर पर एमएनएस (मिलिट्री नर्सिंग सर्विस) की जिम्मेदारी नहीं है, लेकिन आपको इन सभी प्रकार की चुनौतियों के बारे में पता होना चाहिए।

*सीडीएस चौहान ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद, हमारे प्रधानमंत्री ने कहा है कि भारत परमाणु ब्लैकमेलिंग से नहीं डरेगा। हमारे विचार से परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की संभावना बहुत कम है, फिर भी समझदारी इसमें है कि हम इससे बचाव की तैयारी करें।*



**जैविक खतरे, चाहे वे मानव निर्मित हों, आकस्मिक हों या प्राकृतिक, भविष्य में बढ़ने की आशंका है**

**रेडियोलॉजिकल खतरे से बचाव के लिए प्रोटोकॉल की जरूरत**

### परमाणु और जैविक हमले से बचाव की तैयारी जरूरी

*सीडीएस चौहान ने कहा कि 'हमारी नर्सों के प्रशिक्षण में भविष्य में आने वाली चुनौतियों को ध्यान में रखना होगा। कोविड महामारी के दौरान दुनिया कठिन दौर से गुजरी। मेरे विचार से, जैविक खतरे, चाहे वे मानव निर्मित हों, आकस्मिक हों या प्राकृतिक, भविष्य में बढ़ने की आशंका है। ऐसे खतरों से बचाव और संक्रमित लोगों के इलाज के लिए हमें अलग उपचार प्रोटोकॉल की जरूरत होती है। हमें भविष्य में इसके लिए तैयार रहना चाहिए।'*

#### पीएम ने कहा था भारत परमाणु हथियारों की धमकी से नहीं डरता

उन्होंने कहा, ऑपरेशन सिंदूर के बाद, हमारे प्रधानमंत्री ने कहा है कि भारत परमाणु ब्लैकमेलिंग से नहीं डरेगा। हमारे विचार से परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की संभावना बहुत कम है, फिर भी समझदारी इसमें है कि हम इससे बचाव की तैयारी करें। रेडियोलॉजिकल खतरे से बचाव के लिए अलग प्रोटोकॉल की जरूरत होती है और यह हमारे प्रशिक्षण का हिस्सा होना चाहिए। परमाणु खतरों के खिलाफ तैयारी इससे बचाव में योगदान करती है। मुझे लगता है कि यह महत्वपूर्ण है।

### वायुसेना द्वारा आयोजित की गई संगोष्ठी को संबोधित करते हुए बोले रक्षा मंत्री

# संवाद में निहित है एकजुटता का मार्ग आपसी चुनौतियों का सम्मान करें

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर को खत्म हुए करीब चार महीने का वक्त बीत चुका है। भारतीय सेना और वायुसेना द्वारा संयुक्त रूप से प्रदर्शित की गई वीरता और साहस ने पाकिस्तान में मौजूद आतंकवादियों के 9 ठिकानों को नेस्तनाबूद कर पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में पूरा हिसाब-किताब बराबर कर लिया है। इन बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को राजधानी में वायुसेना द्वारा आयोजित की गई एक संगोष्ठी में भारत के इस सैन्य अभियान को तीनों सेनाओं के बीच तालमेल का बेहतरीन उदाहरण बताते हुए कहा कि मौजूदा सुरक्षा परिवेश में दुनिया में तेजी से बदल रही है, खतरे कहीं अधिक जटिल हो गए हैं। ऐसे में हमें ये स्वीकार करना होगा कि कोई भी सेना अलग-थलग होकर काम नहीं कर सकती है। किसी भी संघर्ष में कामयाबी के लिए अब अंतर संचालन और एकजुटता आवश्यक है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है।

**एकीकरण को दिया जाएगा बढ़ावाः** रक्षा मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार का उद्देश्य सेना, वायुसेना और नौसेना के बीच एकजुटता और एकीकरण को बढ़ावा देना है। ये केवल एक नीतिगत मामला नहीं है। बल्कि तेजी से बदलते हुए सुरक्षा परिदृश्य के बीच अस्तित्व का भी एक प्रश्न है। एकजुटता का मार्ग संवाद, समझ और परंपराओं के सम्मान में शामिल है। तीनों सेनाओं को नई प्रणालियों का निर्माण करते समय एक-दूसरे की चुनौतियों का सम्मान करना चाहिए। ऑपरेशन सिंदूर से एकीकृत संचालन की तस्वीर, समय पर निर्णय लेने में सक्षमता, स्थिति आधारित जागरूकता में वृद्धि और अपने नुकसान के जोखिम को घटाना



जैसे बिंदु हमारे सामने आए हैं। उन्होंने वायुसेना की एकीकृत वायु कमान-नियंत्रण प्रणाली (आईएसीसीएस) की मिसाल देते हुए कहा कि इसने भारतीय सेना के आकाशतीर और नौसेना के त्रिगुण के साथ मिलकर काम किया। जो अभियान के समय पर एक संयुक्त संचालन का आधार बन रही है।

**संयुक्तता महज विकल्प मात्र नहीं:** राजनाथ ने बताया कि युद्ध का विकसित होता स्वरूप, पारंपरिक-गैर पारंपरिक खतरों के जटिल अंतर्संबंध के साथ संयुक्तता को एक विकल्प की जगह पर संचालन से जुड़ी हुई एक बड़ी आवश्यकता बनाता है। वर्तमान समय में ये हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा और संचालन की प्रभावशीलता के लिए एक मूलभूत आवश्यकता बन गई है। जहां हमारी तीनों सेनाओं स्वतंत्र रूप से कार्रवाई करने में दक्ष हैं। वहीं, जमीन, समुद्र, वायु, अंतरिक्ष और साइबर स्पेस की संबद्ध प्रकृति सहयोगात्मक शक्ति को विजय की सच्ची गारंटी बनाती है। उन्होंने आगाह करते हुए कहा कि विमानन सुरक्षा, साइबर युद्ध जैसे अहम क्षेत्रों में मानकों में भिन्नता विनाशकारी साबित हो सकती है। निरीक्षण में छोटी सी भी गलती व्यापक असर पैदा कर सकती है। अगर हमारी साइबर रक्षा प्रणालियां सभी सेनाओं में अलग-अलग हैं तो विरोधी इस अंतर का फायदा उठा सकते हैं। हमें अपने मानकों में सामंजस्य स्थापित करके इन कमजोरियों को दूर करना पड़ेगा।

**पीएम मोदी की टिप्पणी को सराहाः** उन्होंने पीएम मोदी के हाल ही में कोलकाता में तीनों सेनाओं के संयुक्त कमांडर सम्मेलन को संबोधित करते वक्त संयुक्तता व एकीकरण के महत्व पर दिए गए जोर वाली टिप्पणी को भी प्रमुखता से रेखांकित किया। साथ ही कहा कि इससे सरकार की मामले पर स्पष्ट प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है। जिसमें ये ध्यान दिया जा रहा है कि सशस्त्र बल न केवल मूल्यों और परंपराओं के मामले में दुनिया में सर्वश्रेष्ठ हों। बल्कि वो भविष्य के लिए तैयार प्रणालियों के अग्रदूत भी हों।

#### मानसिकता बदलना जरूरी

उन्होंने कहा कि हिमालय की ठंड, रेगिस्तान की गर्मी से अलग होती है। नौसेना को सेना, वायुसेना से अलग चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। हम जहां उपयुक्त न हो, वहां एकरूपता नहीं थोप सकते। राजनाथ के मुताबिक, हमारा काम एक साझा बेसलाइन बनाना है, जो अंतर संचालन और विश्वास का निर्माण करते हुए विशिष्टता को बनाए रखे। एकीकरण को हासिल करने के लिए न केवल संरचनात्मक बल्कि मानसिकता में बदलाव की भी आवश्यकता है। यह बदलाव हालांकि आसान नहीं होगा और इसके लिए पुरानी आदतों, संस्थागत सीमाओं से उबरना होगा। लेकिन तमाम चुनौतियों से पार पाया जा सकता है। प्रत्येक सेवा को ये महसूस होना चाहिए कि दूसरे उनकी चुनौतियों को समझते हैं। जब हम मिलकर नई प्रणालियां बनाते हैं तो हर परंपरा का सम्मान किया जाना चाहिए। उन्होंने आह्वान किया कि सशस्त्र बल सर्वोत्तम वैश्विक प्रणालियों का अध्ययन जारी रखें और उन्हें भारत के संदर्भ में ढालें। हम दूसरों से सीख सकते हैं। लेकिन हमारे जवाब भारतीय होने चाहिए। जो हमारी भौगोलिक स्थिति, जरूरतों और संस्कृति के अनुरूप हों। इसी के साथ ही हम हकीकत में टिकाऊ और भविष्य के लिए तैयार प्रणालियां बना सकते हैं।

धार्मिक नारे लगाते हुए हमले की कोशिश

## हथियार लेकर गुस्से में भीड़ से निकला नाबालिग घर में घुसा

एजेंसी ▶▶ देहरादून

सोशल मीडिया पर धर्म के प्रति आपत्तिजनक कमेंट किए जाने के खिलाफ सैकड़ों लोगों ने बीती रात बाजार चौकी पर हंगामा कर दिया। इस हंगामे और नारेबाजी के दौरान एक हैरान करने वाली घटना सामने आई।

पुलिसकर्मी भीड़ को खदेड़ रहे थे, उसी दौरान भीड़ से एक नाबालिग एक घर में घुस गया और धार्मिक नारा लगाकर वहां एक शख्स पर हमले की कोशिश की। उसके हाथ में कुछ धारदार चीज थी, उसी समय भीड़ को तितर-बितर करने की कोशिश कर रहे दो पुलिस कर्मियों ने उस पर काबू करने की कोशिश की। इस बीच वह भाग निकला। इस



दौरान एक पुलिस कर्मी की हथेली में भी चोट आई। पुलिस उसके नाबालिग साथी को लेकर चौकी पहुंची और उससे पूछताछ की।

पुलिस के मुताबिक भीड़ में इतने उपद्रवी लोग शामिल थे कि सरकारी हथियार बचाने मुश्किल हो गए। भीड़ में आसपास के मुस्लिम बहुल इलाकों से भी बड़ी संख्या में युवा और नाबालिग जमा होने लगे थे।

#### रातभर इलाके में बजते रहे पुलिस के सायरन

*पुलिस अधिकारियों ने भीड़ को भरसक समझने की कोशिश की, उसके बाद भी हंगामा होता रहा तो वरिष्ठ अधिकारियों ने स्थिति संभालने के लिए हल्के बल प्रयोग का आदेश दिया। भीड़ को खदेड़ने के बाद इलाके में कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रखा गया है। आसपास के थानों से भी पुलिस बुला ली गई। देर रात तक लगातार पुलिस की गाड़ियां सायरन बजाकर लोगों को आगाह कर रहीं थी कि बेवजह सड़क पर जमावड़ा न लगाएं।*

गिटहब पर रिसर्च पेपर भी जारी

## डीपसीक ने लॉन्च किया नया स्पर्श अटेंशन मॉडल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चीन की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस रिसर्च कंपनी डीपसीक ने अपना नया एक्सपेरिमेंटल मॉडल वी




3.2-एक्सपी जारी किया है। यह मॉडल खासतौर पर लंबे कॉन्टेक्स्ट ऑपरेशंस के दौरान इनफेरेंस कॉस्ट को कम करने के लिए डिजाइन किया गया है। डीपसीक ने एआई कम्यूनिटी प्लेटफार्म हगिंग फेस पर इसकी घोषणा की और गिटहब पर इससे जुड़ा एक रिसर्च पेपर भी जारी किया। कंपनी का दावा है कि इस मॉडल से एपीआई (एप्लीकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस) कॉल की कीमत आधी तक कम की जा सकती है।

#### दो महत्वपूर्ण सिस्टम सिस्टम से जुड़ा है

नए मॉडल की सबसे अहम तकनीक है डीपसीक स्पर्श अटेंशन। इसमें दो अहम सिस्टम शामिल हैं पहली लाइटनिंग इंडेक्सर, जो कॉन्टेक्स्ट विंडो से जरूरी हिस्सों को चुनता है। दूसरी फाइन-ग्रेन टोकन सिलेक्शन सिस्टम, जो इन हिस्सों से खास टोकन चुनकर अटेंशन विंडो में लोड करता है। इन दोनों प्रक्रियाओं की मदद से मॉडल लंबे टेक्स्ट को भी कम सर्वर लोड पर प्रोसेस कर सकता है। कंपनी के शुरुआती परीक्षणों में पाया गया कि स्पर्श अटेंशन की मदद से लंबे कॉन्टेक्स्ट वाले एपीआई कॉल्स की कीमत 50% तक घटाई जा सकती है।

### पाक के क्वेटा में आत्मघाती विस्फोट के बाद... हुई गोलीबारी

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में हालात एक बार फिर बेकाबू हो गए हैं। बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा में बड़ा बम धमाका हुआ, जिससे पूरे इलाके में दहशत फैल गई है।


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी मोहित, पुत्रः** पवन, **पताः** गल्ला की बिल्डिंग गली नंबर 9, खजूरी खास, दिल्ली **E- FIR No. 865/2014, U/S: 304(2)/317(2)/3(5) भारतीय न्याय संहिता–2023 पुलिस थानाः कश्मीरी गेट, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहित,** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहित,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **मोहित, E-FIR No. 865/2014, U/S: 304(2)/317(2)/3(5) भारतीय न्याय संहिता–2023 पुलिस थानाः कश्मीरी गेट, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.11.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री वैभव गर्ग
एलडी न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–11,
कोर्ट संख्या 138
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/13032/N/2025
(Court Matter)

### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राशिद खान, पुत्रः** शकील हसन, **पताः** मकान नं. 286, ई–ब्लॉक, ई–2, नंद नगरी, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 846/2016 U/s 498-A/406/34 IPC, थानाः नंद नगरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राशिद खान** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राशिद खान** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 846/2016 U/s 498-A/406/34 IPC, थानाः नंद नगरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **राशिद खान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री निधि बाला
न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी, महिला कोर्ट–03
कमरा नं. 08, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/13145/NE/2025
(Court Matter)


## अत्याधुनिक हथियारों से लैस होंगे सारे रोबोट, दुश्मन का टिकना होगा मुश्किल

मनुष्यों की जान बचाने वाले मिशन में जोखिम कम होगा

# दुश्मन की हर एक चुनौती से निपटने के लिए डीआरडीओ तैयार कर रहा 'रोबोटिक सेना'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) दिन-प्रतिदिन नई तकनीकों पर काम कर रहा है। इसमें रोबोटिक सिस्टम, ऑटोमेटिक उपकरण और एआई शामिल हैं। इन तकनीकों का उद्देश्य सैनिकों की सुरक्षा बढ़ाना खतरनाक माहौल में नुकसान कम से कम और युद्ध क्षेत्र में बेहतर निर्णय क्षमता हासिल करना है। डीआरडीओ द्वारा एआई-आधारित नियंत्रण एवं रक्षा प्रणालियां विकसित की जा रही हैं।

आईए जानते हैं भविष्य में दुश्मन देश से लड़ाई की तैयारी क्या है? डीआरडीओ के पुणे स्थित रिसर्च एंड डेवलपमेंट इस्टेब्लिशमेंट (इंजीनियर्स) ने एक ह्यूमनोइड रोबोट विकसित करने की शुरुआत की है।

### 2027 तक तैयार हो जाएगी रोबोटिक सेना




#### ये है खासियत

बम निष्क्रिय करने वाला रोबोट, जो खतरनाक वस्तुओं की पहचान और उन्हें सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय करने का काम करता है। सैनिकों को सीधे खतरे से बचाया जा सकेगा। जैसे, आतंकवाद, बम निष्क्रिय करने, खतरनाक इलाके में गश्त में उपयोगी होंगे। मनुष्यों की जान बचाने वाली मिशन में जोखिम कम होगा।

#### प्रोटोटाइप हो चुके हैं तैयार

इसके ऊपरी और निचले हिस्से के प्रोटोटाइप तैयार हो चुके हैं। यह रोबोट खतरनाक वस्तुओं को संभालने, अवरोधों हटाने, दरवाजे खोलने बंद सकेगा। दिन और रात दोनों तरह के हालात में काम करने के लिए डिज़ाइन हो रहा है। ह्यूमनोइड रोबोट प्रोजेक्ट का लक्ष्य है 2027 तक महत्वपूर्ण परीक्षण और विकास पूरा होना। तकनीकी चुनौतियां, विश्वसनीयता, नियंत्रण और नैतिक / कानूनी दिशा-निर्देश आदि के कारण अभी सेना में शामिल करने में देरी होगी।

#### जोखिम और चिंताए

एआई गलत जानकारी दे सकता है या सेंसर्स/डेटा फ्यूजन में त्रुटियां हो सकती हैं। मनुष्यता और नियंत्रण का सवाल रहेगा। मानव नियंत्रण कितना हो, गलती होने पर जिम्मेदारी किसकी होगी।

#### एक्सोस्केलेटन सूट

ऐसी शक्ति बढ़ाने वाली पोशाक, जो सैनिकों की थकान कम करेगी और उनकी काम करने की अवधि को बढ़ाएगी। यह अभी विकास के चरण में है।

#### प्रोजेक्ट्स

*इंटेलिजेंट अनमैन्ड सिस्टम्स, कंप्यूटर विजन, पाथ-प्लानिंग, स्लैम यानी सिमुल्टेनिअस लोकलाइजेशन एंड मैपिंग, टैक्टिकल सेंसर नेटवर्क, स्वाम रोबोटिक सिस्टम।*

***गन ऑन ड्रोनः** डीआरडीओ ने ऐसी ड्रोन प्रणाली विकसित की है।*

## चिंतन

# पाक को लहूलुहान कर रहे उसके पाले आतंकी

जो कांच के मकान में रहते हैं वो दूसरों पर पत्थर नहीं फेंकते। यह कहावत पूरी तरह से पाकिस्तान पर फिट बैठती है। वो आतंकवाद का पोषण करते-करते खुद उसके जाल में फंस चुका है। जिन आतंकियों को उसने भारत में खून-खराबा करने के लिए पाला था, अब वही पाक में खून की नदियां बहा रहे हैं, लेकिन पाक हुक्मरान अभी भी इसे कबूल करने की बजाए आतंकवाद का महिमामंडन करने से बाज नहीं आ रहे। मंगलवार को पाक के क्वेटा शहर में भीड़भाड़ वाली सड़क पर सुसाइड बम ब्लास्ट हुआ। इसमें 10 लोगों की मौत हो गई और 32 घायल हुए हैं। मारे गए लोगों में चार आतंकवादी भी बताए जा रहे हैं। विस्फोट पैरामिलिट्री फोर्स हेडक्वार्टर के पास एक गाड़ी में हुआ। धमाका इतना तेज था कि आसपास के घरों की खिड़कियां टूट गई और दीवारों में दरारें आ गईं। क्वेटा में इस महीने यह दूसरा बम ब्लास्ट हुआ है। इससे पहले 3 सितंबर को क्वेटा बलूच नेशनल पार्टी की रैली के दौरान बम विस्फोट हुआ था। इसमें 11 लोगों की मौत हुई थी। 40 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। हालात ये हो गए हैं कि ग्लोबल टेररिज्म इंडेक्स 2025 के मुताबिक, बुर्किना फासो के बाद पाकिस्तान दुनिया का दूसरा सबसे आतंक प्रभावित देश बन चुका है, जबकि 2024 में यह चौथे स्थान पर था। टीटीपी हमलों में 90 फीसदी की वृद्धि हुई है और बलूच आर्मी के हमले 60 प्रतिशत बढ़े है। वहां के नेता इससे सीख लेने की बजाए इसका दोषारोपण भारत पर करके पल्ला झाड़ने की बेहयाई दिखाने से बाज नहीं आ रहे। मंगलवार को हुए हमले के कुछ ही देर बाद राष्ट्रपति आसीफ अली जरदारी ने बयान जारी कर दिया कि हमले के पीछे भारत समर्थित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के आतंकियों का हाथ है। बिना किसी जांच, बिना किसी सबूत किसी पर भी आरोप लगा देना, ये केवल और केवल पाकिस्तानी हुक्मरान ही कर सकते हैं। जबकि सच्चाई ये है कि 2001 में अमेरिका के अफगानिस्तान पर हमले के बाद पाकिस्तान ने अमेरिका का साथ दिया तो इससे तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान नाराज हो गया, वे इसे इस्लाम के खिलाफ मानता था। टीटीपी नेताओं का मानना है कि पाकिस्तान सरकार सच्चा इस्लाम नहीं मानती है, इसलिए वो इसके खिलाफ हमला करता है। टीटीपी का अफगान तालिबान के साथ गहरा जुड़ाव है। दोनों समूह एक-दूसरे को समर्थन देते हैं। 2021 में अफगान तालिबान के सत्ता में आने के बाद पाकिस्तान ने टीटीपी को निशाना बनाकर अफगानिस्तान में हमले किए। इससे उनकी नाराजगी और भी बढ़ गई। इसके चलते वो पाक में खून-खराबा कर रहा है। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान को लगातार दूसरे साल पाकिस्तान का सबसे खतरनाक आतंकवादी संगठन बताया गया। 2024 में इस ग्रुप ने 482 हमले किए, जिसकी वजह से 558 मौतें हुई थीं, जो 2023 के मुकाबले 91 प्रतिशत ज्यादा हैं। खुद पाक मानता है कि टीटीपी पश्तून समुदाय की गरीबी, बेरोजगारी और सरकार की अनदेखी जैसी शिकायतों का फायदा उठाता है और उनके सहयोग से हमलों को अंजाम देता है। फिर इसमें भारत कहां से आ गया। पाक नेताओं को कुछ भी बोलने से पहले सोचना चाहिए। अब जबकि उसका अपना घर जल रहा है, वो इसे समझने की बजाए भारत पर ही निशाना साधने की फिराक में है। इसमें उसे रत्तीभर सफलता नहीं मिल सकती। क्योंकि पूरी दुनिया जानती है कि पाकिस्तान खुद आतंकवाद का पोषक है। उसने सैकड़ों की संख्या में आतंकी सरगना पाल रखे हैं।



विचार

दत्तात्रेय होसबाले

# समाज सहयोग से संघ शताब्दी यात्रा सुगम बनी

संघ का कार्य लगातार समाज के समर्थन से ही आगे बढ़ता गया। संघ कार्य सामान्य जन की भावनाओं के अनुरूप होने के कारण शनैः शनैः इस कार्य की स्वीकार्यता समाज में बढ़ती चली गई। स्वामी विवेकानंद से एक बार उनके विदेश प्रवास में यह पूछा गया कि आपके देश में तो अधिकतम लोग अनपढ़ हैं, अंग्रेजी तो जानते ही नहीं हैं, तो आपकी बड़ी-बड़ी बातें भारत के लोगों तक कैसे पहुंचेगी? उन्होंने कहा कि जैसे चीटियों को शक्कर का पता लगाने के लिए अंग्रेजी सीखने की जरूरत नहीं है, वैसे ही मेरे भारत के लोग अपने आध्यात्मिक ज्ञान के चलते किसी भी कोने में चल रहे सात्विक कार्य को तुरंत समझ जाते हैं व वहीं वो चुपचाप पहुँच जाते हैं।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्य को अभी सौ वर्ष पूर्ण हो रहे है। इस सौ वर्ष की यात्रा में कई लोग सहयोगी और सहभागी रहे हैं। यह यात्रा परिश्रम पूर्ण और कुछ संकटों से अवश्य घिरी रही, परंतु सामान्य जनों का समर्थन उसका सुखद पक्ष रहा। आज जब शताब्दी वर्ष में सोचते हैं तो ऐसे कई प्रसंग और लोगों का स्मरण आता है, जिन्होंने इस यात्रा की सफलता के लिए स्वयं सब कुछ समर्पित कर दिया।

प्रारंभिक काल के वे युवा कार्यकर्ता एक योद्धा की तरह देश प्रेम से ओत-प्रोत होकर संघ कार्य के लिए देशभर में निकल पड़े। अप्पाजी जोशी जैसे गृहस्थ कार्यकर्ता हों या प्रचारक स्वरूप में दादाराव परमार्थ, बालासाहब व भाऊराव देवरस बंधु, यादवराव जोशी, एकनाथ रानडे आदि लोग डॉक्टर हेडगेवार जी के सान्निध्य में आकर संघ कार्य को राष्ट्र सेवा का जीवनव्रत मानकर जीवन पर्यन्त चलते रहे।

संघ का कार्य लगातार समाज के समर्थन से ही आगे बढ़ता गया। संघ कार्य सामान्य जन की भावनाओं के अनुरूप होने के कारण शनैः शनैः इस कार्य की स्वीकार्यता समाज में बढ़ती चली गई। स्वामी विवेकानंद से एक बार उनके विदेश प्रवास में यह पूछा गया कि आपके देश में तो अधिकतम लोग अनपढ़ हैं, अंग्रेजी तो जानते ही नहीं हैं, तो आपकी बड़ी-बड़ी बातें भारत के लोगों तक कैसे पहुंचेगी? उन्होंने कहा कि जैसे चीटियों को शक्कर का पता लगाने के लिए अंग्रेजी सीखने की जरूरत नहीं है, वैसे ही मेरे भारत के लोग अपने आध्यात्मिक ज्ञान के चलते किसी भी कोने में चल रहे सात्विक कार्य को तुरंत समझ जाते हैं व वहीं वो चुपचाप पहुँच जाते हैं। इसलिए वे मेरी बात समझ जायेंगे। यह बात सत्य सिद्ध हुई। वैसे ही संघ के इस सात्विक कार्य को धीरे क्यों न हो, सामान्य जन से स्वीकार्यता व समर्थन लगातार मिल रहा है।

संघ कार्य के प्रारंभ से ही संपर्कित व नये-नये सामान्य परिवारों द्वारा संघ कार्यकर्ताओं को आशीर्वाद व आश्रय प्राप्त होता रहा। स्वयंसेवकों के परिवार ही संघ कार्य संचालन के केंद्र रहे। सभी माता-भगिनियों के सहयोग से ही संघ कार्य को पूर्णता प्राप्त हुई। दत्तोपंत ठेंगड़ी या यशवंतराव केलकर, बालासाहेब देशपांडे तथा एकनाथ रानडे, दीनदयाल उपाध्याय या दादासाहेब आपटे जैसे लोगों ने संघ प्रेरणा से समाज जीवन के विविध क्षेत्रों में संगठनों को खड़ा करने में अहम भूमिका निभाई। ये सभी संगठन वर्तमान समय में व्यापक विस्तार के साथ-साथ उन क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव लाने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। समाज की बहनों के मध्य इसी राष्ट्र कार्य हेतु राष्ट्र सेविका समिति के माध्यम से मौसी जी केलकर से लेकर प्रमिलाताई मेढ़े जैसी मातृसमान हस्तियों की भूमिका इस यात्रा में अत्यंत महत्वपूर्ण रही है।

संघ द्वारा समय-समय पर राष्ट्रीय हित के कई विषयों को उठाया गया। उन सभी को समाज के विभिन्न लोगों का समर्थन प्राप्त हुआ, जिनमें कई बार सार्वजनिक रूप से विरोधी दिखने वाले लोग भी शामिल रहे। संघ का यह भी प्रयास रहा कि व्यापक हिंदू हित के मुद्दों पर सभी का सहयोग प्राप्त किया जाए। राष्ट्र की एकात्मता, सुरक्षा, सामाजिक सौहार्द तथा लोकतंत्र एवं धर्म-संस्कृति की रक्षा के कार्य में असंख्य स्वयंसेवकों ने अवर्णनीय कष्ट का सामना किया और सैकड़ों का बलिदान भी हुआ। इन सबमें समाज के संबल का हाथ हमेशा रहा है।

1981 में तमिलनाडु के मीनाक्षीपुरम में भ्रमित करते हुए कुछ हिंदुओं का मतांतरण करवाया गया। इस महत्वपूर्ण विषय पर हिंदू जागरण के क्रम में आयोजित लगभग पांच लाख की उपस्थिति वाले सम्मेलन की अध्यक्षता करने हेतु तत्कालीन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. कर्णसिंह उपस्थित रहे।

1964 में विश्व हिन्दू परिषद की स्थापना में प्रसिद्ध संन्यासी स्वामी चिन्मयानंद, मास्टर तारा सिंह व जैन मुनी सुशील कुमार जी, बौद्ध भिक्षु कुशोक बकुला व नामधारी सिख सद्गुरु जगजीत सिंह इनकी प्रमुख सहभागिता रही। हिन्दू शास्त्रों में अस्पृश्यता का कोई स्थान नहीं है यह पुनर्स्थापित करने के उद्देश्य से श्री गुरुजी गोलवलकर की पहल पर उडुपी में आयोजित विश्व हिंदू सम्मेलन में पूज्य धर्माचार्यों सहित सभी संतों-महंतों का आशीर्वाद व उपस्थिति रही। जैसे प्रयाग सम्मेलन में न हिंदुः पतितो भवेत् ( कोई हिन्दू पतित नहीं हो सकता) का प्रस्ताव स्वीकार हुआ था वैसे ही इस सम्मेलन का उद्घोष था - हिंदवः सोदराः सर्वे अर्थात सभी हिन्दू भारत माता के पुत्र हैं। इन सभी में तथा गौहत्या बंदी का विषय हो या राम जन्मभूमि अभियान, संतों का आशीर्वाद संघ स्वयंसेवकों को हमेशा प्राप्त होता रहा है।



स्वाधीनता के तुरंत पश्चात राजनीतिक कारणों से संघ कार्य पर तत्कालीन सरकार द्वारा जब प्रतिबंध लगाया गया, तब समाज के सामान्य जनों के साथ अत्यंत प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने विपरीत परिस्थितियों में भी संघ के पक्ष में खड़े होकर इस कार्य को संबल प्रदान किया। यही बात आपातकाल के संकट समय में भी अनुभव में आई। यही कारण है कि इतनी बाधाओं के पश्चात भी संघ कार्य अक्षुण्ण रूप से निरंतर आगे बढ़ रहा है। इन सभी परिस्थितियों में संघ कार्य एवं स्वयंसेवकों को संभालने का दायित्व हमारी माता-भगिनीयों ने बड़ी कुशलता से निभाया। यह सभी बातें संघ कार्य हेतु सर्वदा प्रेरणास्रोत बन गई हैं।

भविष्य में राष्ट्र की सेवा में समाज के सभी लोगों के सहयोग एवं सहभागिता के लिए संघ स्वयंसेवक शताब्दी वर्ष में घर-घर संपर्क के द्वारा विशेष प्रयास करेंगे। देशभर में बड़े शहरों से लेकर सुदूर गांवों के सभी जगहों तक तथा समाज के सभी वर्गों तक पहुंचने का प्रमुख लक्ष्य रहेगा। समूचे सज्जन शक्ति के समन्वित प्रयासों द्वारा राष्ट्र के सर्वांगीण विकास की आगामी यात्रा सुगम एवं सफल होगी।

*-लेखक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह हैं*

## सरोकार

पूजा मेहरा



# रोजगार से ही आत्मनिर्भर बन सकती हैं महिलाएं

हर सुबह की तरह नाथवाना गांव की 27 वर्षीय किरण अपने छोटे से घर के आंगन में बैठी खाना पकाने की तैयारी कर रही है। वहीं बगल में उसके तीन छोटे बच्चे खेल रहे हैं। किरण रोजमर्रा के काम निपटाने के बाद खेतों में मजदूरी करने भी जाती है। मजदूरी से जो थोड़े पैसे मिलते हैं, उनसे घर का खर्च चलाना मुश्किल हो जाता है। वह अक्सर सोचती कि काश गांव में ही कोई ऐसा काम होता जिसे करके वह घर भी संभाल पाती और थोड़ा बेहतर जीवन जी पाती। यह सिर्फ किसी एक किरण की कहानी नहीं है बल्कि उसकी जैसी असंख्य महिलाएं राजस्थान के गांवों में आज भी रोजगार के लिए संघर्ष कर रही हैं। उनकी मेहनत और जिम्मेदारियां बहुत हैं, लेकिन अवसर कम। जिन्हें अपनी कड़ी मेहनत के बावजूद श्रम का उचित मूल्य नहीं मिल पाता है। इससे वह विकास की दौड़ में पिछड़ जाती हैं। हालांकि विशेषज्ञों का मानना है कि महिलाओं के विकास का रास्ता रोजगार से होकर ही गुजरता है। इससे न केवल उन्हें आर्थिक स्वतंत्रता मिलती है बल्कि उनका आत्म-सम्मान, निर्णय लेने की शक्ति और सामाजिक पहचान भी मजबूत होती है। नाथवाना गांव जैसे इलाकों में महिलाओं को रोजगार से जोड़ना इसलिए बेहद जरूरी है क्योंकि यहां की महिलाएं अब भी परंपरागत सोच, संसाधनों की कमी और शिक्षा की सीमाओं से बंधी हुई हैं। जब उन्हें काम और कमाई का अवसर मिलेगा, तभी वे अपने बच्चों की पढ़ाई, पोषण और परिवार की खुशहाली में बराबरी का योगदान दे सकेंगी। आंकड़े बताते हैं कि राजस्थान के ग्रामीण इलाकों में महिला श्रम-शक्ति की स्थिति मिश्रित है। ग्रामीण राजस्थान में महिलाओं का श्रम भागीदारी दर (15 वर्ष और उससे अधिक आयु) राष्ट्रीय औसत से लगभग 10 प्रतिशत अधिक है। इसका मतलब यह है कि महिलाएं किसी न किसी रूप में काम कर रही हैं, परंतु यह काम ज्यादातर असंगठित क्षेत्र या कृषि मजदूरी तक सीमित है। एक अध्ययन में बताया गया है कि लगभग 82 प्रतिशत ग्रामीण महिलाएं कृषि और खेतिहर मजदूरी में लगी हैं। यह काम अनिश्चित, कम वेतन वाला और सुरक्षा रहित होता है। यानी महिलाएं मेहनत तो खूब करती हैं, पर उनका योगदान समाज और परिवार दोनों ही जगहों पर कम करके आंका जाता है। नाथवाना गांव में भी तस्वीर लगभग ऐसी ही है। महिलाएं खेतों में काम करती हैं, पशुपालन करती हैं, घर और बच्चों की देखभाल करती हैं। परंतु इन्हें 'रोजगार' नहीं माना जाता क्योंकि इन कामों के लिए नियमित आय या सम्मानजनक वेतन नहीं मिलता। यही वजह है कि वह आर्थिक रूप से किसी पर निर्भर बनी रहती है। यदि इन्हें संगठित ढंग से स्वरोजगार के अवसर, प्रशिक्षण और बाजार तक पहुंच मिले तो यह मेहनत एक उत्पादक और सम्मानजनक रोजगार में बदल सकती है। रोजगार से जुड़ी यह कमी केवल आर्थिक पक्ष तक सीमित नहीं रहती, बल्कि यह सामाजिक ढांचे को भी प्रभावित करती है। एक महिला जो अपने पैरों पर खड़ी होती है, वह न केवल घर के खर्च उठाने में मदद करती है, बल्कि वह अपने बच्चों की पढ़ाई को प्राथमिकता देती है। एक सर्वे के अनुसार जब किसी परिवार में महिला आय अर्जित करती है तो उस परिवार में बालिकाओं के स्कूल जाने की संभावना 20 प्रतिशत तक बढ़ जाती है। यही नहीं, परिवार का पोषण स्तर और स्वास्थ्य पर खर्च भी बढ़ता है। नाथवाना गांव में 45 वर्षीय द्रौपदी कहती हैं कि अगर उन्हें सिलाई, बुनाई, कढ़ाई या डेयरी का प्रशिक्षण और छोटा-सा ऋण मिल जाए तो वे घर बैठकर भी कमाई कर सकती हैं। लेकिन आज भी प्रशिक्षण केंद्रों की दूरी, परिवहन की दिक्कतें और सामाजिक बंदिशें उन्हें पीछे खींच लेती हैं। एक और बाधा यह है कि समाज में महिला की भूमिका को अभी भी 'घर तक सीमित' मानने की सोच हावी है। यही कारण है कि शिक्षा प्राप्त करने के बावजूद कई महिलाएं रोजगार तक नहीं पहुंच पातीं। आंकड़े बताते हैं कि राजस्थान में उच्च माध्यमिक शिक्षा प्राप्त महिलाओं का काम में शामिल होने का अनुपात केवल 22 प्रतिशत है। इसका साफ मतलब है कि शिक्षा बढ़ने के बाद भी रोजगार का रास्ता आसान नहीं होता, क्योंकि समाज और व्यवस्था दोनों ही स्तर पर समर्थन कम है। हालांकि जब नाथवाना की महिलाएं रोजगार से जुड़ेंगी, तो यह केवल उनकी आय का सवाल नहीं होगा, बल्कि समाज में उनकी आवाज और अस्तित्व को मान्यता देने का सवाल होगा। सके लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए स्थानीय स्तर पर प्रयास करने होंगे। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को ऋण और बाजार से जोड़ना, कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करना, और सरकार की योजनाओं में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना आवश्यक है।

*( लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

## धैर्य के साथ करें आत्ममूल्यांकन



संकलित

दर्शन

प्रकृति हमेशा एक मार्गदर्शक के रूप में हमें प्रेरित व उत्साहित करती रहती है। हर पेड़, पौधे, फूल, पत्तों का एक मौन संदेश हुआ करता है कि स्वयं को निरंतर गतिमान और संतुलित रखने के लिए धैर्य चाहिए। पेड़ों पर मंजरी या बौर आने के तुरंत बाद ही तो फल नहीं आ जाता। हौले-हौले ही यह प्रक्रिया सम्पन्न होती है। माटी, हवा और पानी से जिस तरह एक पौधा धीरज रखकर खुद को पुष्पित और पल्लवित करता है, हमें भी ऐसा ही जीवन दर्शन अपनाना चाहिए। महर्षि अरविंद अपने पास आने वाले जिज्ञासु को यह मंत्र देते थे कि मनुष्य अपने सारे जीवन का वास्तुकार स्वयं ही है। हम अपनी रुचि और सोच-विचार के हिसाब से दिनचर्या तय करते हैं। अपने तौर तरीके से दिन बिताते हैं। सब सामान्य रहता है, तो हम खुश रहते हैं। लेकिन इस दिनचर्या में कुछ जरा-सा भी कुछ अनचाहा हुआ नहीं कि हम सिर पीटने लगते है। हमारा धैर्य डोल जाता है। हमारी पसंद से बने हुए जीवन की हलचल और हिचकोले हमें विचलित कर देते हैं। हम गलती से भी आत्म अवलोकन नहीं करते।हम अपनी भूमिका न देखकर किसी और पर दोष मढ़ देते हैं। ऐसा प्रदर्शित करते हैं कि इस हालत के लिए उनके अलावा सब ही जिम्मेदार हैं। आरोप लगाने और खुद साफ बच जाने के इस पल में हम चतुराई से यह सच छिपा जाते हैं कि कर्म का नियम कुछ और ही है। कर्म का सिद्धांत यह साफ कहता है कि हमारे हर दुख कष्ट आदि के लिए हम ही जिम्मेदार हैं, कोई दूसरा नहीं।

## ब्राह्मण का सपना



संकलित

प्रेरणा

एक नगर में कोई कंजूस ब्राह्मण रहता था। उसने भिक्षा से प्राप्त सत्तुओं में से थोड़े से खाकर शेष से एक घड़ा भर लिया था। उस घड़े को उसने रस्सी से बांधकर खूंटी पर लटका दिया और उसके नीचे पास ही खटिया डालकर उसपर लेटे-लेटे विचित्र सपने लेने लगा, और कल्पना के हवाई घोड़े दौड़ाने लगा। उसने सोचा कि जब देश में अकाल पड़ेगा तो इन सत्तुओं का मूल्य 100 रुपए हो जाएगा। उन सौ रुपयों से मैं दो बकरियां लूँगा। छः महीने में उन दो बकरियों से कई बकरियां बन जाएंगी। उन्हें बेचकर एक गाय लूंगा। गौओं के बाद भैंसें लूंगा और फिर घोड़े ले लूंगा। घोड़ों को महंगे दामों में बेचकर मेरे पास बहुत सा सोना हो जाएगा। सोना बेचकर मैं बहुत बड़ा घर बनाऊँगा। मेरी सम्पत्ति को देखकर कोई भी ब्राह्मण अपनी सुरुपवती कन्या का विवाह मुझसे कर देगा। वह मेरी पत्नी बनेगी। उससे जो पुत्र होगा उसका नाम मैं सोमशर्मा रखूंगा। जब वह घुटनों के बल चलना सीख जाएगा तो मैं पुस्तक लेकर घुड़शाला के पीछे की दीवार पर बैठा हुआ उसकी बाल-लीलाएं देखूंगा। उसके बाद सोमशर्मा मुझे देखकर माँ की गोद से उतरेगा और मेरी ओर आएगा तो मैं उसकी मां को क्रोध से कहूँगा- 'अपने बच्चे को संभाल।' वह गृह-कार्य में व्यग्र होगी, इसलिए मेरा वचन न सुन सकेगी। तब मैं उठकर उसे पैर की ठोकर से मारुंगा। यह सोचते ही उसका पैर ठोकर मारने के लिए ऊपर उठा। वह ठोकर सत्तु-भरे घड़े को लगी। घड़ा चकनाचूर हो गया। कंजूस ब्राह्मण के स्वप्न भी साथ ही चकनाचूर हो गए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### स्वदेशी, स्वदेशी और स्वदेशी

राष्ट्रपिता गांधी जी ने केवल सत्य, अहिंसा और प्यार को आधार बना कर स्वदेशी के अस्त्र से अंग्रेजों को धूल चटा कर निकाल बाहर किया और भारत को स्वतंत्र करवाया। आज जब भारत वैश्विक षड्यंत्रों का शिकार है और अमरीका की आततायी नीति भारत को जख्म दे रही है, ऐसे में भारत केवल स्वदेशी की ढाल से अपनी और जनता की रक्षा कर सकता है। अमरीका, पाकिस्तान जैसे आतंकी राष्ट्र को यूएन में उच्च पद देकर तथा आर्थिक मदद दिलवा कर भारत और चीन दोनों को नुकसान पहुंचाना चाहता है। चीन का एक गुर्गा हथिया कर भारत व पाकिस्तान को अलग कर शोषण करना चाहता है। रूस की शक्ति क्षीण कर यूक्रेन के संसाधनों को हड़पना उसका लक्ष्य है। ऐसे में भारत को फैशन और चोंचलेबाजी छोड़ स्वदेशी और भारत में निर्मित वस्तुओं का उपयोग करना चाहिए। – *खेमराज देवांगन, राजिम*

## ट्रेंड

### दिवंगत आत्मा को नमन

जनसंघ से लेकर जनता पार्टी और भाजपा तक संगठन को आकार और विस्तार देने में अहम भूमिका निभाने वाले भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय कुमार मल्होत्रा के निधन से मन अत्यंत व्यथित है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें।

**-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**



### भारत-भूटान रेल संपर्क

भारत-भूटान रेल संपर्क, जिनमें से एक भूटान के माइंडफुलनेस सिटी को असम के कोकराझार से जोड़ेगा, एक नए आर्थिक गलियारे की नींव रखेगा। इससे पूर्वोत्तर के फलते-फूलते बाज़ारों और गेलेफू में बनने वाले नवाचार केंद्र के बीच तालमेल बढ़ेगा।

**- हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम**



### निष्पक्ष न्यायिक जांच हो

पिता फौजी, बेटा भी फौजी - जिनके खून में देशभक्ति बसी है। फिर भी बीजेपी सरकार ने देश के वीर बेटे की गोली मारकर जान ले ली, सिर्फ इसलिए क्योंकि वो लद्दाख और अपने अधिकार के लिए खड़ा था। हमारी मांग है कि लद्दाख में हुई इन हत्याओं की निष्पक्ष न्यायिक जांच हो।

**-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**



### पारदर्शिता ही ईमानदारी

उप्र शिक्षा सेवा चयन आयोग जब परीक्षा करवा ही नहीं पाता है तो भंग क्यों नहीं कर दिया जाता। पारदर्शिता ही ईमानदारी को सुनिश्चित करती है और व्यवस्था में विश्वास को भी। कुछ तो है जिसकी पर्दा-दारी है।


**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**



## करंट अफेयर

# अफगानिस्तान में बंद हुई इंटरनेट सेवाएं


अफगानिस्तान में सोमवार को इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गईं। स्थानीय मीडिया के अनुसार, अनैतिकता पर तालिबान की कार्रवाई के मद्देनजर इंटरनेट सेवाओं को संभावित रूप से देशव्यापी स्तर पर बंद कर दिया गया है। तालिबान के अगस्त 2021 में सत्ता पर काबिज होने के बाद यह पहली बार है जब अफगानिस्तान में इस तरह की बंद की कोई कार्रवाई हुई है। इस महीने की शुरुआत में तालिबान नेता हिबतुल्लाह अखुंदजादा द्वारा अनैतिकता को रोकने के लिए इंटरनेट सेवा पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी करने के बाद कई प्रांतों के 'फाइबर-ऑप्टिक कनेक्शन' बंद हो गए। इंटरनेट के इस्तेमाल, उस तक पहुंच का समर्थन करने वाले संगठन 'नेटब्लॉक्स' ने सोमवार को बताया कि इंटरनेट के इस्तेमाल के संबंध में मौजूदा वास्तविक जानकारी के अनुसार अफगानिस्तान में 'कनेक्टिविटी' सामान्य स्तर के 14 प्रतिशत तक गिर गई और देशभर में टेलीकॉम सेवाओं में लगभग पूर्ण व्यवधान देखा जा रहा है।



## ऑफ बीट

# हर जगह चेहरे की पहचान के फायदे और नुकसान

अब जब आप किसी दुकान में प्रवेश करें, फ्लाइट में चढ़ें, अपने बैंक खाते में लॉगिन करें या सोशल मीडिया फीड स्क्रॉल करें, तो संभावना है कि आपसे चेहरा स्कैन करने के लिए कहा जाए। चेहरे की पहचान और अन्य प्रकार की बायोमेट्रिक तकनीक अब पहचान का एक आम जरिया बनती जा रही है। इसे तेज, सुविधाजनक और सुरक्षित बताया जाता है, लेकिन इसके साथ ही यह निजता के उल्लंघन को लेकर भी चिंता पैदा कर रही है। उदाहरण के लिए, ऑस्ट्रेलिया में केमार्ट जैसे बड़े रिटेलर्स बिना ग्राहक की सहमति के, इस तकनीक का इस्तेमाल कर कानून का उल्लंघन करते पाए गए हैं। तो क्या यह एक खतरनाक तकनीकी अतिक्रमण है या सुरक्षा का भविष्य? और खासकर जब बच्चे भी केवल अपने चेहरे से अपनी पहचान साबित करने लगे हैं, तो इसका परिवारों के लिए क्या अर्थ है? चेहरे की पहचान के दो पहलू चेहरे की पहचान तकनीक को सहज और सुविधाजनक सेवा के रूप में पेश किया जाता है। यात्रा उद्योग में यह बात स्पष्ट है, जहाँ क्वांटास जैसी एयरलाइंस इसे यात्रा को आसान बनाने वाला प्रमुख तरीका मानती हैं। पासपोर्ट और बोर्डिंग पास के झंझट से बचें, बस चेहरा स्कैन करें और आगे बढ़ें।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## मुख्यमंत्री मान ने अमित शाह से की मुलाकात

# बाढ़ प्रभावित पंजाब के लिए मांगा विशेष पैकेज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और हाल ही में आई भयानक बाढ़ों के कारण हुए भारी नुकसान को देखते हुए राज्य के लिए विशेष पैकेज की मांग की।

मुख्यमंत्री ने अमित शाह से उनके नई दिल्ली स्थित आवास पर मुलाकात की और बाढ़ पीड़ितों को एस.डी.आर.एफ./ एन.डी.आर.एफ. से मुआवजा दिलाने के लिए नियमों में संशोधन की मांग की। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री को बताया कि पंजाब ने दशकों बाद अपनी सबसे भयानक बाढ़ों में से एक का सामना किया है, जिससे 2614 गांवों के 20 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं और 6.87 लाख लोग बेघर हो गए हैं।

### खास बातें

- बाढ़ पीड़ितों के लिए मुआवजे को बढ़ाने हेतु एस.डी.आर.एफ./ एन.डी.आर.एफ. नियमों में संशोधन की मांग
- भगवंत ने अनाज की चल रही खरीद के दौरान मानकों में छूट देने की अपील



### 4.8 लाख एकड़ से अधिक फसलें नष्ट

भगवंत सिंह मान ने कहा कि इस आपदा ने व्यापक नुकसान पहुंचाया है, क्योंकि 4.8 लाख एकड़ से अधिक फसलें नष्ट हो गई हैं, 17,000 से अधिक घर क्षतिग्रस्त हुए हैं, 2.5 लाख से अधिक पशु प्रभावित हुए हैं, और 4657 किलोमीटर ग्रामीण सड़कें, 485 पुल, 1417 पुलियां और 190 मंडियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नुकसान का प्रारंभिक अनुमान 13,832 करोड़ रुपए है, जिसमें कृषि, बुनियादी ढांचा, स्वास्थ्य, शिक्षा और आजीविका का नुकसान शामिल है।

### एस.डी.आर.एफ. नियमों के तहत मुआवजा बढ़ाएं

उन्होंने कहा कि बाढ़ पीड़ितों को राहत पहुंचाने के लिए राज्य सरकार ने एस.डी.आर.एफ. नियमों के तहत 26 से 33 प्रतिशत फसल नुकसान के मुआवजे को मौजूदा 2000 रुपए प्रति एकड़ से बढ़ाकर 10,000 रुपए प्रति एकड़, 33 से 75 प्रतिशत फसल नुकसान के मुआवजे को मौजूदा 6800 रुपए से बढ़ाकर 10,000 रुपए प्रति एकड़, और 75 से 100 प्रतिशत फसल नुकसान के मुआवजे को मौजूदा 6800 रुपए से बढ़ाकर 20,000 रुपए प्रति एकड़ करने का फैसला किया है।

### कोई जवाब नहीं मिला

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि उन्होंने पहले ही मंत्रालय के समक्ष यह मुद्दा उठाया था। उन्होंने बताया कि अभी तक इसका कोई जवाब नहीं मिला है, इसलिए राज्य ने मुआवजे को बढ़ाने के लिए अपने स्तर पर राज्य बजट से हिस्सा बढ़ा दिया है।

**किसानों को 50,000 रुपए प्रति एकड़ दें**

*उन्होंने कहा कि मौजूदा एस.डी.आर.एफ./ एन.डी.आर.एफ. मानदंड नुकसान के वास्तविक पैमाने की पूर्ति के लिए अपर्याप्त हैं। उन्होंने कहा कि जहां फसलों का नुकसान 33 प्रतिशत और उससे अधिक है, वहां गृह मंत्रालय द्वारा प्रति एकड़ 6800 रुपए का मुआवजा दिया जाता है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि किसानों को इतना कम मुआवजा देना सरासर अन्याय होगा, क्योंकि फसलें लगभग तैयार थीं। इसलिए, किसानों को कम से कम 50,000 रुपए प्रति एकड़ का भुगतान किया जाना चाहिए।*

## बरेली में चला प्रशासन का बुलडोजर

# तौकीर रजा के करीबी का अवैध निर्माण ध्वस्त, कई प्रॉपर्टी सील



एजेंसी ▶▶ बरेली

यूपी के बरेली में हुई हिंसा के बाद अब बुलडोजर एक्शन हुआ है। मौलाना तौकीर रजा के करीबी के अवैध निर्माण पर नगर निगम का बुलडोजर चला है। ये एक अवैध चार्जिंग स्टेशन था, जिसे नगर निगम की जमीन पर कब्जा कर बनाया गया था। इसमें कई सारे ई-रिक्शा खड़े हुए हैं। ये अवैध चार्जिंग स्टेशन पार्षद का था, जिसका नाम ओमान रजा है। कार्रवाई के दौरान मौके पर भारी पुलिस बल मौजूद रहा। आरआरएफ की टीम, दमकल की गाड़ियां भी पहुंची। ड्रोन से निगरानी हो रही थी। बता दें, तौकीर रजा और उनके करीबियों पर अब प्रशासन का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। अब प्रशासन तौकीर की बेनामी संपत्तियों पर भी कार्रवाई की तैयारी कर रहा है। मंगलवार को उसके 'हमसफर पैलेस' रिजॉर्ट पर बरेली विकास प्राधिकरण ने सीलिंग का नोटिस लगा दिया। यह बेनामी संपत्ति बताई जा रही है। प्रशासन ने इसे गैरकानूनी निर्माण माना है और कई नोटिस देने के बाद एक्शन लिया है। बीते दिन तौकीर रजा की मार्केट भी सील की गई थी।

## खबर संक्षेप

### 'संचार-साथी' से 6 लाख मोबाइल बरामद

**नई दिल्ली।** दूरसंचार विभाग की नागरिक-केंद्रित प्रमुख डिजिटल सुरक्षा पहल 'संचार-साथी' के माध्यम से छह लाख से अधिक खोए और चोरी हुए मोबाइल हैंडसेट बरामद किये गये हैं। यह सुविधा हर एक मिनट में एक फोन का पता लगाने में सहायता कर रही है। संचार मंत्रालय ने बताया कि ये मोबाइल 'संचार साथी' पर 'अपने खोए/ चोरी हुए मोबाइल हैंडसेट को ब्लॉक करें' सुविधा के जरिये बरामद किए गए हैं और यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।



### ईडी जांच में शामिल हुई उर्वशी रौतेला

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री उर्वशी रौतेला मंगलवार को अवैध प्रतिबंधित सट्टेबाजी एप वनएक्सबेट से जुड़ी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की धनशोधन मामले की जांच में शामिल हुई। इससे पहले बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद, पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह और वेब सीरीज गंदी बात की अभिनेत्री अन्वेषी जैन ने अपना बयान दर्ज कराया था। 'वनएक्सबेट' एप भारत में अवैध तरीके से काम कर रहा है।



## भारतीय निर्वाचन आयोग ने बिहार में मतदाता सूची का एसईआर पूरा किया

# बिहार से 65 लाख घुसपैठिये मतदाता हुए बाहर, अंतिम सूची में 7 करोड़ 42 लाख मतदाता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय निर्वाचन आयोग ने बिहार में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसईआर पूरा कर लिया है। अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी गई है। इस अभियान में 65 लाख अपात्र और संदिग्ध मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए, जिससे लंबे समय से चल रही घुसपैठिये मतदाताओं की समस्या पर निर्णायक कार्रवाई हुई है।

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने एसआईआर के व्यापक अभियान को सफल बनाने के लिए बिहार की जनता, चुनाव अधिकारियों, राजनीतिक दलों और अन्य हितधारकों का आभार व्यक्त किया है। अंतिम मतदाता सूची आज प्रकाशित कर दी गई है, जिसमें लगभग 7.42 करोड़ मतदाता शामिल हैं।

**चुनाव आयोग ने एक लिंक शेयर किया है, जिस पर मतदाता अपने नाम, पते और अन्य विवरण की पुष्टि कर सकते हैं। निर्वाचक सूची का प्रकाशन विधानसभा चुनावों की तैयारियों में एक अहम कदम माना जा रहा है**

*65 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम हटाए*

*243 विधानसभा में 90,817 मतदान केंद्र*



### प्रारूप मतदाता सूची साझा की

प्रारूप मतदाता सूची भी सभी दलों के साथ साझा की गई, साथ ही गैर-शामिल नामों की सूची जिला पदाधिकारियों के कार्यालयों और सीईओ बिहार की वेबसाइट पर सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित की गई। निर्वाचन आयोग ने कहा कि यह पुनरीक्षण प्रक्रिया संविधान के अनुच्छेद 326 और आयोग के मूलमंत्र "कोई भी पात्र मतदाता सूची से छूटे नहीं और कोई अपात्र मतदाता शामिल न हो" के अनुरूप पूरी की गई।

### मीडिया को दिया धन्यवाद

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और ऑनलाइन मीडिया को भी धन्यवाद दिया है, जिन्होंने पूरे पुनरीक्षण अभियान के दौरान लगातार जागरूकता फैलाई और महत्वपूर्ण सुझाव दिए। राजनीतिक दलों के साथ नियमित बैठकें आयोजित की गईं ताकि उन्हें प्रक्रिया से अवगत कराया जा सके। 20 जुलाई 2025 तक सभी दलों को उन मतदाताओं की बूथ स्तरीय सूचियाँ साझा की गईं जिन्हें मृत पाया गया, जिन्होंने स्थानांतरित कर लिया, या जिनके नाम पंजीकरण में नहीं मिले।

### पुनरीक्षण प्रक्रिया के प्रमुख परिणाम (24 जून से 30 सितंबर 2025 तक)

- 24 जून 2025 तक कुल मतदाता – 7.89 करोड़
- प्रारंभिक सूची से हटाए गए मतदाता – 65 लाख
- 1 अगस्त 2025 को प्रारूप सूची में मतदाता – 7.24 करोड़
- अपात्र मतदाता हटाए गए – 3.66 लाख
- नए पात्र मतदाता जोड़े गए (फॉर्म-6 द्वारा) – 21.53 लाख
- 30 सितंबर 2025 को अंतिम सूची में कुल मतदाता – लगभग 7.42 करोड़

**भौतिक और डिजिटल प्रतियां सभी दलों को दे रहे**

*निर्वाचन आयोग ने कहा कि अंतिम मतदाता सूची की भौतिक और डिजिटल प्रतियां सभी राजनीतिक दलों को प्रदान की जा रही हैं, और कोई भी मतदाता इसे ऑनलाइन देख सकता है। एसआईआर के बड़े शीर्षासन को सफल बनाने में बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ), सभी 38 जिलों के जिला निर्वाचन अधिकारी (डीइओ), 243 निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ), 2,976 सहायक पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ), लगभग 1 लाख बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) और हजारों स्वयंसेवकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही, 12 प्रमुख राजनीतिक दलों, उनके जिला अध्यक्षों और 1.6 लाख से अधिक बूथ स्तरीय एजेंटों (बीएलए) ने भी सक्रिय सहयोग दिया।*

# उत्तराखंड में पत्रकार की संदिग्ध मौत पर राहुल गांधी का हमला- कहा, सच लिखने वालों को डराया जा रहा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ के युवा पत्रकार मुकेश चंद्राकर की वीभत्स हत्या का मामला अभी ठंडा भी नहीं पड़ा था कि उत्तराखंड के युवा पत्रकार राजीव प्रताप के लापता होने और फिर मृत अवस्था में मिलने के बाद राजनीतिक हलकों में हलचल मच गई है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को इस घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है।

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर जारी अपने बयान में कहा "उत्तराखंड के युवा पत्रकार राजीव प्रताप जी का लापता होना और फिर मृत पाया जाना सिर्फ़ दुखद नहीं, भयावह है। इस मुश्किल वक्त में मैं शोकाकुल परिवार के साथ खड़ा हूं और उन्हें अपनी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं।"

### ईमानदार पत्रकारिता भय के साये में

कांग्रेस नेता ने कहा कि भाजपा शासन में आज देश में ईमानदार पत्रकारिता भय और असुरक्षा के साये में जी रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि जो पत्रकार सच लिखते हैं, जनता के लिए आवाज उठाते हैं और सत्ता से सवाल पूछते हैं, उन्हें धमकियों और हिंसा के जरिए चुप कराने की कोशिश की जा रही है। राहुल गांधी ने कहा,"राजीव जी के साथ हुआ पूरा घटनाक्रम ऐसे ही षड्यंत्र की ओर इशारा करता है। उनकी मृत्यु की अविलंब, निष्पक्ष और पारदर्शी जांच होनी चाहिए और पीड़ित परिवार को बिना देरी न्याय मिलना चाहिए।"

### रहस्यमय ढंग से लापता हुए

राजीव प्रताप उत्तराखंड के एक प्रमुख डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म से जुड़े थे और हाल के महीनों में उन्होंने कई संवेदनशील मुद्दों पर रिपोर्टें प्रकाशित की थीं। उनके परिजनों के अनुसार, वे कुछ दिन पहले रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गए थे और बाद में उनका शव संदिग्ध हालत में बरामद किया गया। घटना ने राज्य की कानून-व्यवस्था और पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### लोकतांत्रिक संस्थाओं पर हमला

विपक्ष का कहना है कि यह मामला सिर्फ एक व्यक्ति की मौत नहीं बल्कि लोकतांत्रिक संस्थाओं पर हमला है। कांग्रेस सहित कई विपक्षी दलों ने इस पूरे प्रकरण की न्यायिक जांच की मांग की है ताकि सच्चाई सामने आ सके और दोषियों को कड़ी सजा मिले। राज्य सरकार ने फिलहाल जांच के आदेश देने की बात कही है, लेकिन पत्रकार संगठनों का कहना है कि जब तक स्वतंत्र एजेंसी से जांच नहीं कराई जाती, तब तक पत्रकार समुदाय को न्याय मिलने की उम्मीद नहीं है।

# गृहमंत्रालय की रिपोर्ट: आदिवासियों पर अपराध 29 फीसदी बढ़ा, मणिपुर सबसे ऊपर, छग में भी बढ़ोतरी "क्राइम इन इंडिया-2023" रिपोर्ट में सच्चाई उजागर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) द्वारा जारी "क्राइम इन इंडिया– 2023" रिपोर्ट ने एक गंभीर सामाजिक सच्चाई उजागर की है। अनुसूचित जनजाति (एसटी) समुदायों के खिलाफ अपराधों में देशभर में 28.8 फीसदी की तेज़ बढ़ोतरी दर्ज की गई है। 2022 में जहां कुल 10,064 मामले दर्ज हुए थे, वहीं 2023 में यह संख्या बढ़कर 12,960 हो गई।

रिपोर्ट के मुताबिक मणिपुर में रिकॉर्ड तोड़ उछाल दर्ज करते हुए केवल 1 मामले से बढ़कर 3,399 मामले दर्ज हुए, जबकि आदिवासी बहुल छत्तीसगढ़ भी शीर्ष राज्यों में शामिल रहा जहाँ 1,285 मामले दर्ज हुए जो पिछली बार की तुलना में चिंताजनक वृद्धि मानी जा रही है। हालांकि आंकड़े कई राज्यों से कम घटनाओं की ओर इशारा कर रहे हैं।

रिपोर्ट के अनुसार एसटी समुदायों पर दर्ज अपराधों में सबसे अधिक मामले साधारण चोट से जुड़े थे, जिनकी संख्या 2,757 (21.3 फीसदी) रही। इसके बाद दंगे और सामुदायिक हिंसा के 1,707 (13.2 फ़ीसदी) मामले और बलात्कार के 1,189 (9.2 फ़ीसदी) मामले दर्ज किए गए।

भूमि कब्जे से जुड़े 193 मामले, आगज़नी के 1,051 मामले और धमकी/अपमान के 203 मामले भी रिपोर्ट में शामिल हैं। कुल मिलाकर एसटी समुदाय के खिलाफ अपराध दर (प्रति एक लाख जनसंख्या पर) 9.6 से बढ़कर 12.4 तक पहुँच गई- जो सामाजिक न्याय के मोर्चे पर गंभीर चेतावनी मानी जा रही है।

2023 में आदिवासी समुदाय पर अपराधों में सबसे अधिक वृद्धि मणिपुर में देखी गई, जहाँ हिंसक जातीय संघर्षों और सामाजिक तनावों के बीच संख्या रिकॉर्ड स्तर पर पहुँची। मध्य प्रदेश में 2,858, राजस्थान में 2,453, जबकि छत्तीसगढ़ में 1,285 मामले दर्ज हुए- जो सभी राज्यों में शीर्ष पर हैं। छत्तीसगढ़ में इन मामलों की वृद्धि इस बात की ओर इशारा करती है कि आदिवासी इलाकों में सामाजिक-आर्थिक संघर्ष, भूमि विवाद और स्थानीय स्तर पर हिंसा बढ़ रही है।

## मुंबई हाईकोर्ट का निर्णय

# नाबालिग से शादी बलात्कार के पॉक्सो के तहत आरोपों से बचाव का आधार नहीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई उच्च न्यायालय ने 29 वर्षीय एक व्यक्ति के खिलाफ बलात्कार का मामला रद्द करने से यह कहते हुए इनकार कर दिया है कि उसे केवल इसलिए पॉक्सो अधिनियम के तहत आरोपों से मुक्त नहीं किया जा सकता, क्योंकि उसने पीड़ित नाबालिग लड़की से शादी की थी और अब उनका एक बच्चा भी है। उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ ने 26 सितंबर को पारित आदेश में व्यक्ति की इस दलील को स्वीकार करने से इनकार कर दिया कि वह 17 वर्षीय लड़की के साथ सहमति से संबंध में था और उसने शादी का पंजीकरण तभी कराया, जब वह 18 वर्ष की हो गई।



न्यायमूर्ति उर्मिला जोशी फाल्के और न्यायमूर्ति नंदेश देशपांडे की पीठ ने कहा कि नाबालिगों के बीच या उनके साथ संबंध में तथ्यात्मक सहमति 'यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम' के प्रावधानों के तहत अप्रासंगिक है। अदालत ने आरोपी व्यक्ति और उसके परिवार के सदस्यों द्वारा दायर उस अर्जी को खारिज कर दिया।

# राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश जी20 संसदीय अध्यक्षों के 11वें शिखर सम्मेलन में भागीदारी करेंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राज्य सभा के उपसभापति हरिवंश दक्षिण अफ्रीका के पश्चिमी केप के क्लेनमंड में 1 अक्टूबर से 3 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले 11वें जी-20 संसदीय अध्यक्षों के शिखर सम्मेलन (पी20) में भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे।

इस शिखर सम्मेलन के दौरान, हरिवंश वैश्विक सहयोग और संपोषणीय विकास के बारे में भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाने के लिए प्रमुख विचार-विमर्शों में भाग लेंगे। वे दो विषयों 'आपदा प्रतिरोधक क्षमता और अनुक्रिया का सुदृढ़ीकरण' तथा 'न्यायसंगत ऊर्जा संक्रमण के लिए वित्तीय संसाधन जुटाना' वाले सत्रों में अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। इन



चर्चाओं में जलवायु अनुकूलन संबंधी उपायों को बेहतर बनाने और आपदा प्रबंधन में सुधार हेतु संस्थागत कार्रवाई पर भारत के नीतिगत दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला जाएगा। इसके अतिरिक्त, वे 'संपोषणीय विकास के लिए महत्वपूर्ण खनिजों का दोहन करने' विषय संबंधी सत्र की अध्यक्षता भी करेंगे। शिखर सम्मेलन के अलावा, उपसभापति जर्मनी, इटली और अन्य देशों के अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे। ये विचार विनिमय अंतर-संसदीय सहयोग को सुदृढ़ करने, लोकतांत्रिक साझेदारियों को प्रगाढ़ बनाने और वैश्विक दक्षिण की एक सशक्त आवाज के रूप में भारत की भूमिका को सुदृढ़ करने पर केंद्रित होंगे। हरिवंश के साथ राज्यसभा के महासचिव पी.सी. मोदी भी होंगे।

दक्षिण अफ्रीका जी20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने वाला पहला अफ्रीकी देश है। इसने जी20 की अपनी अध्यक्षता के दौरान 'एकजुटता, समानता और संपोषणीयता' के विषय पर बल दिया है। अध्यक्षों के शिखर सम्मेलन के दौरान, चार कार्यकारी सत्र होंगे जिनमें आपदा प्रतिरोधक क्षमता, ऊर्जा संक्रमण, निम्न-आय वाले देशों के लिए ऋण उपलब्धता और संपोषणीय विकास के लिए महत्वपूर्ण खनिजों का दोहन शामिल है।

## भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रो. मल्होत्रा का निधन, कार्यकर्ताओं ने जताया दुख, दी श्रद्धांजलि

# दिल्ली में पार्टी को मजबूत करने के लिए अथक परिश्रम किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रोफेसर विजय कुमार मल्होत्रा का मंगलवार को दिल्ली के एम्स अस्पताल में निधन हो गया। वे 94 साल के थे। उनका जन्म 3 दिसंबर 1931 को लाहौर शहर में हुआ था। वीके मल्होत्रा दिल्ली के पूर्व मुख्य कार्यकारी पार्षद और सांसद रह चुके हैं। कुछ दिनों से वह एम्स में भर्ती थे। जहां उनका इलाज चल रहा था और मंगलवार सुबह लगभग 6 बजे उन्होंने दुनिया को अलविदा कह दिया। वे दिल्ली से 5 बार सांसद और 2 बार विधायक रहे थे।



केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष के रूप में, दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता के रूप में, या एक जनप्रतिनिधि के रूप में, विजय कुमार मल्होत्रा ने हर भूमिका में देश और दिल्ली के लोगों की सेवा की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर पोस्ट लिखा कि जनसंघ और भाजपा के इतिहास में प्रो. वीके मल्होत्रा जैसे दिग्गजों का विशेष स्थान है। उन्होंने दिल्ली में हमारी पार्टी को मजबूत करने के लिए अथक परिश्रम किया।

### निधन अत्यंत पीड़ादायक अपूरणीय क्षति: सीएम गुप्ता



सीएम रेखा गुप्ता ने उनके निधन पर एक दिन (बुधवार) के राजकीय शोक की घोषणा की है। राज्य सरकार की ओर उनका अंतिम संस्कार पूरे सम्मान के साथ किया जाएगा। सीएम ने उनके निवास पर जाकर वीके मल्होत्रा को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि उनका निधन अत्यंत पीड़ादायक और अपूरणीय क्षति है। वे भारतीय जनसंघ और भाजपा की प्रथम पंक्ति के योद्धा थे।

### संगठन विस्तार में अहम भूमिका: सीएम योगी

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने लिखा कि भाजपा संगठन के विस्तार में उनकी अहम भूमिका रही है। उनका निधन अत्यंत दुःखद है। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को सद्गति एवं शोकाकुल परिजनों को यह अथाह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।



### कार्यकर्ताओं का निर्माण किया: जेपी नड्डा

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने याद किया कि विजय कुमार मल्होत्रा अपनी सादगी, ईमानदारी और अटूट निष्ठा के लिए जाने जाते थे। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि उन्होंने न केवल दिल्ली में संगठन के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, बल्कि समर्पण के साथ अनगिनत कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन और निर्माण भी किया।



## 81 सालों से निरंतर उपस्थिति बरकरार

# भारत को अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन की काउंसिल में फिर चुना गया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू ने बताया कि भारत को अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन (आईसीएओ) की काउंसिल के पार्ट-II में दोबारा चुना गया है। यह चुनाव 27 सितंबर 2025 को मॉन्ट्रियल में आयोजित 42वें आईसीएओ असेंबली सत्र के दौरान हुआ। पार्ट-II में वे देश शामिल होते हैं जो अंतरराष्ट्रीय वायु नेविगेशन की सुविधाएं प्रदान करने में अहम योगदान देते हैं। इस बार भारत को साल 2022 की तुलना में अधिक वोट मिले, जो सदस्य देशों के बीच उसकी नेतृत्व क्षमता और वैश्विक विमानन क्षेत्र में योगदान पर बढ़ते विश्वास को दर्शाता है। भारत आईसीएओ का संस्थापक सदस्य है और 1944 से लगातार 81 वर्षों से काउंसिल में अपनी उपस्थिति बनाए हुए है। भारत आईसीएओ के सुरक्षित, टिकाऊ, और संतुलित अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन के मिशन को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। आईसीएओ असेंबली हर तीन साल में होती है और इसमें 193 हस्ताक्षरकर्ता देश शामिल होते हैं।



## आरबीआई ने बैंकों को कार्यशील पूंजी ऋण देने की दी अनुमति

# सोने का कच्चेमाल के रूप में उपयोग करने वालों को राहत

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकों को कच्चे माल के रूप में सोने का उपयोग करने वाले विनिर्माताओं को आवश्यकता-आधारित कार्यशील पूंजी ऋण देने की अनुमति दे दी है। यह प्रावधान वर्तमान में केवल जौहरियों के लिए उपलब्ध है। बैंकों पर आमतौर पर किसी भी रूप में सोना/चांदी खरीदने या प्राथमिक सोने/चांदी की गारंटी पर ऋण देने से प्रतिबंध है।

■ यह प्रावधान वर्तमान में केवल जौहरियों के लिए उपलब्ध

आरबीआई ने हालांकि अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) को आभूषण विक्रेताओं को कार्यशील पूंजी ऋण देने के लिए छूट दी है। सोमवार को जारी भारतीय रिजर्व बैंक (स्वर्ण एवं रजत गारंटी पर ऋण) (प्रथम संशोधन) निर्देश 2025 ने ऐसे उधारकर्ताओं की आवश्यकता-आधारित कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए छूट का दायरा बढ़ाया है जो अपने विनिर्माण या औद्योगिक प्रसंस्करण गतिविधियों में कच्चे माल के रूप में सोने का उपयोग करते हैं।



### सभी निर्देश 1 अक्टूबर से लागू होंगे

केंद्रीय बैंक ने विदेशों में विदेशी मुद्रा/रुपया मूल्यवर्गित बांड में मूल्यवर्गित सतत ऋण उपकरणों (पीडीआई) पर लागू मौजूदा पात्र सीमा को संशोधित करने से जुड़े निर्देश भी जारी किए। इससे बैंकों को विदेशी बाजारों के माध्यम से अपनी 'टियर-1' पूंजी बढ़ाने के लिए अधिक गुंजाइश मिलती है।

### वाणिज्यिक बैंक भी पूंजी प्रदान कर सकते हैं

निर्देशों में कहा गया, " .. अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक या 'टियर' तीन या चार 4 यूसीबी उन उधारकर्ताओं को आवश्यकता-आधारित कार्यशील पूंजी वित्त प्रदान कर सकते हैं जो सोने या चांदी का उपयोग कच्चे माल के रूप में या अपने विनिर्माण या औद्योगिक प्रसंस्करण गतिविधि में कच्चे माल के तौर पर करते हैं जिसके लिए ऐसे सोने या चांदी को सुरक्षा के रूप में भी स्वीकार किया जा सकता है।"

### ऋणदाताओं को अधिक लचीलापन प्रदान

केंद्रीय बैंक ने उधारकर्ताओं को लाभान्वित करने और ऋणदाताओं को अधिक लचीलापन प्रदान करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (अग्रिमों पर ब्याज दर) (संशोधन निर्देश) 2025 भी जारी किया है। मौजूदा मानदंडों के अनुसार, बैंकों को सभी परिवर्तनशील (फ्लोटिंग) दर वाले व्यक्तिगत या खुदरा ऋणों (आवास, मोटर वाहन) और सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) को दी गई परिवर्तनशील दर वाले ऋणों को रेपा दर जैसे बाह्य दरों से जोड़ना आवश्यक होगा।

### ऋण जोखिम तीन वर्षों में एक बार बदला जा सकेगा

यद्यपि बैंक बाह्य रेपो दर पर प्रसार का निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र हैं, ऋण जोखिम 'प्रीमियम' के अलावा, प्रसार के सभी घटकों को तीन वर्षों में केवल एक बार ही बदला जा सकता है। अग्रिमों पर ब्याज दर पर संशोधित निर्देशों में कहा गया।

## हीरो मोटोकॉर्प की त्योहारी सीजन में दुपहिया की जोरदार खरीदारी

**नई दिल्ली।** इस साल नवरात्रि शुरू होने के साथ ही भारतीय ऑटो बाजार में त्योहारी सीजन में दोपहिया की मांग में जबर्दस्त बढ़ोतरी देखी जा रही है। यह त्योहार बेहद खास है क्योंकि दोपहिया वाहनों पर जीएसटी कटौती हुई है, जिससे पहली बार गाड़ी खरीदने वालों पर खर्च का बोझ कम हुआ है, खासकर 100सीसी और 125 सीसी जैसे किफायती सेगमेंट में जहां कीमत का बहुत ध्यान रखा जाता है। शुरुआती संकेत बताते हैं कि दोपहिया वाहनों के प्रति लोगों का उत्साह बहुत बढ़ गया है। हीरो मोटोकॉर्प को पूरे देश में ग्राहकों की जबरदस्त रुचि और बिक्री में उछाल दिख रहा है। कंपनी ने देश भर में अपने डीलरशिप पर गतिविधियों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। हीरो मोटोकॉर्प उत्पादों के लिए ग्राहकों की पूछताछ पिछले एक साल में तेजी से बढ़ी है, जो जीएसटी के बाद की कीमतों के लाभों में बढ़ी रुचि से प्रेरित है। इसके साथ ही पिछले साल की तुलना में शोरूम में ग्राहकों की आवाजाही में 50 प्रतिशत से अधिक का उछाल आया है। त्योहारी सीजन में ग्राहकों के जबर्दस्त रिस्पॉन्स के बारे में, हीरो मोटोकॉर्प के इंडिया बिजनेस यूनिट के चीफ बिजनेस ऑफिसर आशुतोष वर्मा ने कहा, ₹इस फेस्टिव सीजन का सबसे उल्लेखनीय पहलू तत्काल खरीद में हुई तेज वृद्धि है। नवरात्रि के पहले ही दिन, हमारे शोरूम में आने वाले और हीरो मोटोकॉर्प का दोपहिया वाहन खरीदने वाले ग्राहकों की संख्या पिछले साल की तुलना में दोगुनी से अधिक हो गई। जीएसटी 2.0 के साथ नई कीमतों की उम्मीद में टाली गई बिक्री अब तेजी से बढ़ रही है और हमें ग्राहकों की नए वाहन को तुरंत खरीदने की मजबूत इच्छा के स्पष्ट संकेत मिल रहे हैं।

## एनएमडीसी ने 15वें पीआरसीआई एक्सीलेंस अवॉर्ड 2025 में 15 पुरस्कार जीते




**हैदराबाद।** भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी को कॉर्पोरेट उत्कृष्टता, समावेशी नेतृत्व और सामाजिक जिम्मेदारी में अपने उत्कृष्ट योगदान के लिए पब्लिक रिलेशन्स काउन्सिल ऑफ इंडिया (पीआरसीआई) द्वारा गोवा में आयोजित 19वें ग्लोबल कम्यूनिकेशन कानक्लेव में सम्मानित किया गया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में गोवा के राज्यपाल पी. अशोक गजपति राजू, केंद्रीय विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपद येसो नाइक और गोवा विधान सभा के अध्यक्ष गणेश गांवकर सहित विशिष्ट गणमान्य व्यक्तियों ने पुरस्कार प्रदान किए। एनएमडीसी की ओर सेश्री पी. जयप्रकाश, महाप्रबंधक (कॉर्पोरेट कम्यूनिकेशन) ने कॉर्पोरेट कम्यूनिकेशन टीम के साथ ये सम्मान प्राप्त किया ।एनएमडीसी नेतृत्व के लिए चार चाणक्य पुरस्कार - प्रतिष्ठित चाणक्य पुरस्कार 2025 की 16वीं श्रृंखला के अंतर्गत एनएमडीसी ने पीआरसीआई के चार सर्वोच्च सम्मान प्राप्त किए इनमें अमिताभ मुखर्जी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक को प्रशासन एवं सुशासन अवॉर्ड, श्रीमती प्रियदर्शिनी गद्दम, निदेशक (कार्मिक) को समावेशी नेतृत्व अवॉर्ड, पी. जयप्रकाश, महाप्रबंधक (कॉर्पोरेट कम्यूनिकेशन) को जनसंपर्क के लिए एमआर अशोक कुमार मेमोरियल अवॉर्ड और चे. श्रीनिवास राव को पीआर प्रोफेशनल अवॉर्ड ऑफ द इयर प्रदान किया गया।

## भारत में दौड़ेगा बिना ड्राइवर वाला ऑटो



**नई दिल्ली।** भारतीय ऑटो मार्केट में ओमेगा सीकी मोबिलिटी ने दुनिया का पहला ऑटोनॉमस इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर 'स्वयंगति' लांच किया है। इस थ्री-व्हीलर की कीमत सिर्फ 4 लाख रुपए से शुरू होती है, जिसे कमर्शियल इस्तेमाल में लाया जा सकता है। ओमेगा सीकी मोबिलिटी ने स्वयंगति को ओएसएम के इलेक्ट्रिक प्लेटफॉर्म और एआई-आधारित ऑटोनॉमी सिस्टम पर तैयार किया है। इस ऑटो को शॉर्ट डिस्टेंस ट्रांसपोर्ट जैसे एयरपोर्ट, स्मार्ट कैंपस, इंडस्ट्रियल पार्क और भीडभाड़ वाली जगहों पर बिना ड्राइवर के आसानी से चलाया जा सकता है। सेफ्टी कंट्रोल्स जैसे फीचर्स ओमेगा सीकी मोबिलिटी के इस थ्री-व्हीलर में एआई-बेस्ड ऑब्स्टेकल डिटेक्शन, मल्टी-सेंसर नेविगेशन और रिमोट सेफ्टी कंट्रोल्स जैसे फीचर्स दिए गए हैं। खास बात यह है कि इस इलेक्ट्रिक ऑटो रिक्शा को एयरपोर्ट, टेक पार्क्स, स्मार्ट सिटीज, कैंपस और इंडस्ट्रियल हब को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। टेस्टिंग और सेफ्टी वाहन पहले ही 3-किमी ऑटोनॉमस रूट पर चरण-1 की टेस्टिंग पूरी कर चुका है। जिसमें 7 स्टॉप्स, रियल-टाइम ऑब्स्टेकल डिटेक्शन और बिना मानव हस्तक्षेप के सुरक्षित पैसेंजर मूवमेंट शामिल हैं। चरण 2 में नियंत्रित वातावरण में वाणिज्यिक रोलआउट शुरू होगा।

■ इस ऑटो को व्यावसायिक उपयोग के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है

## सोना, चांदी के भाव नए शिखर पर

### सोना 500 रुपए चढ़कर 1.20 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोने और चांदी की कीमतें नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गईं। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, सोना 500 रुपये चढ़कर रिकॉर्ड 1.20 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। सोने का भाव सोमवार को 1,500 रुपये की तेजी के साथ 1,19,500 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा था।स्थानीय सराफा बाजार में 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत में लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही और यह 500 रुपये की तेजी के साथ 1,19,400 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। पिछले बाजार सत्र में इसकी कीमत 1,18,900 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। इसके अलावा मंगलवार को चांदी की कीमत 500 रुपये बढ़कर 1,50,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के नए शिखर पर पहुंच गई। सोमवार को यह 7,000 रुपये चढ़कर रिकॉर्ड 1,50,000 रुपये प्रति किलोग्राम रही थी।

■ चांदी में आया 500 रुपए का उछाल, 1,50,500 रुपए प्रति किलो ग्राम

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने रेफेक्स मोबिलिटी के स्वच्छ परिवहन अभियान को दिखाई

**नई दिल्ली।** रेफेक्स मोबिलिटी, रेफेक्स ग्रुप की क्लीन मोबिलिटी शाखा, ने कॉर्पोरेट्स के लिएस्वच्छ परिवहन को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता के साथ आज दिल्ली-एनसीआर में अपने परिचालन की शुरुआत की घोषणा की है। इस कार्यक्रम में माननीय केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री प्रह्लाद जोशी सहित कईगणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।इस लॉन्च के साथ, रेफेक्स मोबिलिटी अगले तीन महीनों में दिल्ली-एनसीआर में स्वच्छ ईंधन वाले 400 से अधिकनए चार पहिया वाहन उतारने की योजना बना रहा है, जिससे पूरे भारत में इसकी उपस्थिति और मजबूत होगी। चेन्नई, बेंगलुरु, हैदराबाद और मुंबई में 1,400 से अधिक आल-इलेक्ट्रिक चार पहिया वाहनों का बेड़ा मौजूद है।

## बिहटा-अनुग्रह नारायण रोड नई रेल लाईन का काम होगा चालू

**नई दिल्ली।** पटना, अरवल, जहानाबाद एवं औरंगाबाद जिले के लाखों लोगों को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से रेल मंत्रालय नेबिहटा-अनुग्रह नारायण रोड नई लाइन का निर्माण कार्य तत्काल प्रभाव से चालू करने का फैसला लिया है ।इसके लिएराशि की स्वीकृति दे दी गई है और पूर्व मध्य रेल को निर्देश दिया गया है कि परियोजना के लिए समेकित तरीके से कार्यको प्रारंभ किया जाए।सूत्रों के अनुसार इस परियोजना से मगध एवं शाहाबाद क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। परियोजना से संबंधित विस्तृत विवरण तैयार कर दिया गया है जिसके अनुसार इस परियोजना के निर्माण पर कुललागत रुपये 3606.42 करोड़ की लागत आएगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने परियोजना पर काम चालू करने के प्रस्तावपर स्वीकृति प्रदान कर दी है।

## राशिफल

**मेष** रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन** तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**कर्क** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**सिंह** कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**कन्या** परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक** भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।

**धनु** कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कुंभ** तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

**मीन** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में मधुरता रहेगी।

## शेयर बाजार में लगातार आठवें दिन रही गिरावट

एजेंसी ▶▶| मुंबई



विदेशी पूंजी की निकासी जारी रहने और नीतिगत ब्याज दर पर रिजर्व बैंक के फैसले से पहले निवेशकों के सतर्क रुख अपनाने से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार आठवें दिन भी गिरकर बंद हुए। सेंसेक्स में 97 अंक और निफ्टी में 24 अंक की गिरावट रही। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स शुरुआती बढ़त गंवाकर 97.32 अंक यानी 0.12 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80,267.62 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान इसने 80,677.82 के ऊपरी और 80,201.15 के निचले स्तर को भी छुआ। यह लगातार आठवां कारोबारी सत्र रहा जिसमें सेंसेक्स नुकसान के साथ बंद हुआ। इन आठ दिनों में सेंसेक्स कुल 2,746.34 अंक यानी 3.30 प्रतिशत टूट चुका है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 23.80 अंक यानी 0.10 प्रतिशत गिरकर 24,611.10 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितता के बीच मौद्रिक समीक्षा के फैसले से पहले घरेलू बाजार में सतर्क धारणा हावी रही। इसके अलावा वायदा अनुबंधों की मासिक समाप्ति का दिन भी होने से कारोबार सीमित रहा।

**PUBLIC NOTICE**

It is for general information that I, MIR SHAHNAWAZ S/O MIR ABDUL HAI R/O HOUSE NO-202, 2nd FLOOR, NEAR VIJAY NAGAR, OLD GUPTA COLONY, MODEL TOWN, DIST. ONORTH WEST DELHI, DELHI-110009, declare that name of mine has been wrongly written as SHAHNAWAZ MIR in my minor daughter's namely AFIYAH ANJUM aged 7 years in her Aadhar Card No. 824516551941 and Cast Certificate No. 90500000993297. The actual name of mine is MIR SHAHNAWAZ which may be amended accordingly.

**PUBLIC NOTICE**

It is for general information that I, MIR SHAHNAWAZ S/O MIR ABDUL HAI R/O HOUSE NO-202, 2nd FLOOR, NEAR VIJAY NAGAR, OLD GUPTA COLONY, MODEL TOWN, DIST. ONORTH WEST DELHI, DELHI-110009, declare that name of mine has been wrongly written as SHAHNAWAZ MIR in my minor daughter's namely ARAFA ANJUM aged 16 years in her 10th Class educational documents, Aadhar Card No. 680297910033 and Cast Certificate No. 90500000993297. The actual name of mine is MIR SHAHNAWAZ which may be amended accordingly.

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

वरि0 मण्डल यांत्रिक इंजीनियर/उत्तर रेलवे, ट्रेनसेट डिपो, शकूरबस्ती, भारत के राष्ट्रपति की ओर से उनके लिए निम्नलिखित कार्य के लिए GeM पोर्टल (https://gem.gov.in) पर आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा संख्या | GEM/2025/B/6733475, Dated 26.09.2025 |
| कार्य का विवरण | ट्रेनसेट डिपो, शकूरबस्ती स्थित दिल्ली डिवीजन के एचएस-स्पार्ट (संख्या 8154, 8155, 8156) के लिए ओईएम यानी सैन इंजीनियरिंग के माध्यम से तीन साल के लिए व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध। |
| अनुमानित लागत | रु.1,29,59,767.44/- (जीएसटी सहित) |
| बयाना राशि | रु. 2,14,800.00 |
| कार्य अवधि | 03 वर्ष |
| निविदा खुलने की तिथि, समय | 17.10.2025, 18:30 बजे |
| निविदा प्रपत्र डाउन लोड करने के इंटरनेट साइट | उपरोक्त निविदा GeM पोर्टल पर उपलब्ध है जो कि है https://gem.gov.in दिनांक 26.09.2025 से प्रभावी है। |

सं0 25.8.939.TSD.SSB दिनांक : 27.09.2025 3016/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82(2) (ii) Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **विजय उर्फ गुरु पुत्रः किशन, पताः** झुग्गी नं. 24, मद्रासी कॉलोनी, मोरी गेट, कश्मीरी गेट, दिल्ली, **FIR No. 27/2020, U/s 324 IPC,** थानाः कश्मीरी गेट, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विजय उर्फ गुरु** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विजय उर्फ गुरु** फरार हो गया हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 27/2020, U/s 324 IPC,** थानाः कश्मीरी गेट, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **विजय उर्फ गुरु** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री वैभव गर्ग, एल.डी.
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-11
कोर्ट नं. 138, पहली मंजिल
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/13138/N/2025
(Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **बलजीत सिंह** पुत्र श्री विजय कुमार, निवासी एम-90-91, रघुबीर नगर, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 52/18 धारा 356/379/34 भा.द.स, थाना पश्चिम विहार पूर्व, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **बलजीत सिंह** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **बलजीत सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **बलजीत सिंह, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 52/18 धारा 356/379/34 भा.द.स, थाना पश्चिम विहार पूर्व, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.11.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**सुश्री भारती गर्ग**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-02 (पश्चिम)
कक्ष संख्या 31
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/13094/OD/2025

**त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि-2025**

पहले से ही घोषित अनेक त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों के साथ-साथ रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जायेगा। इन रेल सेवाओं की समय-सारणी निम्नानुसार होगी :-

**09309/09310 इंदौर जं. - हजरत निज़ामुद्दीन - इंदौर जं. सुपरफास्ट विशेष ट्रेन (सप्ताह में दो दिन)** — 36 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 09309 आगमन | रेलगाड़ी सं. 09309 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 09310 आगमन | रेलगाड़ी सं. 09310 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 17:00 | इंदौर जं. | 21:00 | --- |
| 05:00 | --- | हजरत निजामुद्दीन | --- | 08:20 |

**चलने के दिनः 09309 इंदौर जं. से** दिनांक 03.10.2025 से 30.11.2025 तक (प्रत्येक शुक्रवार एवं रविवार को) और **09310 हजरत निजामुद्दीन से** दिनांक 04.10.2025 से 01.12.2025 तक (प्रत्येक शनिवार एवं सोमवार को)।
**स्थानः** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता.
**ठहरावः** देवास जं., उज्जैन जं., नागदा जं., रामगंज मंडी जं., कोटा जं., सवाईमाधोपुर जं., गंगापुर सिटी एवं मथुरा जं. स्टेशन।

**09095/09096 बान्द्रा (टर्मि.) - अयोध्या कैंट - बान्द्रा (टर्मि.) विशेष ट्रेन (साप्ताहिक)** — 16 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 09095 आगमन | रेलगाड़ी सं. 09095 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 09096 आगमन | रेलगाड़ी सं. 09096 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 11:00 | बान्द्रा (टर्मि.) | 06:00 | --- |
| 17:30 | --- | अयोध्या कैंट | --- | 21:00 |

**चलने के दिनः 09095 बान्द्रा (टर्मि.) से** दिनांक 01.10.2025 से 19.11.2025 तक (प्रत्येक बुधवार को) और **09096 अयोध्या कैंट से** दिनांक 02.10.2025 से 20.11.2025 तक (प्रत्येक गुरूवार को)।
**स्थानः** 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहरावः** बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, नवसारी, सूरत, भरूच जं., वडोदरा जं., दाहोद, मेघनगर, रतलाम जं., नागदा जं., उज्जैन जं., मक्सी जं., शुजालपुर, सीहोर, संत हिरदाराम नगर, बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, उरई, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ एवं बाराबंकी स्टेशन।

**09097/09098 बान्द्रा (टर्मि.)-लुधियाना जं.-बान्द्रा (टर्मि.) सुपरफास्ट विशेष ट्रेन (साप्ताहिक)** — 18 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 09097 आगमन | रेलगाड़ी सं. 09097 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 09098 आगमन | रेलगाड़ी सं. 09098 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 21:50 | बान्द्रा (टर्मि.) | 10:20 | --- |
| 00:30 | --- | लुधियाना जं. | --- | 04:00 |

**चलने के दिनः 09097 बान्द्रा (टर्मि.) से** दिनांक 05.10.2025 से 30.11.2025 तक (प्रत्येक रविवार को) और **09098 लुधियाना जं. से** दिनांक 07.10.2025 से 02.12.2025 तक (प्रत्येक मंगलवार को)।
**स्थानः** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी।
**ठहरावः** बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, सूरत, भरूच जं., वडोदरा जं., रतलाम जं., कोटा, सवाईमाधोपुर, गंगापुर सिटी, हिण्डौन सिटी, मथुरा जं., नई दिल्ली, पानीपत एवं अंबाला कैंट स्टेशन।

**07095/07096 चर्लपल्ली - हजरत निजामुद्दीन - चर्लपल्ली स्पेशल ट्रेन** — 4 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 07095 आगमन | रेलगाड़ी सं. 07095 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 07096 आगमन | रेलगाड़ी सं. 07096 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 07:40 | चर्लपल्ली | 04:00 | -- |
| 16:00 | | हजरत निजामुद्दीन | -- | 19:00 |

**चलने के दिनः 07095 चर्लपल्ली** से दिनांक 07.10.2025 एवं 16.10.2025 (मंगलवार एवं गुरूवार) को और **07096 हजरत निजामुद्दीन** से दिनांक 08.10.2025 एवं 17.10.2025 (बुधवार एवं शुक्रवार) को।
**स्थान :** प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहरावः** जनगांव, काजीपेट, पेद्दपल्ली, मंचिर्याल, सिरपुर कागजनगर, बल्हारशाह, चन्द्रपुर, सेवाग्राम जं., नागपुर जं., आमला जं., इटारसी जं., भोपाल, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, आगरा कैंट एवं मथुरा जं. स्टेशन।

**उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों और समय-सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।**

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139
रेलमदद वेबसाइट देखें :- www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

3023/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## शब्द पहेली - 6005




**बाएँ से दाए**


1. अपनापन का विलोम-5
4. हठ करना, रोना, लालसा करना-4
7. गीत (अंग्रेजी-2)
8. गलीचा, कारपेट-3
9. किनारा, छोर-2
10. झगड़ा, कहासुनी-4
11. समय, वक्त-2
13. बेबस-3
14. राष्ट्र, स्वदेश-2
15. पुत्र, लड़का-3
17. प्राप्त करना-2
19. सेंधमार-5
22. चरित्र, व्यवहार-2,3
25. जीव, दूत, जासूस-2
26. आत्मबलि देना-3
28. ताकत, जोश, बल-2
29. कराह, टीस, लालसा-3
30. वहम, संदेह-2
32. आह भरना-4
34. दूर्वा, घास-2
36. चोंगा, गाऊन-3
37. सफर, जात्रा-2
38. दयालु, कृपालु-4
39. निर्माण करने वाला-5

**ऊपर से नीचे**

1. पांव, पैर-2
2. भिखारी, मंगता-3
3. अस्वीकृत करना-3,2
4. माला का मोती-3
5. बुरी आदत-2
6. नाटक से परिपूर्ण-4
7. हल्का काला, श्याम-5
10. व्यवस्थित-4
12. बुरी आदत-2
16. अनुकृति-3
17. तांबूल, पत्ता-2
18. रुखसार, कपोल-2
20. डोली अथवा पालकी उठाने वाले -3
21. जोड़, योग-2
22. चतुर्थ-2
23. आनंद ध्वनि करना-4
24. महात्मा गांधी की दांडी यात्रा-5
25. चमकीला-5
26. नीच, नराधम -4
27. विनाश, नेस्तनाबूत-2
31. रंग (अंग्रेजी-3)
33. पराजित करना-3
35. गौरेया, एक चिड़िया-2
37. दोस्त, मित्र, सखा-2

**शब्द पहेली- 6004 का हल**





# विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप : कथुनिया को वैश्विक स्तर पर स्वर्ण मेडल की तलाश, फिर जीता रजत

## दूसरे प्रयास में चक्के को 42.49 मीटर की दूरी तक फेंककर जीता मेडल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के योगेश कथुनिया ने को विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों की एफ 56 चक्का फेंक स्पर्धा में एक और रजत पदक जीता, जिससे वैश्विक स्तर पर अपने पहले स्वर्ण पदक की उनकी तलाश जारी रही। कथुनिया (28 वर्ष) ने दूसरे प्रयास में चक्के को 42.49 मीटर की दूरी तक फेंककर रजत पदक जीता। वह 2019 से सभी चार विश्व चैंपियनशिप में पदक जीत रहे हैं। कथुनिया ने पैरालंपिक खेलों (2021 और 2024) में दो रजत पदक के अलावा विश्व चैंपियनशिप में अपना लगातार तीसरा रजत पदक जीता। उन्होंने 2023 और 2024 में भी दो रजत पदक जीते थे। उन्होंने 2019 सत्र में कांस्य पदक भी जीता था।

कथुनिया ने 2023 हांगझोउ एशियाई पैरा खेलों में भी रजत पदक जीता था। विश्व रिकॉर्ड धारक ब्राजील के स्टार क्लॉडनी बतिस्ता ने 45.67 मीटर के प्रयास से स्वर्ण पदक जीता। उनके सभी छह थ्रो कथुनिया के दिन के सर्वश्रेष्ठ प्रयास से बेहतर थे। 2019 सत्र से शुरू हुई विश्व चैंपियनशिप में बतिस्ता का यह लगातार चौथा स्वर्ण पदक है। उन्होंने पिछले तीन पैरालंपिक खेलों में भी स्वर्ण पदक जीता है। कथुनिया चार विश्व चैंपियनशिप और दो पैरालंपिक खेलों में ब्राजील के खिलाड़ी को नहीं हरा पाए हैं।




### घरेलू मैदान में पदक जीतना अलग अहसास

एफ56 श्रेणी उन एथलीटों के लिए है, जो फील्ड स्पर्धाओं में बैठकर प्रतिस्पर्धा करते हैं। इस वर्ग में विभिन्न एथलीट प्रतिस्पर्धा करते हैं, जिनमें अंग विच्छेदन और रीढ़ की हड्डी की चोट वाले एथलीट भी शामिल हैं। कथुनिया ने कहा, 'यह अलग एहसास है क्योंकि मैंने अपने घरेलू मैदान पर रजत पदक जीता है। मेरे परिवार के सदस्य यहां हैं और अपने परिवार के सामने प्रदर्शन करके बहुत खुश हूं। उन्होंने हमेशा मेरा बहुत साथ दिया है इसलिए यह मेरे लिए खास है।' पहले भी उन्होंने वैश्विक स्तर पर हर बार दूसरे स्थान पर रहने पर निराशा व्यक्त की थी। उन्होंने कहा, 'पिछले छह-सात वर्षों से रजत पदक मेरे साथ जुड़ा हुआ है लेकिन पदक के रंग में कोई गिरावट नहीं आई है लेकिन कोई बात नहीं, मेरा समय (स्वर्ण पदक जीतने का) आएगा।'

### नौ साल की उम्र में हुआ गिलियन-बैरे सिंड्रोम



नौ साल की छोटी सी उम्र में कथुनिया को गिलियन-बैरे सिंड्रोम होने का पता चला था जो एक दुर्लभ स्व-प्रतिरक्षा विकार है। डॉक्टरों ने उन्हें बताया कि वह फिर कभी नहीं चल पाएंगे और जल्द ही वह व्हीलचेयर पर आ गए। लेकिन तीन साल के भीतर वह फिर से चलने लगे इसका श्रेय उनकी मां मीना देवी को जाता है जिन्होंने अपने बेटे के इलाज के लिए फिजियोथेरेपी सीखी। कथुनिया हरियाणा के झज्जर जिले के बहादुरगढ़ के रहने वाले हैं। उनके पिता भारतीय सेना में सिपाही थे इसलिए उन्होंने चंडीगढ़ के इंडियन आर्मी पब्लिक स्कूल से पढ़ाई की और नई दिल्ली के किरोड़ीमल कॉलेज से कॉमर्स में स्नातक की डिग्री हासिल की। कथुनिया ने कहा कि अगर बेल्ट को सख्ती से नहीं कसा जाता तो वह और बेहतर प्रदर्शन कर सकते थे। उन्होंने कहा, 'अधिकारी थोड़े सख्त थे। बेल्ट थोड़ी अधिक कसी हुई थी जिससे मूवमेंट में बाधा आती है और दूरी हमेशा कम से कम तीन से चार मीटर कम हो जाती है।' बैठकर थ्रो करने की स्पर्धाओं में एथलीटों को विशेष रूप से बनाए गए थ्रोइंग फ्रेम पर बैठकर छह मिनट में छह थ्रो करने होते हैं, जो पट्टियों से जमीन से बंधे होते हैं। एथलीट खुद को फ्रेम पर सुरक्षित रखने के लिए पट्टियों का इस्तेमाल करते हैं क्योंकि नाभि के नीचे कोई भी हरकत जजों से कई तरह के फाउल का कारण बन सकती है।

## खबर संक्षेप



### हाफ मैराथन को हरी झंडी दिखाएंगे लुईस

**नई दिल्ली।** दुनिया के सर्वश्रेष्ठ एथलीटों में शुमार कार्ल लुईस को वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन का इवेंट दूत बनाया गया है। आयोजकों ने कहा कि नौ बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अमेरिकी फर्राटा धावक और लंबी कूद के खिलाड़ी लुईस 12 अक्टूबर को दिल्ली में जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम से मैराथन को हरी झंडी दिखाएंगे। लुईस ने कहा,' दौड़ संभावना और प्रगति की सार्वभौमिक भाषा है। वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन जैसे आयोजन साबित करते हैं कि खेलों का जादू रिकॉर्ड और पदक से इतर है। यह जिंदगियां बदल देता है और सपने देखने के लिए प्रेरित करता है।' चार ओलंपिक खेलों में 9 स्वर्ण पदक जीत चुके लुईस ने 1984 लॉस एंजिलिस ओलंपिक में 100 मीटर, 200 मीटर, ऊंची कूद और चार गुणा 100 मीटर रिले में स्वर्ण पदक जीते थे।

### खिताब जीत कर दिया पाकिस्तान को जवाब



**हैदराबाद।** एशिया कप फाइनल में भारत की जीत के सूत्रधार रहे मध्यक्रम के बल्लेबाज तिलक वर्मा ने कहा कि पाकिस्तानी खिलाड़ियों की छींटाकशी और आक्रामकता का सर्वश्रेष्ठ जवाब खिताब जीतना ही था और उन्होंने शुरुआत में बने दबाव से सहज पार पा लिया था। तिलक के नाबाद 69 रन की मदद से भारत ने दुबई में रविवार को खेले गए फाइनल में पांच विकेट से जीत दर्ज की। तिलक ने कहा,' शुरुआत में कुछ दबाव और तनाव था लेकिन मैंने सबसे ऊपर अपने देश को रखा और मैं देश के लिए जीतना चाहता था। मुझे पता था कि दबाव के आगे घुटने टेक दूंगा तो अपने आप को और देश के 140 करोड़ लोगों को निराश करूंगा।' उन्होंने कहा,' मैंने बेसिक्स पर भरोसा रखा, जो मैंने शुरुआती दिनों में अपने कोचों से सीखे थे और उसका अनुसरण किया।

### स्क्वॉश इंडियन : टोर्की और वालिद ने जीता खिताब

**बेंगलुरु।** मिस्र के उमर एल टोर्की और मेना वालिद ने 'एचसीएल स्क्वाश इंडियन टूर 3' के खिताबी मुकाबले में जीत दर्ज की। पीएसए चैलेंजर स्तर की इस प्रतियोगिता में टोर्की ने अपने हमवतन और तीसरी वरीयता प्राप्त सैफ शेनवी को 32 मिनट में 11-8, 11-8, 11-4 से हराया, जबकि महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त मेना ने मलेशिया की हरलीन टैन को 11-6, 11-5, 6-11, 11-8 से हराकर खिताब पर कब्जा किया। इस प्रतियोगिता में भारतीयों का प्रदर्शन भी अच्छा रहा। सूरज कुमार चंद और अंजलि सेमवाल ने सेमीफाइनल तक का सफर तय किया, जबकि ओम सेमवाल, सान्या वत्स, निरुपमा दुबे और शमीना रियाज क्वार्टरफाइनल में पहुंचे थे।



## भारतीय महिला टीम ने वनडे वर्ल्डकप का पहला मैच जीता

# अमनजोत और दीप्ति के अर्धशतक से भारत ने श्रीलंका को 59 रन से हराया

भाषा ▶▶| गुवाहाटी

अमनजोत कौर और दीप्ति शर्मा के अर्धशतक के बाद भारत ने अपने स्पिनरों के फिरकी के जादू की बदौलत मंगलवार को यहां वर्षा से प्रभावित आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप के 47 ओवर के उद्घाटन मैच में श्रीलंका को डकवर्थ लुईस पद्धति के तहत 59 रन से हराकर अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की। डकवर्थ लुईस पद्धति के तहत भारत के 271 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका की टीम ऑफ स्पिनरों दीप्ति (54 रन पर तीन विकेट) और स्नेह राणा (32 रन पर दो विकेट) तथा बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरणी (37 रन पर दो विकेट) की बलखाती गेंदों के सामने 45.4 ओवर में 211 रन पर सिमट गई। कप्तान चामरी अटापट्टू 43 रन बनाकर टीम की शीर्ष स्कोरर रहीं जबकि निलाक्षिका सिल्वा ने 35 रन बनाए। भारत इससे पहले दो ओवर में चार विकेट गंवाने के बाद एक समय छह विकेट पर 124 रन बनाकर मुश्किल में था लेकिन अमनजोत (57 रन, 56 गेंद, पांच चौके, एक छक्का) और दीप्ति (53 रन, 53 गेंद, तीन चौके) ने सातवें विकेट के लिए 103 रन की साझेदारी करके भारत को आठ विकेट पर 269 रन के चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। हरलीन देओल (48 रन, 64 गेंद, छह चौके) ने भी उम्दा पारी खेली। भारतीय पारी के दौरान कई बार बारिश का खलल पड़ा जिससे मुकाबले को 47 ओवर का कर दिया गया। लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका ने 10 ओवर में एक विकेट पर 49 रन बनाकर सतर्क शुरुआत की। कप्तान अटापट्टू (43) शुरू से ही अच्छी लय में नजर आई। उन्होंने अमनजोत पर पारी का पहला चौका जड़ने के बाद क्रांति गौड़ पर छक्का भी मारा। क्रांति ने हालांकि हसिनी परेरा (14) को बोल्ड करके विश्व कप में अपना पहला विकेट हासिल किया। हर्षित समरविक्रम ने आते ही अमनजोत पर तीन चौके मारे जबकि अटापट्टू ने दीप्ति का स्वागत छक्के और चौके के साथ किया। दीप्ति ने हालांकि अटापट्टू को बोल्ड करके भारत को बड़ी सफलता दिलाई।




### न्यूजीलैंड व ऑस्ट्रेलिया में भिड़ंत आज

*इंदौर। सात बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलियाई टीम आईसीसी महिला एक दिवसीय क्रिकेट विश्व कप में बुधवार 1 अक्टूबर को न्यूजीलैंड की अनुभवी टीम के खिलाफ जीत दर्ज करके अपने अभियान की शानदार शुरुआत करना चाहेगी। मौजूदा टी20 चैंपियन न्यूजीलैंड से उसे कड़ी चुनौती मिलेगी लेकिन ऑस्ट्रेलिया को आंतरिक चुनौतियों से भी पार पाना होगा। आस्ट्रेलिया के पास प्रतिभा और विकल्पों की कमी नहीं है और टीम की जरूरतों के हिसाब से संतुलन बनाना सबसे बड़ी परेशानी है।*

**भारत-269/8 (47)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| प्रतीका का गुणारत्ने बो रणवीरा | 37 |
| स्मृति का गुणारत्ने बो प्रबोधिनी | 08 |
| हरलीन का कविशा बो रणवीरा | 48 |
| हरमनप्रीत का अनुष्का बो रणवीरा | 21 |
| जेमिमा रोड्रिग्स बो रणवीरा | 00 |
| दीप्ति का सुगंदिका बो कुलसूर्या | 53 |
| रिचा का प्रबोधिनी बो अटापट्टू | 02 |
| अमनजोत का गुणारत्ने बो प्रबोधिनी | 57 |
| स्नेह राणा नाबाद | 28 |

अतिरिक्त: 15
कुल: 47 ओवर में आठ विकेट पर: 269 रन
विकेट पतन: 1-14, 2-81, 3-120, 4-120, 5-121, 6-124, 7-227, 8-269.

**श्रीलंका-211/10 (45.4)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| हसिनी परेरा बो क्रांति | 14 |
| चामरी अटापट्टू बो दीप्ति | 43 |
| हर्षिता पगबधा बो चरणी | 29 |
| विश्मी पगबाधा बो अमनजोत | 11 |
| कविशा का ऋचा बो दीप्ति | 15 |
| निलाक्षिका सिल्वा बो स्नेह | 35 |
| अनुष्का का हरमनप्रीत बो दीप्ति | 06 |
| सुगंदिका कुमारी बो स्नेह | 10 |
| अचिनी का स्मृति बो चरणी | 17 |
| उदेशिका प्रबोधनी नाबाद | 14 |
| इनोका पगबाधा बो प्रतीका | 03 |

अतिरिक्त:14
कुल:45.4 ओवर में सभी विकेट खोकर: 211 रन
विकेट पतन: 1-30, 2-82, 3-103, 4-105, 5-130, 6-140, 7-173, 8-184, 9-199

# सुमित अंतिल ने तीसरा स्वर्ण पदक जीता



विश्व चैंपियनशिप के इतिहास में सबसे सफल भारतीय पैरा एथलीट बने




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुमित अंतिल विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के इतिहास के सबसे सफल भारतीय खिलाड़ी बने जब उन्होंने मंगलवार को यहां अपना लगातार तीसरा भाला फेंक खिताब जीता जिससे भारत दो स्वर्ण और इतने ही रजत पदक जीतने में सफल रहा। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा की स्टैंड में मौजूदगी से उत्साहित 27 वर्षीय सुमित ने अपने पांचवें प्रयास में 71.37 मीटर के चैंपियनशिप रिकॉर्ड प्रयास के साथ पुरुषों की भाला फेंक एफ 64 स्पर्धा का खिताब जीता। उन्होंने 2023 सत्र में बनाए 70.83 मीटर के अपने ही चैंपियनशिप रिकॉर्ड को बेहतर किया लेकिन 73.29 मीटर के अपने विश्व रिकॉर्ड से लगभग दो मीटर दूर रहे जो उन्होंने 2023 एशियाई पैरा खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के दौरान बनाया था। विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में उनके अलावा किसी भी भारतीय ने तीन स्वर्ण नहीं जीते हैं। सुमित ने कहा कि वह अपना ही विश्व रिकॉर्ड तोड़ना चाहते थे लेकिन उन्हें अपने कंधे में 'सजून' महसूस हुई। भारत ने पुरुषों की भाला फेंक एफ44 स्पर्धा में संदीप सरगर के 62.82 मीटर के थ्रो के साथ एक आश्चर्यजनक स्वर्ण पदक भी जीता। इस स्पर्धा में मेजबान देश पहले दो स्थान पर रहा क्योंकि संदीप ने भी 62.67 मीटर के प्रयास के साथ रजत पदक जीता। ब्राजील के एडेनिलसन रॉबर्टो 62.36 मीटर के प्रयास के साथ तीसरे स्थान पर रहे। मंगलवार को चार पदक के साथ भारत चार स्वर्ण, चार रजत और एक कांस्य पदक के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गया है।

हॉकी

# जूनियर महिला हॉकी टीम का दबदबा, कैनबरा चिल को हराया



एजेंसी ▶▶| कैनबरा

ईशिका के दो गोलों की मदद से भारत की जूनियर महिला हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया के क्लब कैनबरा चिल को 3-1 से हरा कर इस दौरे की दूसरी जीत दर्ज की।

ईशिका ने 13वें और 39वें मिनट में गोल किए, जबकि सोनम ने 27वें मिनट में गोल दागा। भारतीय टीम ने 11वें मिनट में गोल खाने के बावजूद मैच में दबदबा बनाए रखा। कैनबरा चिल के लिए, नाओमी इवांस ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला। यह हालांकि घरेलू टीम के लिए एकमात्र सफलता थी, क्योंकि भारत ने दो मिनट बाद ही पलटवार किया जब ईशिका ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल दिया। सोनम ने स्कोर 1-1 से बराबर होने के बाद मध्यांतर से पहले मैदानी गोल करके भारत को बढ़त दिला दी। ईशिका ने मैच के तीसरे क्वार्टर में अपना दूसरा गोल कर भारत को 3-1 से आगे कर दिया। भारत ने दौरे पर अब तक दो मैच जीते हैं और दो हारे हैं। टीम गुरुवार को कैनबरा चिल के खिलाफ अपना अंतिम दौरा मैच खेलेगी।

### आईएलटी20 में शारजाह वॉरियर्स के लिए खेलेंगे कार्तिक

**शारजाह।** भारत के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक इंटरनेशनल लीग टी20 (आईएलटी20) के चौथे सत्र से पहले शारजाह वॉरियर्स टीम से जुड़ गए। कार्तिक ने वॉरियर्स टीम में श्रीलंका के विकेटकीपर बल्लेबाज कुसल मेंडिस की जगह ली। इस टीम के कोच दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर जेपी डुमिनी हैं। कार्तिक ने कहा, 'मैं डीपी वर्ल्ड आईएलटी20 टूर्नामेंट के लिए शारजाह वॉरियर्स टीम से जुड़कर बहुत उत्साहित हूं। मैं जानता हूं कि वे एक युवा टीम है और जो कुछ खास करने की ख्वाहिश रखते है। मैं यहां आकर खुश हूं।' कार्तिक ने कहा, 'शारजाह भी उन प्रतिष्ठित स्टेडियमों में से एक है, जहां हर कोई खेलना चाहता है। शारजाह वॉरियर्स फ्रेंचाइजी का हिस्सा बनना एक सपने के सच होने जैसा है।' कार्तिक के लिए यह दूसरी विदेशी टी20 लीग होगी। वह इससे पहले दक्षिण अफ्रीका में एसए20 की की टीम पार्ल रॉयल्स का हिस्सा रह चुके है। रॉयल्स के लिए उन्होंने छह पारियों में 97 रन बनाए थे। कार्तिक आईपीएल 2025 चैंपियंस रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बल्लेबाजी कोच भी हैं।

### खेल पुरस्कारों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 28 अक्टूबर



नई दिल्ली। खेल मंत्रालय ने इस साल के राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों के लिए आवेदन आमंत्रित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी और 28 अक्टूबर को आवेदन करने की आखिरी तारीख है। खेलों में उत्कृष्टता के लिए राष्ट्रपति हर साल ये पुरस्कार देती हैं लेकिन राष्ट्रपति भवन में होने वाले समारोह की तारीख अभी तक नहीं आई है। डोपिंग उल्लंघन के मामलों में सजा पा चुके खिलाड़ी तभी पुरस्कार के पात्र होंगे जब सजा की अवधि खत्म हो चुकी हो। मंत्रालय ने कहा,' निलंबन या सजा के दौरान की उपलब्धियां नहीं गिनी जाएंगी। जिस खिलाड़ी के खिलाफ जांच चल रही है या लंबित है, उसे भी पुरस्कार के योग्य नहीं माना जाएगा।' भारतीय खेल प्राधिकरण के संयुक्त सचिव (खेल), निदेशक या उप सचिव (खेल) और खेल विभाग और कार्यकारी निदेशक (टीमें) या निदेशक (टीमें) आवेदन की छंटनी करेंगे।

# अंडर-19 टेस्ट सीरीज : दीपेश की तूफानी गेंदबाजी, ऑस्ट्रेलिया 243 रनों पर सिमटी

एजेंसी ▶▶| ब्रिसबेन

तेज गेंदबाज दीपेश देवधरन के पांच विकेट से भारतीय अंडर-19 टीम ने पहले युवा टेस्ट मैच के शुरुआती दिन मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 को पहली पारी में 243 रन पर आउट कर दिया। तमिलनाडु के 17 वर्षीय दीपेश ने 16.2 ओवर में 45 रन देकर पांच विकेट झटके जबकि किशन कुमार ने उनका शानदार तरीके से साथ देते हुए 16 ओवर में 48 रन देकर तीन विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 की पूरी टीम 91.2 ओवर में आउट हो गई, जिसके बाद दिन का खेल समाप्त कर दिया गया।

## दीपेश ने 16.2 ओवर में 45 रन देकर झटके 5 विकेट

### स्टीवन होगन ने बनाए 92 रन

ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के लिए तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी करने आए स्टीवन होगन ने एक छोर संभालते हुए 246 गेंदों पर धैर्यपूर्ण 92 रन बनाए। जेड हॉलिक ने 94 गेंद में 38 रन बनाकर उनका अच्छा साथ दिया। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 65 रन की साझेदारी की।




ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया लेकिन दीपेश और किशन ने शुरुआती ओवरों में एक-एक विकेट झटक कर स्कोर को दो विकेट पर 30 रन कर दिया। ऑफ-स्पिनर अनमोलजीत सिंह ने कप्तान विल मालजुक (21) का विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया को पहले सत्र में ही 78 पर तीन विकेट के स्कोर के साथ मुश्किल स्थिति में डाल दिया। इसके बाद खिलन पटेल और दीपेश ने हॉलिक और विकेटकीपर साइमन बज को पवेलियन भेज दिया, जिससे ऑस्ट्रेलिया का स्कोर पांच विकेट पर 167 रन हो गया।

# कार्लोस अल्कारेज ने जीता कॅरियर का 24वां खिताब

एजेंसी ▶▶| टोकियो

शीर्ष रैंकिंग वाले कार्लोस अल्कारेज ने जापान ओपन के फाइनल में दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज को हराकर इस साल अपना आठवां एकल खिताब जीता।



अल्कारेज ने फ्रिट्ज को 6-4, 6-4 से हराकर करियर का 24वां एकल खिताब जीता। उन्हें पिछले हफ्ते लीवर कप टीम प्रतियोगिता में फ्रिट्ज के खिलाफ सीधे सेट में हार का सामना करना पड़ा था। स्पेन के अल्कारेज ने मौजूदा सत्र में जीत-हार के अपने सत्र के रिकॉर्ड को बेहतर करते हुए टूर का सर्वश्रेष्ठ 67-7 हासिल किया और उन्हें सत्र के अंत में नंबर एक रैंकिंग की ओर कदम बढ़ाए। तोक्यो में यह फाइनल अल्कारेज के लिए मार्च के बाद से लगातार नौवां फाइनल था। फाइनल में उनका जीत-हार का रिकॉर्ड 7-2 है।

### चाइना ओपन: कोको क्वार्टर फाइनल में

**बीजिंग।** दूसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए स्विट्जरलैंड की बेलिंडा बेंसिक को 4-6, 7-6(4), 6-2 से हराकर चाइना ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। 15वीं वरीयता प्राप्त और टोक्यो ओलंपिक चैंपियन बेंसिक ने डायमंड कोर्ट पर पहले सेट के आखिर में ब्रेक लगाकर पहला सेट 6-4 से जीत लिया। विश्व की तीसरे नंबर की खिलाड़ी गॉफ ने दूसरे सेट में भी वापसी की, जिसमें दोनों खिलाड़ियों ने एक-दूसरे के ब्रेक का सामना किया, जिसके बाद अमेरिकी खिलाड़ी ने टाईब्रेकर के लिए मजबूर किया, जिसे उन्होंने 7-4 से जीतकर मैच बराबर कर दिया। एक समय तो बेंसिक ने अपना रैकेट तोड़ दिया और चेयर अंपायर से गॉफ के टीम बॉक्स से ध्यान भटकाने की शिकायत की।

**हरियाणा सरकार | निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका महेन्द्रगढ़ | एम.सी. महेन्द्रगढ़ के तहत वार्ड नं. 6 में तिवारिया चौक से महिन्दर तिवारी स्कूल तक 80 मिमी मोटी आईपीबी का प्रावधान व बिछाना + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 08.10.2025 | रु. 64.48 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9499126150 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/39162/I/88/7 दि. 30.09.25

**हरियाणा सरकार | निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद नारनौल | एम.सी. नारनौल में निकलने वाले नगरीय ठोस कचरे का प्रसंस्करण। | 26.09.2025 16.10.2025 | 9,35,43,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9255126426 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/39160/I/88/7 दि. 30.09.25

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109


Hero
1.25M
CELEBRATING
125 MILLION CUSTOMERS
हीरो का स्कूटर
स्कूटर का हीरो
SCAN TO WATCH OUR
NEW HERO DESTINI FILM
THE ALL NEW
Destini
125
बड़े और चौड़े एलॉय व्हील्स
प्रीमियम क्रोम एक्सेंट्स
बड़ी और आरामदायक सीट 785mm
बेस्ट-इन क्लास माइलेज#
सेगमेंट में पहली बार ऑटो-कैंसल विंकर्स
पुराना एक्स-शोरूम ₹82 266** से शुरू
GST बेनिफिट्स ₹6 428**
नया एक्स-शोरूम ₹75 838** से शुरू
सीमित समय ऑफ़र
प्रतिदिन की EMI ₹75$ से शुरू
डाउन पेमेंट ₹1999$ से शुरू
इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000$ तक
HDFC BANK FESTIVE TREATS क्रेडिट कार्ड
Powered by pine labs
INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY*
*Conditions apply
Hero GoodLife
जीतने का मौका
100% कैशबैक | 24 कैरेट सोने का सिक्का
और भी बहुत सुनिश्चित बेनिफिट्स*
Also available on
Flipkart amazon.in
Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. **Ex-showroom price of Destini 125 in Delhi and may change without any prior notice. $Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships. #Based on the testing report of govt. Certified agency. Actual mileage may vary as per riding conditions. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. *T&C apply.
TOLL FREE
1800 266 0018
Authorised Dealers: South Delhi:Lajpat Nagar: Sapphire Hero- 9289923175, Pashupati HeroAdchini (Main Mehrauli Road)- 9289922381, Singla HeroPulPrahladpurBadarpur- 9289922771, Okhla Phase II: ARC Hero-9289922461, East Delhi:Durgapuri(Loni Road, Shahadra):Himgiri Hero- 9289922380, PushtaKartar Nagar: Aman Hero- 9289922735, Dilshad Garden: RK Hero- 9289923010, PatparganjPandav Nagar:SinglaAutoneeds Hero- 9289923222, North Delhi:Azadpur: ShramanHero- 9289923185, Pitampura:Shraman Hero – 9289924252,Rithala (Rohini): Metro Hero- 9289922597,BudhVihar:JMD Autoworld Hero- 9289924188, Central Delhi:Karol Bagh(Faiz Road):EssAay Hero- 9289922382, Upper India Hero- 9289924343, West Delhi:Roshan Vihar (Najafgarh):Avni Hero- 9289922671, PaschimVihar (Peeragarhi):Shivganga Hero-9289922796, PalamDabri Road (Dwarka):Singla Hero- 9289922530, Tilak Nagar: Khanna Hero- 9289922383, Bali Nagar: Khanna Hero- 9289924309, Nawada: Khanna Hero- 9289924310.Ghaziabad: Globe Hero- Meerut, Delhi Road- 9289922073, Aman Hero- Shiv Puri, Vijay Nagar- 9289232123;Sahibabad:Sahib Hero- 9289922486; Noida: Dhansri Hero, H-206A, Sector 63- 9289923044, Uppal Hero (B 124, Sector-5)- 9289922462, Singla Hero (C-70, Sector-58)- 9289923059; BulandShahr: Shri Durga Hero, Delhi Road- 9289922504, Krishna Hero, RajeBabu Road- 9289922410, Hapur: Globe Hero- 9289923209,Gurugram: Globe Agencies, Sec–18, Noble Enclave- 9289233915, Himgiri Hero- 9289923046, Sharma Hero, Basai Road Sector 11- 9289923221, Autoneeds Hero- 9289922051, Jasodha Hero- 9289922495, Himgiri Hero (Wazirabad)- 9289924247, Himgiri Hero (Railway Road)- 9289924248;Sohna:Auto Links Hero, No. 160/2 Delhi Road- 9289924089; Faridabad:Sehgal Hero- 9289922419, Sehgal Hero, NIT- 7217627327.
RS/Hero/09/25